8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी 09:11 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

रविवार, 8 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 196, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ रसोई गैस 60 वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा पेट्रोल-डीजल स्थिर - 12



■ ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश - 12



■ विदेश मंत्री बोले- न किसी की गलती न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत - 13



■ भारत के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका - 14

# ईरान ने जॉर्डन में अमेरिका का डिफेंस सिस्टम उड़ाया, यूएई-सऊदी पर हमले

## ईरानी राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, अमेरिका ने तेहरान में किए विस्फोट

- ट्रंप ने कहा- युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को बनाया जाएगा निशाना

दुबई, एजेंसी



तेहरान के प्रमुख मेहराबाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद लगी आग। इनसेट : जार्डन में तबाह अमेरिकी डिफेंस।

ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान ने यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम को निशाना बनाया जिसमें जॉर्डन का डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया।

वहीं, क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इजराइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नई मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है। ईरान के हमलों के बाद बहरीन में शनिवार सुबह सायरन बजे। सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने विशाल शायबह तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे ड्रोन नष्ट कर दिए और प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के अनुसार, रूस ने ईरान को ऐसी जानकारी दी है जिससे वह क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों, विमानों और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान से फोन पर बात कर खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई।

### ईरान ने अमेरिका की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ठुकरायी

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्रीय देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले सैन्य अधिकारियों के बीच सूचनाओं के गलत संचार के कारण हुए थे। उनका यह बयान उस समय प्रसारित हुआ जब शनिवार सुबह बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बार-बार हमले किए गए।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान पर बहुत जबरदस्त प्रहार किया जाएगा

**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जाएगा और ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जाएगा। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट ट्रुथ सोशल पर ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने तेहरान के हमलों को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा पड़ोसी देशों से माफी मांगने का जिक्र किया। ट्रंप ने लिखा, ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और लोगों के समूहों को भी निशाना बनाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया था।

# एसआईआर में दावे व आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 85.5 प्रतिशत मतदाताओं के दावों की हुई सुनवाई, शेष 27 मार्च तक हो जाएगा पूर्ण

**12,55,56,025** मतदाता सूची में कुल मतदाता

**6,88,43,159** (54.83%) पुरुष मतदाताओं की संख्या

**5,67,08,747** (45.17%) महिला मतदाताओं की संख्या

**4,119** (0.01%) तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निवार्चन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। इस दौरान 6 मार्च 2026 तक 5,621 स्थानों से प्राप्त आपत्तियों में 85.5 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है। शेष मामलों की सुनवाई 27 मार्च 2026 तक पूरी हो जाएंगी।

मुख्य निवार्चन अधिकारी, उप्र. शनिवार को लोकभवन में एसआईआर को लेकर प्रेस कार्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को दो बार समय बढ़ाकर लगभग दो महीने तक चलाया गया। इस दौरान छह मार्च तक आए आवेदन से कुल 44,952 मतदाताओं के नाम फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इनमें से 37,132 मतदाताओं ने स्वयं फार्म-7 भरा था, क्योंकि वे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके थे। नवदीप रिणवा ने यह बताया कि 7,820 आपत्तियां अन्य व्यक्तियों ने दर्ज कराई थीं, जिनमें पांच हजार मतदाता मृतक पाए गए, उन्हें मतदाता सूची से हटाया गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 3.25 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी की गई थी। जिनमें से 3.06 करोड़ नोटिस मतदाताओं को प्राप्त भी कराए गए।

उन्होंने बताया कि नामों में संशोधन और प्रवासी मतदाताओं से संबंधित फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-6ए के तहत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। नए मतदाता के लिए 86,69,073 फार्म-6 प्राप्त हुए, नाम हटाने के लिए 3,18,140 फार्म -7 और दावा-आपत्तियों के 70,69,710 फार्म प्राप्त हुए हैं। रिणवा ने यह भी बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आने वाले दावे व आपत्तियों में सभी को नोटिस तैयार हो चुकी है, इनमें 93.8 प्रतिशत को नोटिस वितरित की जा चुकी है। सुनवाई के लिए 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लगाया गया है। जोकि 5,621 केंद्रों पर नोटिस सुनवाई करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान मिलान न कराने वाले मतदाताओं की कुल संख्या 1.04 करोड़ है, तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं की संख्या 2.22 करोड़ है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकसित भारत का आधार नारी शक्ति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर में भरा धुआं
- कार्यक्रम में शामिल होने सड़क मार्ग से गंतव्य पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को बाल-बाल बच गए। उन्हें लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। धुआं देखते ही, पायलट ने लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करा दी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से कौशांबी पहुंचे।

उप मुख्यमंत्री को शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे कौशांबी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। राजधानी स्थित लामार्ट्स कॉलेज ग्राउंड से हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते ही तकनीकी समस्या आने और धुआं दिखाई देने पर पायलट ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत एयरपोर्ट पर वापस लाकर सुरक्षित लैंडिंग कराई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। बताया जा रहा है कि तकनीकी टीम हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच कर रही है।

## लेखपाल भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा लेखपाल के 7,994 पदों के लिए मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई 2026 (गुरुवार) को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। पीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए 3,66,712 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें एक पद के लिए लगभग 46 दावेदार हैं। 7994 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 3.60 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। लेखपाल भर्ती मुख्य परीक्षा 21 मई, 2026 को एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित कटऑफ क्लियर की है व आयोग ने उन्हें अर्ह घोषित किया है वही मुख्य परीक्षा के लिए योग्य होंगे।

# पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी प्रेरणास्रोत : योगी



लखनऊ में लोकभवन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद गणमान्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लोकभवन में अर्पित की श्रद्धांजलि
- कहा- दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत देश के महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता और सुयोग्य प्रशासक थे। उनके कार्य आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में देश के पूर्व गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई, जिसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। सीएम योगी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने वकालत का पेशा छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ष 1957 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में आग, चार महिलाओं की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिंद जिले में शनिवार को एक गुलाल निर्माण इकाई में आग लगने से चार महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आग कारखाने के प्रवेश द्वार पर लगी और उसके बाद धुआं फैक्टरी के अंदर फैल गया। यह फैक्टरी सफीदों की भाट कॉलोनी के एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है। कुछ मजदूरों ने अपनी जान बचाने के लिए कारखाने की छत से छलांग लगा दी। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से जलती फैक्टरी से श्रमिकों को बचाने के लिए एक चारदीवारी तोड़ दी। जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने से चार महिला कामगारों की मौत हो गई। इनमें से तीन की उम्र लगभग 50 वर्ष, जबकि चौथी महिला 36 वर्ष की थी।

### हैदराबाद में 130 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के समक्ष शनिवार को 130 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण प्रक्रिया के तहत, माओवादियों ने एके-47 राइफलों समेत 124 आग्नेयास्त्र और 5,200 से अधिक कारतूस सौंपे, जो हाल के समय में देश में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) द्वारा आत्मसमर्पण किए गए हथियारों की गुणवत्ता और संख्या के मामले में सबसे अधिक है। तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 130 माओवादियों में से 125 छत्तीसगढ़ के, चार तेलंगाना के और एक आंध्र प्रदेश से है।

## रैपर व सिंगर बादशाह के खिलाफ मामला दर्ज, लुकआउट नोटिस जारी करेगी पुलिस

- हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों के रिलीज पर बादशाह ने वीडियो जारी कर माफी मांगी

**चंडीगढ़।** रैपर-संगीतकार बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किये जाने के एक दिन बाद पुलिस ने संगीतकार (बादशाह) को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने नए गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने बादशाह को तत्काल पेश होने को लेकर नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि बादशाह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कई पुलिस टीम गठित की गई हैं।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, रेल यातायात प्रभावित

कटनी (मप्र), एजेंसी



- मप्र के कटनी में छह डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेनों के रूट बदले
- रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर किया गया शुरू

मध्यप्रदेश के कटनी जिले में शनिवार को कोयला लदी एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस व्यस्त रेलमार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और कई रेलगाड़ियों का मार्ग बदलना पड़ा। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) सेक्शन में रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए जबलपुर से एक टीम मौके पर पहुंची है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे एनकेजे क्षेत्र में 'ए केबिन' के पास हुआ, जिससे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से जुड़े मार्गों पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कटनी क्षेत्र प्रबंधक रोहित सिंह ने बताया कि कोयला लदी यह मालगाड़ी बिलासपुर से पश्चिम बड़ौदा जा रही थी, तभी इसके छह डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन शुरू किया। कि बिलासपुर की ओर जाने वाला रेल यातायात प्रभावित हुआ है। चार रेलगाड़ियों का मार्ग बदला गया है, जबकि दो को शॉर्ट टर्मिनेट और दो को शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है। रेलगाड़ी के निर्धारित गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही किसी अन्य स्टेशन पर यात्रा समाप्त कर देने को शॉर्ट टर्मिनेट कहा जाता है।

# एसबीआई का महिलाओं को 4597 करोड़ के सामाजिक ऋण का तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- लैंगिक अंतर को कम करने के लिए बैंक ने दिखाई प्रतिबद्धता

एसबीआई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 4597 करोड़ रुपये की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की।

बैंक ने कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्तपोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है और लैंगिक अंतर को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 - लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना में सार्थक योगदान देता है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा, इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम सतत विकास की आधारशिला के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

**संदेश** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने कहा– महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव

# शिक्षित और सशक्त महिलाएं राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

शनिवार को जारी एक संदेश में राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि युवा महिलाएं एक नए भारत के सपनों को आकार दे रही हैं, और उन्हें उचित अवसरों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर मिलें और वे अपनी क्षमताओं के आधार पर आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त कर सकें। मुर्मू ने महिला दिवस के सफल आयोजन और सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताजमहल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# यूपी बना विश्वास का प्रतीक यही सबसे बड़ी पूंजी : योगी

## आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण, निजी क्षेत्र से मेडिकल कॉलेज खोलने की अपील



आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद परिसर का निरीक्षण कर जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज, सरकार और संस्थाएं एक दिशा में मिलकर काम करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। आज उत्तर प्रदेश विश्वास का प्रतीक बन चुका है और यही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सस्ती, सुलभ व विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार और समाज मिलकर काम करते हैं तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। उन्होंने यथार्थ ग्रुप से किसी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' का बोलबाला था, लेकिन अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो एम्स-रायबरेली और गोरखपुर में संचालित हो रहे हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर और एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, संत विजय कौशल महाराज, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### 10 करोड़ होंगे आयुष्मान कार्ड धारक

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। इसके अलावा हर जिले में मुफ्त डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत कई आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी से बदला पढ़ाई का तरीका

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। लगभग 16 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्मार्ट टीवी स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ा गया है। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र, प्ले स्कूल जैसी सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में स्मार्ट टीवी स्थापित किये जा रहे हैं, बच्चों को कहानियों, पहेलियों, कार्टून और एनिमेशन के माध्यम से डिजिटल सामग्री दिखाई जा रही है। इसके जरिए छोटे बच्चे खेल खेल में अक्षर ज्ञान, गिनती और रंगों की पहचान करना सीख रहे हैं।

### 12 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5.549 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर अयनुद्दीन के अनुसार सूचना मिली थी कि चौक इलाके में हेरोइन की डिलीवरी होने वाली है। इसके बाद एएनटीएफ ने चौक पुलिस के साथ मिलकर आगाबाकर इमामबाड़ा के सामने खाली मैदान में चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान बाराबंकी के जैदपुर निवासी मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है, जो फिलहाल न्यू हैदरगंज में रह रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि कैंपबेल रोड का एक व्यक्ति उसे कम कीमत पर हेरोइन उपलब्ध कराता था, जिसे वह पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और आम उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मैंगो बैग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रूफ टॉप गार्डेनिंग और राजमार्गों के किनारे पौधरोपण को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उद्यान मंत्री, शनिवार को अपने सरकारी आवास पर औद्यानिक विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

# बुंदेलखंड में 24 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीडा क्षेत्र में बड़े निवेश की राह साफ, रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होने से बड़े निवेश और उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

बीडा के 33 गांवों में कुल लगभग 56,662 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है। इसमें पहले चरण में 35,298 एकड़ और दूसरे चरण में 21,364 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। अब तक करीब 24,201 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जिससे औद्योगिक परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया चल रही है।

सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश आकर्षित करने और उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि उपलब्ध होने से निवेशकों की रुचि भी क्षेत्र में बढ़ रही है।

बीडा क्षेत्र को दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जोड़ने की भी योजना है। इसके तहत करीब 300 एकड़ भूमि पर नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बुंदेलखंड देश के प्रमुख औद्योगिक नेटवर्क से जुड़ सकेगा।

इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में भी निवेश की तैयारी की जा रही है। करीब 250 एकड़ भूमि पर बैटल टैंक के मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र तथा कॉम्बैट व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन औद्योगिक परियोजनाओं के शुरू होने से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# मंच पर प्रतिभा दिखाएंगे 75 जिलों के 850 बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक' थीम पर बाल उत्सव, 23 बालिकाओं को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों से चयनित लगभग 850 बच्चे राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ बालिकाओं के सशक्तिकरण की झलक भी देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान खेल, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 23 बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में राज्य स्तरीय बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 45,656 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय और 1129 पीएम-श्री विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होगा।

आयोजन स्थल पर 22 विषयगत स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास, अभिभावक सहभागिता और करियर परामर्श से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालयों में संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, मीना मंच और सेल्फ-एस्टीम जैसे कार्यक्रमों से विकसित हो रहे बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व की झलक भी देखने को मिलेगी।

बाल उत्सव की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में 75 जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, इसके बाद 18 मंडलों में मंडलीय स्तर पर प्रतिभाओं का चयन किया गया। इन दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जगह बनाई है। कार्यक्रम में चयनित बच्चे नाटक, नृत्य, गीत, योग और संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# कम वसूली पर 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आबकारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** आबकारी एवं मध्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कम राजस्व वसूली वाले 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कम वसूली वाले जिलों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बरेली शामिल हैं।

आबकारी मंत्री शनिवार को गन्ना संस्थान, डालीबाग में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध शराब, कच्ची, मिलावटी और चोरी की मदिरा पर पूरी तरह रोक लगाने को कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की बात कही है। साथ ही कहा कि किसी भी जिले में शराब की ओवररेटिंग या उद्योगों के संचालन में अनावश्यक बाधा की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजनौर में मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ कथित गैर-जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई के मामले में वहां के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष फरवरी तक 50,585 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 7,756.36 करोड़ रुपये अधिक है। फरवरी 2026 में ही 6,635.79 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 134.65 प्रतिशत अधिक है।

# ब्रजमंडल के समग्र विकास को 300 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक
- ब्रज की परंपरा और आस्था का सम्मान करते हुए होगा ब्रज क्षेत्र का विकास : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि परम्परा और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ब्रज क्षेत्र की पहचान और अधिक सुदृढ़ हो तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

मुख्यमंत्री योगी, शनिवार को वृंदावन में उप्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लगभग 300 करोड़ रुपये के कार्यों को अनुमोदित किया गया। ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास, तीर्थ स्थलों के संरक्षण तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।



गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर के सभागार में संपन्न बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, ब्रज तीर्थ विकास परिषद तथा जिला प्रशासन को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि अथवा भूमि मूल्य से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्रज की 84 कोस परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में गोवर्धन, मथुरा और वृंदावन में पार्किंग, टीपीओ तथा अन्य जनसुविधाओं को विकसित करने के लिए चिन्हित भूमि पर पीपीपी मॉडल के तहत कार्य कराने का निर्णय लिया गया। छाता क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर म्यूजियम के लिए चिन्हित भूमि को सिंचाई विभाग से परिषद को हस्तांतरित कराने के निर्देश भी दिए।

यमुना रिवरफ्रंट परियोजना के अंतर्गत मथुरा से वृंदावन के बीच जलमार्ग विकसित कर पीपीपी मॉडल पर क्रूज और नौका संचालन की योजना पर भी सहमति बनी। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परिषद द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के बजट में किसी प्रकार की कटौती न की जाए और उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। जल निगम और नगर निगम द्वारा एसटीपी, एसपीएस तथा पंपिंग स्टेशन के निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कर यमुना नदी में प्रदूषण कम करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने मथुरा, वृंदावन सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डोनेशन मैनेजमेंट डिजिटल सिस्टम का शुभारंभ किया।

# सपा को बदनाम करने वाले गाने के खिलाफ कराएंगे एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख बोले- भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सपा को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया है। पार्टी की तरफ से उस गाने पर एफआईआर लिखाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गारंटी है कि बदनाम करने वाले गाने पर कार्रवाई नहीं होगी।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। यह सरकार टैक्स लगाकर मंहगाई बढ़ाती जा रही है। आज ही एलपीजी गैस के दाम 60 रुपये बढ़ गये हैं। किसी चीज की मंहगाई एक बार बढ़ जाती है तो वह कम नहीं होती है। जबकि भाजपाईयों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि मजबूरी में दाम बढ़ा रहे हैं, बाद में कम कर दिए जाएंगे। आज तक दावा पूरा नहीं हुआ है।



सपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह व अन्य नेता। अमृत विचार

चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है। अगर सपा ने इतना शोर न मचाया होता तो भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट कटवाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग बताए कि इतनी बड़ी संख्या में प्रिन्टेड फार्म-7 कहां से आए थे। चुनाव आयोग ने इन मामलों की जांच भी नहीं की।

सपा प्रमुख ने जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर आये एक व्यक्ति की मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील लोगों ने उससे पूछा तक नहीं है। शंकराचार्य मामले में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य एक संस्था और विचार है। भाजपा सरकार ने उन्हें जिस तरह से अपमानित किया गया और झूठे आरोप लगाए गए, उससे सनातन धर्म बदनाम किया गया।

# एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य: केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ कौशांबी

- कौशांबी में सरस मेला व सरस महोत्सव का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा (कौशांबी) में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, कपड़े और अन्य घरेलू उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में जिले में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश में छह करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम कौशांबी जिले में करीब 1.54 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इनमें से 10,864 महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्या ने महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।



केशव प्रसाद मौर्य

## महिला दिवस पर विशेष

### प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय

# 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे महिला स्टार्टअप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक व हेल्थकेयर में बढ़ी भागीदारी
- 25 स्टार्टअप्स को निधि योजना से सहायता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता का तेजी से विस्तार देखने को मिल रहा है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनकी संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के जरिए अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे महिलाएं अपने व्यावसायिक विचारों को सफल उद्यम में बदलने में सक्षम हो रही हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, महिला स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या प्रदेश की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है।



भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'निधि' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन्स) योजना के तहत भी महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला संचालित स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी के अनुसार, शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता नए उद्यमों को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

योगी सरकार द्वारा स्थापित 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड से भी महिला उद्यमियों को सहयोग मिल रहा है। इस फंड से अब तक करीब 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को मिला है।

# प्रदेश की बेटियों को मिले आगे बढ़ने के नए अवसर

## पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं के जरिए प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिले हैं। सरकार का दावा है कि अब प्रदेश में महिलाएं दिन हो या रात, भयमुक्त होकर स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों तक आ-जा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020 में शुरू किया गया मिशन शक्ति अभियान सफल साबित हुआ है। इसके तहत प्रदेश में 1694 एंटी रोमियो स्क्वायड सक्रिय हैं, जिन्होंने अब तक 1.18 करोड़ से अधिक सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग की और 4.52 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की है। इस दौरान 24,871 मुकदमे दर्ज किए गए और 33,268 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.78 लाख बालिकाओं को लाभ मिला है, जबकि निराश्रित महिला पेंशन योजना से 38.58 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक 2.39 लाख महिलाओं को सहायता दी जा चुकी है और 181 महिला हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मदद मिली है।

### सुरक्षा के लिए थानों में महिला हेल्प डेस्क

महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में संस्थागत ढांचे को भी सुदृढ़ किया गया है। राज्य में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती की जा चुकी है और सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

### आधुनिक रोजगार से हो रहीं आत्मनिर्भर

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कौशल विकास और रोजगार पर भी विशेष जोर दिया गया है। उप्र. स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत युवतियों को आईटी, हेल्थकेयर, फैशन डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी एंड वेलनेस समेत करीब 35 सेक्टरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक रोजगार के अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 9.11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 99 लाख से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा गया है। लखपति महिला योजना के तहत 33 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है, जिनमें से 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक-कंचौसी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी झींझक पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। जनपद औरैया के थाना सहायल निवासी राजेश 40 वर्ष पुत्र अग्नू सहायल से बाइक द्वारा अपनी बहन के घर झींझक आ रहा था। देर शाम सरदारपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मृतक की पहचान राजेश के रूप में की। परिजनों के अनुसार राजेश के तीन बेटियां रश्मी, काके और अंजली तथा एक बेटा अंकुश है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के मझपटिया गांव में घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मझपटिया निवासी सतीना ने बताया कि पांच मार्च की शाम मोहल्ले की महिला से बकरियों के पीछे कहासुनी हो रही थी। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले जितेंद्र, धर्मेंद्र, अमित, विकास रेनू एक साथ लाठी-डंडा धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और मारपीट की। मारपीट के दौरान दंपति सतीना, व उसके बच्चे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही पड़ोस के रहने वाले आशीष दंपति को बचाने आए तो हमलावरों ने आशीष के ऊपर जानलेवा हमला बोलकर खून से लहूलुहान कर दिया। पड़ोस में बैठे कुछ गांव के लोगों ने शोरगुल आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे तो देखा कि हमलावर एक साथ तीन लोगों को पीट रहे हैं। गांव के लोगों ने जब आवाज दी तो दबंग लोग छत की तरफ से कुछ लोग दरवाजे की तरफ से भाग निकले। थानाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो गया है।

### सात लोगों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** सिठऊ मताना निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही सात लोगों के विरुद्ध गुंडागर्दी एवं आतंक के बल पर लोहे की रात बेलचा खुरपी आदि से लैस होकर घर में घुसकर उसके भाई-बहन की पत्नी एवं पुत्री के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रामनारायण ने बताया कि पांच मार्च को दिन में लगभग दो बजे गांव के ही भगवानदीन, उसका पुत्र शिवम, पुत्री सोनी व मोनी , पत्नी चंदा सखी, कल्लू व ललित की पत्नी लोहे की राड, बेल्चा ,खुरपी आदि लेकर गुंडागर्दी व आतंक के बल पर घर में घुस आए और उसके भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने लगे। इन लोगों ने बचाव में आई उनकी पुत्री शिवानी, पाठक उर्फ वैष्णवी के साथ मारपीट करते हुए छीना झपटी की।

### सड़क हादसे में मौत की रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** थाना पुरवा निवासी एक व्यक्ति ने दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में उसके भतीजे की मौके पर मौत हो जाने और बाइक क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। थाना पुरवा निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया की एक मार्च को दिन में लगभग 11.30 बजे उसका भतीजा अनुज कुमार पुत्र प्रेमचंद उर्फ पिंटू अपने साथी अनुज कुमार पुत्र अनिल कुमार के साथ बाइक से रिश्तेदारी जा रहा था। मेघ जल मोड़ के समीप नियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे बाइक के चालक द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई जिससे उसके भतीजे अनुज कुमार की मौके पर मौत हो गई।

### मेघजाल मोड़ पर हुई दुर्घटना की एफआईआर

**रसूलाबाद।** मेघजाल मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में मौके युवक की मौत हो जाने के मामले में मृतक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कसमड़ा निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि गत एक मार्च को उसका पुत्र अमित कुमार बाइक से रसूलाबाद जा रहा था। मेघ जाल मोड़ के पास सामने से आ रहे मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसके पुत्र की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई और पीछे बैठा मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया एवं बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# आप की तरह बड़ा पुलिस अफसर बनना चाहते हैं मैम

सच्चिदानंद मिश्रा, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने वहां आई दो बालिकाओं से मुलाकात की। उनकी बात सुनी। बालिकाओं ने बताया कि वह पढ़ लिखकर पुलिस अधिकारी बनना चाहती हैं। इस पर एसपी ने उनकी पीठ ठोंकी और मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहत दी।

सगी बहनें, सलोनी और सोनल अपने परिजनों के साथ आई थीं। उन्होंने एसपी को फूलों की माला पहनाने की इच्छा व्यक्त जाहिर। परिजन हिचकिचाए मगर तब तक एसपी ने बच्चियों की इच्छा भांप ली। खुद बुलाया। इसके बाद मालाएं उन्ही को पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। बालिकाओं से पूछा, बड़ी होकर क्या बनना चाहोगी, बच्चियां बोलीं, पुलिस अधिकारी बनेंगे। बालिकाओं की बात सुनकर पुलिस अधीक्षक उन्हें चॉकलेट भेंट की। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनका सपना सराहनीय है।



सलोनी और उसकी बहन सोनल का उत्साह वर्धन करतीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय।

पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं को लगन, मेहनत और अच्छी शिक्षा के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मौजूद अन्य लोगों ने भी इस मुलाकात की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने दोनों बालिकाओं को भविष्य में पुलिस सेवा में आने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### संपूर्ण समाधान दिवसः भूमि विवाद संबन्धी मामलों का अंबार

**रसूलाबाद।** महीने के प्रथम शनिवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायती भूमि संबंधी विवाद के आए। साबित हुआ कि क्षेत्र में भूमि विवाद लोगों की प्रमुख समस्या बने हुए है। डीएम में आए हुए फरियादियों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में उनके निस्तारण के लिए निर्देश दिए।इस अवसर पर आए हुए शिकायत कर्ताओं में बारनपुर कहिंजरी निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह ने लाला भगत गांव में उनकी पैतृक जमीन गाटा संख्या 168 रकबा .8330 की मेड़ तोड़कर मिट्टी बेचने और मेले में अवैध वसूली का आरोप ग्राम प्रधान एवं के समर्थकों पर लगाकर इसकी शिकायत की। गदाईपुर निवासी शिव सिंह पुत्र सूरत प्रसाद ने सहकारी समिति के सचिव संजीव कुमार पर वर्ष 2013 अप्रैल में उसके द्वारा लिया गया 5000 का लोन 12 मई 2015 को अदा कर दिए जाने और सचिव द्वारा नो ड्यूज का प्रमाण पत्र ले लिए जाने के बावजूद दोबारा वसूली का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मलखानपुर निवासी मिथिलेश कुमारी पत्नी शेरचंद ने आंगनबाड़ी निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत की है। वहीं सिसाही निवासी सुनीता पत्नी रूप सिंह ने आरोप लगाया कि 4 मार्च को पड़ोसी राकेश उसके पुत्रों मनीष व उमेश व भाई अरविंद ने उनके और उनके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।इसके अतिरिक्त, पलिया बांसखेड़ा निवासी गोविंद पुत्र बेचेलाल ने बिजली-पानी कनेक्शन दिलाने की मांग की, जबकि अन्य फरियादियों ने भूमि विवाद और अतिक्रमण संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी ने इन सभी मामलों में भी जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 151 फरियादी आए इनमें पांच की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। अन्य फरियादियों में 68 राजस्व से संबंधित ,पुलिस से 25 और विकास के 19 फरियादी आए। इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों में पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय , अतिरिक्त जिला वन प्रभारी डॉक्टर अपूर्वा पांडेय समेतकई अधिकारी मौजूद रहे।

### मैथा में 38 शिकायतें सिर्फ 4 का निस्तारण

**शिवली।** मैथा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता मे किया गया। शनिवार को मैथा तहसील में एसडीएम राजकुमार पांडेय ने तहसीलदार सुनील कुमार के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई। चार का निस्तारण हुआ।

इसमें राजस्व विभाग की 16 नगर पंचायत शिवली की दो पुलिस विभाग की पांच विद्युत की आठ खंड विकास की सात शिकायतें प्राप्त हुई। राजस्व विभाग की दो व खंड विकास की दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त समस्याओं के ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें।

# डंपर ने बाइक में टक्कर मारी, एक की हुई मौत

## जल्लापुर सिकंदरा गांव के पास हुआ हादसा, साथी हुआ घायल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** राजपुर थाना क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा गांव के सामने मुगल मार्ग पर बालू से लदे डंपर ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक सवार एक अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों की मदद से स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद डाक्टरों ने घायल को चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा गांव के पास हुआ। बालू से लदे डंपर ने एक बाइक पर जा रहे दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गजनेर थाना क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी मेवालाल 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। हादसे में सट्टी थाना क्षेत्र के पचलख गांव निवासी श्याम स्वरूप शर्मा 45 वर्ष पुत्र धनीराम शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को राजपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने घायल की चिन्ता जनक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



हादसे के बाद शोकाकुल मेवालाल के घर की महिलाएं। अमृत विचार

- हादसे के बाद मौके से फरार हुए डंपर के चालक और खलासी

हादसे के बारे में खबर लगने पर मेवालाल की बहन सियादुलारी बदहवाश सी हो गई। दूसरी तरफ, परिजनों में कोहराम मच गया। घायल श्याम स्वरूप शर्मा के बारे में बताया गया कि वह अखबार के हॉकर हैं। हालत नाजुक होने से उनके परिजनों में उदासी छा गई है। हादसे के बाद डंपर के चालक तथा खलासी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया।

### साइबर अपराधी के बारे में पुलिस को दें जानकारी

**रसूलाबाद ।** वर्तमान समय में साइबर अपराध के जरिए अपराधी गांव में रहने वाले लोगों को बहुत ठग रहे हैं इन स्थितियों में कोई भी ग्रामीण फोन आने पर यदि कोई अपने को पुलिस वाला बताकर उन्हें धमकाए तो आप लोग डरे नहीं। किसी प्रकार के दबाव में न आए और इसकी सूचना पुलिस को दें।

यह बात पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने नार खुर्द चौकी में चौपाल के दौरान लोगों से कहीं। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याएं पूछी किंतु ग्रामीणों ने कोई शिकायत नहीं की तब उन्होंने साइबर अपराध के समय के संबंध में लोगों को जागरूक किया और उन्होंने बताया कि फोन पर अपने को पुलिस बताने वाले किसी व्यक्ति से डरे नहीं और उसके दबाव में अपने खाते से कोई पैसा उसे न दें। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी।इस अवसर पर सीओ आलोक चौधरी, थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह, एसएसआई राम सिंह, चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# होली पर घर आए युवक ने लगाई फांसी, थम गई सांसें

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के रानाइटहा गांव में होली पर्व पर घर आए एक 18 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर तालाब के किनारे खड़े नीम के पेड़ में अंगौछे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वह रात से ही अपने घर से गया था। मृतक दिल्ली में अपने छोटे भाई के साथ मजदूरी करता था। उसका दिल्ली जाने का मन नहीं था। इसलिए वह उसरी बस स्टैंड से रात में ही वापस चला आया और रात भर गायब रहा। सुबह 8 बजे गांव के बाहर नीम के पेड़ पर लोगों ने उसे फांसी पर लटके देखा। तब इसकी सूचना घर वालों को दी उसकी मौत की सूचना पर उसके घर में कोहराम मच गया है। घर वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है।



मनजीत।

रानाइटहा निवासी मनजीत कुमार 18 पुत्र अजय कुमार बाथम दिल्ली में अपने छोटे भाई अर्पित व गांव के अन्य लोगों के साथ मजदूरी करता था। वह होली पर अपने भाई के सहित घर आया था। शुक्रवार को दिल्ली जाने के लिए वह उसरी बस स्टैंड पर गया किंतु उसका दिल्ली जाने का मन नहीं था इसलिए वह घर लौट आया और रात में ही घर से गायब हो गया। घर वाले उसकी खोजबीन करते रहे। उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। सुबह आठ बजे गांव के बाहर तालाब की मेड़ पर खड़े एक नीम के पेड़ पर उसका शव फांसी पर लटकते ग्रामीणों ने देखा तो उसके घर पर सूचना दी। उसने अंगौछे के दो टुकड़े कर उससे फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।



घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

उसकी असामायिक मौत पर उसके पिता अजय कुमार बाथम मां उर्मिला , छोटे भाई अर्पित व निहाल का रो रो कर बुरा हाल है। भाई की मृत्यु की सूचना पाकर छोटा भाई अर्पित दिल्ली से वापस आ रहा है।इसकी सूचना उसके पिता ने यूपी 112 डायल कर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर उप निरीक्षक उदयभान पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। मृतक का मोबाइल अभी नहीं मिला है। समझा जाता है वह तालाब में भी गिर सकता है या कहीं और कोई ले गया हो।

### अवैध तमंचों-कारतूसों के साथ दो युवक गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच

**कानपुर देहात।** थाना गजनेर में पुलिस टीम ने दो युवकों को अवैध तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। बकौल पुलिस पकड़े गए युवकों के नाम अजय सिंह उर्फ तनु निवासी ग्राम मानसिंह का पुरवा मजरा दुआरी र व रजत शुक्ला निवासी ग्राम दुआरी थाना गजनेर बताए। पुलिस ने बताया कि अजय सिंह के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस 12 बोर तथा रजत शुक्ला के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को दस साल सजा 15 हजार जुर्माना

**कानपुर देहात।** करीब तीन वर्ष पहले रनियां थाना क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट का फैसला आया है। एडीजे 15 की न्यायालय ने शनिवार को आरोपी शिवम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सचेंडी जनपद कानपुर नगर दोष सिद्ध किया। उसे 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। घटना 25 जून 2023 की है। इस संबन्ध में धारा 376, 377, 328, 504, 506 आईपीसी में मुकदमा कायम किया गया था। जांच के बाद पुलिस ने एक जून 2023 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

# विवाहिता की मौत पर पति, सास, जेठ और जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शिवली कोतवाली क्षेत्र के गहरा चौराहे के पास बीते दिवस नव विवाहिता का घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटका मिला था। मृतका के परिजनों द्वारा बाइक एवं एक लाख रुपये की मांग किए जाने का आरोप लगाकर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

घटना के बाबत थाना चौबेपुर के सरदारपुर गांव निवासी जय गोपाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने सगे साले बृजेश निवासी हृदयपुर गोकुला थाना शिवली की बड़ी पुत्री राधा को अल्पावस्था में गोद लिया था। उसकी शिक्षा दीक्षा देखभाल व

- संदेह जनक हालात में हुई थी मौत, दहेज हत्या का आरोप

शादी विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी उसने निभाई। बीते वर्ष 5 दिसंबर को राधा का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत गोलू उर्फ सुधीर कुशवाहा पुत्र स्व मुन्नू निवासी गहरा शिवराजपुर मार्ग के साथ संपन्न किया था। अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। विवाह के कुछ दिनों के बाद राधा के ससुरालीजन दहेज को लेकर राधा को प्रताड़ित करने लगे व मानसिक शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। आए दिन अपाचे बाइक और एक लाख रुपए नगद की मांग करने लगे। धमकी देते रहे कि मांग न पूरी करने पर जान से मार देंगे।

यह बातें उसकी बेटी ने उसे बताई तो वह अपने साथ अन्य कुछ लोगों को लेकर बेटी के ससुराल जाकर कई बार समझाने का प्रयास किया किंतु उक्त लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आए और बेटी के साथ कई बार मारपीट की। छह मार्च के शाम 4 बजे बेटी के पति ने उसे फोन करके बताया कि उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना मिलते ही बेटी के ससुराल पहुंचा और देखा कि घर के छत के कुंडे में बेटी का शव लटक रहा है। उसके पैर जमीन पर रखे हैं। मृतक के पिता ने आरोप लगाया की बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे। बेटी के पति सुधीर ,सास माया ,जेठ राजेश जेठानी प्रियंका ने एक राय होकर हत्या की है।

**आस्था** | श्री कृपाल सिंह सूबेदार सिंह इंटर कॉलेज में 8 मार्च से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंगलपुर में निकली कलश यात्रा

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** मंगलपुर कस्बे में शनिवार को श्रीमद् देवी भागवत कथा और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया।

मंगलपुर स्थित श्री कृपाल सिंह सूबेदार सिंह इंटर कॉलेज में 8 मार्च से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, 9 मार्च को नवार्ण यज्ञ के बाद श्री गणेश जी, मां दुर्गा जी, राम दरबार, राधा-कृष्ण और हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। कलश यात्रा से पूर्व, मंत्रोच्चार के साथ पूजित कलशों को आचार्य मंच के पास स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

- कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 :30 बजे तक चलेगी

इसके बाद, श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर डीजे और भक्ति गीतों की धुन पर गाजे-बाजे के साथ विशाल यात्रा निकाली।

यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न देवस्थानों तक पहुंची, जहाँ क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की गई। आयोजक अनिल सिंह चौहान ने बताया कि कथा का शुभारंभ 8 मार्च से होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगी, जिसमें कथावाचक पंडित रामजीवन शुक्ला श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समापन 14 मार्च को होगा और 15 मार्च को हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु, महिलाएं और युवा शामिल हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान मौत

बिल्हौर। ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की होली के दिन पेट में दर्द होने से अचानक हालत बिगड़ गई। पारिवारिक जनों ने किशोरी को कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर शनिवार को किशोरी की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने हंगामा किया। इसपर अस्पताल के प्रबंध तंत्र ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी के परिजनों को समझा बुझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं सूत्रों की मानें तो होली के दिन ही घर में विवाद हुआ था इसके बाद किशोरी को चोट लगी थी। उपचार के लिए कल्याणपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

### चार पहिया वाहन चोरी

हमीरपुर। झलोखर गांव से बीती रात घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी बृजेश कुमार थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को रात में उनकी गाड़ी ईको स्पोर्ट को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। इसकी खोजबीन की है। लेकिन कहीं इसका पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम के सामने लगा शिकायतों का अंबार

## तहसील दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं, 22 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, घाटमपुर


घाटमपुर में महिला की शिकायत सुनते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार


बिल्हौर में फरियादियों की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। तहसील के सभागार कक्ष में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनने को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह तमाम अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। डीएम के मौजूद रहने की खबर पर फरियादियों की अच्छी खासी भीड़ पहुंच गई। उनके सामने राजस्व विभाग की 105, पुलिस विभाग की 48, विकास विभाग की 39, नगर पालिका की 15, विद्युत विभाग की 17, आपूर्ति विभाग की 18, समाज कल्याण विभाग की 8, श्रम विभाग की 5, वन विभाग की 3, स्वास्थ्य विभाग की 8, मत्स्य विभाग की 6, दिव्यांगजन विभाग की 4, पीडी विभाग की 2, एआर कॉरपोरेटिव विभाग की 2, लोक निर्माण विभाग की 2, जल निगम विभाग की 6 शिकायतों समेत कुल 288 शिकायतें आईं जिनमें 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष बची शिकायतों का जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कराया जाये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी, एसडीएम अविचल प्रताप सिंह, तहसीलदार डॉ. अंकिता पाठक, एसीपी कृष्णकांत यादव, घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट अधिशाषी अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार, चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह रहे।

### बिल्हौर में राजस्व विभाग की शिकायतों की रही भरमार

बिल्हौर। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर बिल्हौर ब्लॉक के सभागार में आयोजित हुए तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी न्यायिक महेश प्रसाद उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित की अगुवाई में शिकायतों का निस्तारण किया गया। यहां पर कुल 68 शिकायतों का पंजीकरण हुआ और इनमें से मात्र चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं अधिकारियों के द्वारा शेष शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने के दिशा निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए। यहां पर अपनी शिकायत लेकर आई रेखा पत्नी दुर्गेश निवासी ग्राम दोदेपुर तहसील बिल्हौर ने अपनी भूमि से संबंधित समस्या बताई। जबकि शिवराजपुर ब्लॉक के नदिहा खुर्द गांव के व्यक्ति द्वारा ग्राम पंचायत में फर्जी काम के द्वारा निकाले गए लाखों रुपये के आरोप में वित्तीय गबन की जांच के लिए टीम के गठन की मांग की है। वहीं बिल्हौर ब्लाक के एक प्रधान रामेन्द्र कटियार द्वारा शिकायत की गई उनके गांव में लाखों रुपयों से बनी पानी की टंकी बनकर खड़ी है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है कई बार लिखित शिकायत देने के बाद भी आज तक कार्रवाई नहीं की गई। इस मौके पर एसीपी मंजय सिंह तहसीलदार अनुभव चंद, बीडीओ नेम चंद्र नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश राजपूत, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डिलीवरी के 15 दिन बाद महिला की मौत

संवाददाता, शिवराजपुर


पायल।

**अमृत विचार**। महिला ने 15 दिन पहले ऑपरेशन से बच्चे को जन्म दिया था। तबियत में सुधार ना होने के चलते उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात हालत गंभीर होने पर पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

थाना क्षेत्र के काकूपुर रब्बन गांव की पायल की शादी 28 अप्रैल 2024 को मदनेपुर गांव के रजनीश पुत्र संजय से हुई थी। रजनीश झांसी में एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते हैं। वहां से उनका हफ्ते में आना-जान रहता है। 15 दिन पहले पायल ने बच्चे को जन्म दिया था शुक्रवार रात हालत गंभीर होने

- मायके पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

पर पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद महिला के भाई ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के भाई की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित सिंह का कहना है मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।


**सार्वजनिक सूचना**

यह कि फ्लैट नम्बर 403 स्थित तृतीयतल जो कि जुज भाग आराजी नम्बर 392 मोहल्ला शेखपुर (अन्दर नगर पालिका) उन्नाव पर निर्मित है, जिसका आच्छादित क्षेत्रफल 113.94 वर्गमीटर मय अविभाजित भाग भूमि रकबा 38.14 वर्गमीटर है को श्रीमती शिवांगी अवस्थी ने इसके पूर्व मालिक श्रीमती सरोज अवस्थी से जरिये विक्रयपत्र दिनांकित 27/02/2026 जिसका क्रमांक संख्या 4380 है, द्वारा पी0एन0बी0 एच0एफ0एल0 से ऋण लेकर क्रय किया है, जिसमें रूपाली गुप्ता पुत्री श्री राम कुमार गुप्ता को कोई आपत्ति नही है, यदि रूपाली गुप्ता पुत्री श्री राम कुमार गुप्ता को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिनो के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

**भारत भटनागर– एडवोकेट, कार्यालय– कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड– कानपुर नगर– मो0न0– 9839034426**

**आर.जी. महाविद्यालय, बाघपुर, कानपुर देहात**

**आवश्यकता है**

आर0जी0 विधि महाविद्यालय में प्राचार्य एवं सहायक आचार्यों हेतु एल0एल0बी0 3 वर्षीय एवं एल0एल0बी0 5 वर्षीय पाठ्यक्रमों में अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा राजनीति विज्ञान विषयों के लिये स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताधारी प्राचार्य एवं सहायक आचार्यों की। आवेदन पत्र फोटो एवं समस्त शैक्षिक योग्यताओं की प्रमाणित छायाप्रतियों सहित दिनांक 16.03.2026 तक कार्यालय में प्रस्तुत करें अथवा आवेदन डाक द्वारा भी प्रेषित किया जा सकता है।

पता- 192, सुदर्शन सोसायटी, विनायकपुर, कानपुर

Email- rgcbaghpur@gmail.com

प्रबन्धक: 9415130851



खंड विकास अधिकारी शिव नरेश को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। अमृत विचार

# 7 माह से मानदेय न मिलने पर भड़के रोजगार सेवक

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार**। तहसील के पतारा विकासखंड के रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों ने बीडीओ शिव नरेश को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन मे रोजगार सेवकों ने बताया कि 7 माह से तकनीकी सहायक एवं दो माह से कंप्यूटर ऑपरेटर एवं 9 माह से रोजगार सेवकों का मानदेय नहीं मिला है। इसी के चलते तमाम रोजगार सेवकों ने मिलकर बीडीओ शिव नरेश को एक ज्ञापन देकर मानदेय दिए जाने की मांग की है। इस दौरान देवेंद्र कुमार, श्रीगोपाल, धर्मेंद्र, छत्रपाल सिंह समेत तमाम मनरेगा कार्मिक, जिसमें एपीओ राहुल कटियार, सोनू कंप्यूटर ऑपरेटर, राजेश राम जी, देवेंद्र कुमार, गोपाल जी, सोमेंद्र अवस्थी, छत्रपाल सिंह धर्मेंद्र पाल, नितिन सचान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# विधायक के गैस गोदाम में हुई चोरी का खुलासा

संवाददाता, चौबेपुर


चोरी के सिलेंडर और चोरी की शराब के साथ पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी की दो बड़ी घटनाओं में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने सपा विधायक की एचपी गैस एजेंसी गोदाम व शराब दुकानों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर वारदात में शामिल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार कर 43 सिलेंडर और 125 क्वार्टर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की। पकड़े गए लोगों को जेल भेजा गया।

सपा विधायक अमिताभ बाजपेई की चौबेपुर गैस एजेंसी के नाम से कस्बे में एचपी गैस की एजेंसी है। जिसका गोदाम बेला रोड स्थित दीपपुर गांव में स्थित है। बीती 24 फरवरी की रात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर यहां रखें 127 भरे घरेलू सिलेंडर, 7 खाली सिलेंडर, तीन भरे कमर्शियल सिलेंडर पार कर दिए थे। एजेंसी प्रबंधक शशिकांत पांडे की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस उक्त घटना की पड़ताल में लगी हुई थी, कि तभी 2 मार्च की रात क्षेत्र के गौरी भगवंतपुर मार्ग स्थित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों के ताले व शटर काटकर चोरों ने बड़ी तादाद में शराब व गोलक में रखी नकदी पार कर दी थी। घटना में दुकान मालिकों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। हफ्ता भीतर चोरी की इन बड़ी घटनाओं के खुलासे के लिए एसीपी बिल्हौर मंजय सिंह ने विशेष टीम गठित की थी। उपनिरीक्षक शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे जानकारियां जुटाते हुए बीती रात गौशाला नहरपुर के निकट से एक पिकअप वाहन व 7 लोगों को पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम आदित्य उर्फ गोलू निवासी मुंहपोछा, शिवराजपुर, प्रांशू सिंह निवासी मानपुर शिवराजपुर, आर्यन तिवारी व प्रवीण तिवारी निवासी उदैतपुर शिवराजपुर, आयुष कठेरिया दुबियाना शिवराजपुर, प्रांशू गौतम हिंदूपुर चौबेपुर व संतोष कुशवाहा मरियानी चौबेपुर बताए हैं। पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने 43 गैस सिलेंडर, 125 क्वार्टर अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की। एसीपी मंजय सिंह ने बताया कि घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

- पुलिस ने 7 लोगों को दबोचा, 43 सिलेंडर व 125 क्वार्टर अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की

# लक्ष्मण- परशुराम संवाद सुनने को सुबह तक डटे रहे श्रद्धालु

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार**। तहसील क्षेत्र के भदरस गांव में श्री आनंद मंगल मण्डली समिति द्वारा 124वां धनुष यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। रामलीला में मुख्य अतिथियों ने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण जी की आरती कर रामलीला का शुभारम्भ किया।

रामलीला कमेटी के आयोजकों ने आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पदेन संरक्षक व ग्राम प्रधान जय नारायण सिंह यादव ने बताया कि गणेश पूजन एवं संकीर्तन के साथ इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद इन कार्यक्रमों में मुनि विश्वामित्र का दशरथ दरबार में आगमन, अहिल्या उद्धार, पुष्पवाटिका की छटा, शुभ मुहूर्त में धनुष भंग, राज्याभिषेक की धूम आदि विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए। रामलीला में परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनने को दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान प्रदीप पांडे, शाका पांडे, देवी प्रसाद अवस्थी, सुनील पांडे, अमित तिवारी, अवध दीक्षित, कमलेश मिश्रा, हरिशंकर मिश्रा, विकास, कृष्णा बाजपेई मौजूद रहे।

- भदरस में पांच दिवसीय फुलवारी और भव्य रामलीला सम्पन्न

### बच्चों की प्रतिभा देख लोग हुए हतप्रभ

घाटमपुर। घाटमपुर के साढ़ क्षेत्र के अमौर गांव में स्थित लॉर्ड शिवा राइजिंग स्टार विद्यालय में छठां वार्षिकोत्सव मनाया गया, जिसमें नन्हें- मुन्ने बच्चों के द्वारा तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत उन्नाव जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद छोटे छोटे बच्चों के द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम के साथ साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित तमाम मनमोहक कार्यक्रम पेश किये गये। इन्हें देखकर दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गये।

# कमेंट करने पर महिला ने बेटियों के साथ युवक को पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार**। तहसील परिसर में शुक्रवार को भारी हंगामा हो गया। इसके चलते वहां पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। यहां पर एक युवक को महिला और उसकी दो बेटियों ने लात-घूसों से जमकर पीटा। जानकारी के अनुसार युवक संतोष कुरील एक मुकदमे में फंसा हुआ था। मुकदमे में जीत हासिल करने के बाद उसने कथित तौर पर महिलाओं से कहा कि क्या कर लिया तुमने मैं जीत गया हूं। इस बात से आक्रोशित होकर मां-बेटियों ने उस पर हमला कर दिया और उसे जमकर पीटा। बाद में जानकारी मिली कि युवक खुद को झांसी में तैनात एडिशनल एसपी बता रहा था। हालांकि उसकी असलियत की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख युवक को बचाकर नायब तहसीलदार के कमरे में बंद किया। इसके बाद पुलिस युवक को थाने ले गई।

घाटमपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार बिष्ट के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** | एनआरएलएम से थामी उद्योग की डोर, गढ़ रहीं सफलता के नये-नये आयाम

# महिलाएं घर व समाज में निभा रहीं 'मुखिया' का रोल

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर


महिलाओं के साथ नमकीन बनातीं पप्पी सचान। अमृत विचार

**अमृत विचार**। कभी महिलाओं की दुनिया चूल्हे-चौके और घर की दहलीज तक ही सीमित मानी जाती थी, लेकिन आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। कानपुर जनपद के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने न केवल घर की चौखट लांघी है, बल्कि स्वरोजगार के जरिए परिवार के 'मुखिया' की भूमिका में खुद को स्थापित किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर पर पेश है उन महिलाओं की कहानी, जिन्होंने खुद को सफल उद्यमी बनाया है।

**प्रेरणा समूह की पप्पी सचान ने 118 महिलाओं की तकदीर बदली दी :** घाटमपुर ब्लॉक के गोपालपुर गांव की पप्पी सचान ने यह साबित कर दिया कि नाम की तरह उनका 'प्रेरणा' समूह आज सैकड़ों महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण है। खराब आर्थिक स्थिति से जूझते हुए पप्पी सचान ने नमकीन और स्थानीय खाद्य उत्पादों का लघु उद्योग शुरू किया। जो काम 2-3 महिलाओं से शुरू हुआ था, आज उसमें 118 महिलाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं। ग्रामीण परिवेश में जहां महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल था। आज वही महिलाएं सालाना 4 से 5 लाख रुपये का मुनाफा कमा रही हैं। आज उनकी बेटी देहरादून में रेडियोलॉजिस्ट की पढ़ाई कर रही है और बेटा आईआईटी की तैयारी कर रहा है।

**रुखसार का सिलाई जुनून :** औरोताहरपुर से ब्रांडेड कंपनियों को ककवन विकासखंड के लोधनपुरवा की रहने वाली रुखसार टक्कर दे रही हैं। उनकी कहानी संघर्ष और सफलता का बेहतरीन उदाहरण है। रुखसार ने कुछ साल पहले 'जागृति महिला स्वयं सहायता समूह' की शुरुआत की थी। शुरुआती दौर में जब उन्होंने दो-तीन महिलाओं के साथ सिलाई का काम शुरू किया, तो समाज ने उनका उपहास भी किया। बाद में एनआरएलएम से मिले आर्थिक सहयोग से उन्होंने मशीनें खरीदीं। धीरे-धीरे रेडीमेड शर्ट से शुरू हुआ यह सफर अब स्पोर्ट्स लोअर और टी-शर्ट के बड़े कारोबार में बदल चुका है। रुखसार के साथ वर्तमान में 10 महिलाएं (6 समूह से और 4 अन्य) काम कर रही हैं। सालभर में उनका टर्नओवर 8 से 9 लाख रुपये तक पहुंच गया है, जिससे वह 2 से 2.5 लाख रुपये का मुनाफा कमा रही हैं। उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि सीडीओ दीक्षा जैन ने भी उन्हें सम्मानित किया था।

### सशक्त महिला सशक्त समाज

- राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर इन महिलाओं ने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी है, बल्कि सामाजिक मान-प्रतिष्ठा भी हासिल की है। रुखसार और पप्पी सचान जैसी उद्यमी आज उन तमाम महिलाओं के लिए मिसाल हैं जो अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। इन महिलाओं ने साबित कर दिया है कि यदि अवसर मिले, तो गांव की बेटियां भी वैश्विक मानक के उत्पादों को टक्कर दे सकती हैं। जनपद में सैकड़ो की संख्या में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के महिला स्वयं सहायता का समूह इन दोनों काम कर रहे हैं, जिनसे जुड़कर महिलाओं ने लाखों रुपये कमाए हैं और खुद की पहचान भी बनाई है।


**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर, जनपद–चित्रकूट**

पत्र संख्या – 1127/ न0पं0 राजापुर/2025–26 दिनांक– 07/3/2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत राजापुर में पेयजल योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु पंचायत में पंजीकृत ठेकेदार अथवा जो पंजीकरण हेतु निर्धारित अहर्ता रखते हो आमंत्रित ई–निविदायों में प्रतिभाग कर सकते है। ई–निविदा के माध्यम से निविदाएं दिनांक 07/3/2016 से 27/3/2016 तक समय अपरान्ह 02: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदायों की दिनांक 27/3/2026 को तकनीकी विड अपरान्ह 04: 00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी ई–निविदायें खोले जाने के पूर्व उसी दिनांक को अपरान्ह 03.00 बजे तक ई–निविदायें के साथ अपलोड किये गये अभिलेखों की स्व प्रमाणित प्रति नगर पंचायत कार्यालय में रखें शीलबन्द निविदा बाक्स में डाली जायेगी। ई–निविदायें प्रपत्रों की प्रति प्राप्त न होने वाली ई–निविदायें पर विचार नही किया जायेगा। ई–निविदायें में निर्धारित ई–निविदायें शुल्क व 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद नगर पंचायत राजापुर के (इंडियन बैंक) खाता संख्या– 50075199845 आई.एफ.एस.सी. कोड नं0 IDIB000R527 में जमा की जायेगी। जिसकी सूचना http://letendar.up.nic.in पर देखी जा सकती है। ई–निविदायें सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष

नगर पंचायत राजापुर, चित्रकूट

**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०**

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक:–2937/पी.सी.एल./पी.एम.–10/कानपुर दिनांक: 07.03.2026

**अल्पकालीन ऑफलाइन निविदा सूचना**

Proposed LMO to Manifold MGPS Works at Government Medical College, Auraiya हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0-24/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 07.03.2026 द्वारा ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा इकाई कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 16.03.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
ऑफलाइन निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की इकाई कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण इकाई–10, कानपुर

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 264928784 में मेरा नाम प्रांजलि दीक्षित अंकित है, जबकि आधार कार्ड व शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम आयुषी दीक्षित अंकित है, दोनों नाम मेरे ही हैं। पालिसी में मेरा सही नाम आयुषी दीक्षित (AYUSHI DIXIT) पुत्री विद्या सागर दीक्षित अंकित किया जाए। **–आयुषी दीक्षित पुत्री विद्या सागर दीक्षित निवासी 117 निकट जिला जेल चौराहा फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैने अपना नाम आर0 के0 अरोरा से बदलकर राजेन्द्र अरोड़ा कर लिया है, मुझे राजेन्द्र अरोड़ा नाम से जाना व पहचाना जाए दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **राजेन्द्र अरोड़ा पुत्र भजन लाल अरोड़ा 935 A –1 नियर भूत बंगला हेमंत बिहार बर्रा 2, कानपुर पिन 208027**

**सूचना**

मैने अपना नाम SIMRANDEEP KAUR से बदलकर SIMRAN DEEP KAUR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SATENDRA PAL SINGH ADD-VILL AND POST-NAURANGABAD, DIST-LAKHIMPUR KHERI-262905 (U.P.)

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAKIRA BANO से बदल कर SHAKIRA KHATOON रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: ZAHEER AHMAD KHAN GHAURI R/O: MURAU TOLA BISWAN SITAPUR UTTAR PRADESH -261201

**Public Notice**

This is to inform that I Apoorva Singh D/o Umakant Singh 190, vipul khand-6, Gomti Nagar, Lucknow have lost my class 10th ICSC Board, Delhi marksheet. My roll no. is 1257063/346 and ID is 8566786. If someone got it please contact at following address. Apoorva Singh D/o Umakant singh 190, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow Mobile no 9415260206

**सूचना**

मैंने अपना नाम QAMRUN NISAN से बदल कर KAMRUNNISAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MOHAMMAD IRFAN KHAN GHAURI R/O: MURAU TOLA BISWAN SITAPUR UTTAR PRADESH -261201

**सूचना**

मैने अपना नाम HARSITA SINGH से बदलकर HARSHITA SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AJEET KUMAR SINGH ADD-HOUSE NO-A/69 INDIRAPURI COLONY SAMANPURA ROAD RAJA BAJAR, PATNA B-V-COLLEGE BIHAR-800014

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दीपांकर मिश्र का आधार कार्ड प्रिंस मिश्रा के नाम से बन गया है जो कि गलत है और जन्मतिथि भी 1/4/ 2016 के बजाय 9/4/ 2011 अंकित है जो कि गलत है जिसका सही नाम दीपांकर मिश्र व जन्मतिथि 1/4/ 2016 जाना जाए। **राकेश कुमार मिश्र पुत्र लालमणि मिश्र निवासी ग्राम पिसैया (पूरेबदल) विकासखंड कटरा बाजार थाना कौड़िया तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 16–03–2026 प्रातः 10.00 बजे ए.एम.सी. सेन्टर एण्ड कालेज (सी.क्यू.एम. डिपार्टमेन्ट) नील लाइन्स लखनऊ में एल.पी. ग्रान्ट स्टोर्स के अनुपयोगी / निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –बैंक ड्राफ्ट ''कमान्डेन्ट, ए0एम0सी0सेन्टर एण्ड कालेज, लखनऊ के नाम फर्म के जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी। **आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स**

**सूचना**

मैं **चरन सिंह पुत्र नाजर सिंह, निवासी खड़िनी, थाना–सौरिख, तहसील छिबरामऊ , जनपद–कन्नौज,** मेरे पुत्र अविनाश प्रताप सिंह का चाल चलन अच्छा नहीं है एवं गलत आचरण के कारण लड़ाई झगड़ा करता रहता हैं और गलत संगत में पड़ गया है। इसलिये मैने अपने पुत्र अविनाश प्रताप सिंह के कृत्यों से तंग आकर अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। उक्त के किसी भी प्रकार के लेन देन एवं नैतिक व अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है तथा अविनाश प्रताप सिंह द्वारा किये गये किसी भी जायज व नाजायज कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेंदार होगा।

**सूचना**

मैं **राजाराम पुत्र पुत्ती लाल निवासी ग्राम गौश खेड़ा, कसमण्डी खुर्द, परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।** मैने अपनी पुत्री रेनू पत्नी सर्वेश व दामाद सर्वेश पुत्र छोटेलाल, निवासीगण ग्राम डीहा मजरा ढखवा थाना माल जनपद लखनऊ, जो मेरी इच्छा के विरुद्ध कार्य करते हैं, और मेरा कहना नहीं मानते हैं, इन लोगों का आचरण एवं व्यवहार मेरे प्रति खराब हो गया है। इनसे मैं अपना सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, मैं अपनी पुत्री को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, ये कि मेरी पुत्री और दामाद किसी प्रकार का लेन देन एवं कृत्य करते हैं, तो उस कृत्य से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा, वे उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम वेदप्रकाश पुत्र राज बहादुर से बदल कर वेदप्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अब मुझे वेदप्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा के नाम से जाना और पहचाना जाये। **वेद प्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा, म. न. 262 ग्राम/पो. उसुरु, जिला– रायबरेली मो. 9978374733**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़, जनपद रायबरेली में दिनांक 10 मार्च 2026 को प्रातः 10: 30 बजे यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की नीलामी होनी है, इच्छुक व्यक्ति आकर बोली लगा सकते हैं।

**प्रधानाध्यापक**
**पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़ जनपद–रायबरेली**

An ISO 9001 : 2008
राही मेडिकल सेन्टर प्रा0 लि0
ICU NICU HDU
आप सभी को होली और गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
DIALYSIS CENTER OPD IPD
Facilities- C.G.H.S, E.C.H.S, C.A.P.F., P.M.J.A.Y. (Ayushman Bharat)
सेन्टर में उपलब्ध विभाग
1. आर्थोपेडिक (हड्डी एवं जोड़ रोग) 2. बाल रोग विभाग 3. मानसिक रोग विभाग 4. नाक, कान व गला रोग विभाग 5. स्त्री व प्रसूति रोग विभाग 6. जनरल मेडिसन विभाग 7. स्वांस रोग विभाग 8. न्यूरोलाजी विभाग 9. गुर्दा रोग विभाग 10. फिजियोथेरेपी विभाग 11. प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी 12. दन्त रोग विभाग 13. सघन चिकित्सा विभाग 14. कैंसर विभाग 15. जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
19 न्यू एम0आई0जी0 बर्स-2, कानपुर, फोन: 0512-2608880, 0512-4053657, 9935575000





अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




**इफ्तार** रविवार शाम — सुन्नी : 6:17, शिया : 6:25

**सहरी** सोमवार सुबह — सुन्नी : 5:03, शिया : 4:55

**पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया** : जो शख्स रोजा रखकर बुरी बात कहना और उसपर अमल करना तर्क (छोड़ना) नहीं करता तो अल्लाह को भी ऐसे शख्स की परवाह नहीं कि उसने खाना पीना छोड़ दिया है।

## शहर में आज



- **महाअभिषेक :** आनंदपुरी श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में महाअभिषेक व पूजन सुबह छह बजे से
- **शिविर :** बिधनू ग्राम कठारा श्री बांके बिहारी धाम में पांचजन्य सेवा न्यास द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- **शिविर :** लखनपुर ज्योतिधाम में सीनियर होम्योपैथिक फिजिशियन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 11 बजे से।
- **समारोह :** कठेरुआ स्थित कष्टभंजन हनुमत सिद्ध धाम में होली मिलन समारोह दोपहर 12 बजे।
- **गोष्ठी :** मोटापे की वजह से बढ़ती बीमारियों की रोकथाम को लेकर जागरूकता गोष्ठी दोपहर 12 बजे।
- **उत्सव :** सीएसजेएमयू में संगीतांजलि व इनरव्हील कानपुर द्वारा गुलाब बाड़ी उत्सव शाम 5:30 बजे।
- **मिलन :** आईएमए परेड में होली मिलन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम शाम को सात बजे।
- **लाइव मैच :** श्री ओमर वैश्य जगदीश मंडल द्वारा होली मिलन समारोह व भारत-न्यूजीलैंड के बीच मैच का लाइव प्रसारण शाम को सात बजे।

### जमीनों के सौदेबाजी का बड़ा खिलाड़ी, 50 करोड़ से ज्यादा की 41 संपत्तियां बनाईं

# करोड़पति लेखपाल को कमिश्नर ने किया बर्खास्त

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बैठक के अगले ही दिन भ्रष्टाचार पर हुआ बड़ा प्रहार
- आय से अधिक संपत्ति के मामले में अपील खारिज कर प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई

**कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को शहर में हुई भाजपा संगठन और संघ परिवार की समन्वय बैठक में भ्रष्टाचार पर कड़े प्रहार की मांग उठी थी, इसके अगले ही दिन प्रशासन ने भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे लेखपाल आलोक दुबे को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया।

मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन ने जिलाधिकारी के आदेश के विरुद्ध दायर उसकी अपील खारिज करते हुए आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि सरकारी पद का दुरुपयोग कर निजी संपत्ति अर्जित करने वाले कर्मचारी को सेवा में बनाए रखना जनहित और विभागीय हित में कतई उचित नहीं है, इसलिए उसे तत्काल प्रभाव से सेवा हटा दिया गया है। लेखपाल आलोक दुबे पर आरोप था कि



लेखपाल आलोक दुबे।

उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक की 41 संपत्तियां खड़ी की हैं। जांच में बेनामी संपत्तियों और जमीन की खरीद फरोख्त में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी।

जिलाधिकारी ने इस घूसखोर लेखपाल के विरुद्ध कमेटी बनाकर जांच करायी थी, इसमें उसके पास 50 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियां होने का खुलासा हुआ था। जांच में दोषी पाए जाने पर लेखपाल ने मंडलायुक्त के पास मामले में सुनवाई के लिए अपील दायर की थी। मंडलायुक्त ने अपील पर सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि अपीलकर्ता ने राजस्व निरीक्षक के रूप में रहते हुए अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग कर निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए भूमियों का क्रय-विक्रय किया है और आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।

### एक ही दिन वरासत व बैनामा की बात आई थी सामने

- विवादित जमीन सौदों में मिलीभगत के आरोप में लेखपाल आलोक दुबे को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने 30 सितंबर 2025 को कानूनगो से पदावनत कर लेखपाल बना दिया था। जांच के दौरान उसके पास 41 बैनामे उसके और परिवार के नाम पर दर्ज पाए गए थे, जिनका बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ था। इसमें 8 .62 हेक्टेयर भूमि आलोक दुबे ने सहयोगी लेखपाल अरुणा द्विवेदी के नाम पर दर्ज कराई थी। सभी विवादित प्रकरणों में एक ही दिन वरासत व बैनामा कराने के साथ ही निजी कंपनी को विक्रय करने का मामला भी पकड़ में आया था। इसके बाद जिलाधिकारी ने उसके खिलाफ कार्रवाई की थी। इसी कार्रवाई के खिलाफ आरोपित लेखपाल आलोक दुबे ने मंडलायुक्त की कोर्ट में अपील दायर की थी। मंडलायुक्त ने आरोपित लेखपाल के विरुद्ध अपने आदेश यह भी कहा कि आलोक दुबे ने एक रियल इस्टेट कारोबारी की तरह संपत्ति अर्जित की है।

### बिल्डर के साथ जमीन के सौदे में संलिप्तता

- लेखपाल आलोक दुबे के खिलाफ पूरा मामला तब खुला था, जब दिसंबर, 2024 में अधिवक्ता संदीप सिंह चंदेल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर फर्जी प्रपत्रों से सिंहपुर कछार में चार बीघा जमीन बेचने का आरोप लगाया था। मामले की जांच कराए जाने पर पता चला था कि जांच में पता चला कि पीड़ित अधिवक्ता के बुआ और फूफा से लेखपाल आलोक दुबे ने सिंहपुर कछार की गाटा 207 और रामपुर भीमसेन की गाटा 895, जिन पर न्यायालय में वाद लंबित था और विक्रेता का नाम खतौनी में दर्ज तक नहीं था, 11 मार्च 2024 को वरासत दर्ज कर उसी दिन बैनामा भी करा लिया। इसके कुछ माह बाद इस जमीन को लेखपाल ने जमीन आरएनजी इंफ्रा कंपनी को बेच दी। जमीन का बाजार भाव उस समय लगभग चार करोड़ रुपये था।

# बारादेवी मंदिर के पास हटेगा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि इस बार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं। ऐसे में बारादेवी मंदिर व आसपास में भक्तों की काफी भीड़ होती है। मंदिर के पास कुछ लोगों ने नालियों पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है, जिसकी वजह से नालियां भरी हैं। नगर आयुक्त ने शनिवार को निरीक्षण कर जोनल अभियंता को निर्देश दिए हैं कि दो दिन में नालियों के ऊपर बने रैम्प व स्थायी अतिक्रमण को तोड़कर जलनिकासी की व्यवस्था करें। वहीं, पीछे साइड जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए जलनिकासी की व्यवस्था की जाए।

नवरात्रि पर बारादेवी मंदिर में आने वाले भक्तों को गंदगी का सामना न करना पड़े, इसलिए शनिवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने बारादेवी मंदिर व आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां पर क्षेत्रीय पार्षद हरी स्वरूप ने नवरात्रि में लगने वाले मेले के संबंध में नगर आयुक्त को जानकारी दी। नगर आयुक्त को मंदिर के पीछे से होते हुए आने वाले मार्ग में जगह-जगह नालियों पर अतिक्रमण और वह काफी भरी हुई मिली। गंदगी भी पसरी थी।

इस संबंध में नगर आयुक्त ने जोनल स्वच्छता अधिकारी से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दीप सिनेमा रोड पर सीएम ग्रिड कार्य के निर्माण के कारण स्वास्थ्य विभाग का नाला तोड़ दिया गया है, जिससे कई छोटे नालों और नालियों का पानी बैक हो रहा है। जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। निर्देश दिए कि सीएम ग्रिड के अन्तर्गत जिन नालों को तोड़ते हुए नया नाला बनाया गया है, उनमें छोटी नालियों की जल निकासी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।

जोनल अधिकारी को निर्देश दिए कि नवरात्रि पर्व के तहत समय-समय पर बारादेवी मंदिर के महंत व पदाधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समयान्तर्गत निदान कराए। दो दिन में नालियों के ऊपर बने रैम्प व अन्य स्थायी अतिक्रमण को तोड़कर जलनिकासी की व्यवस्था करे। वहीं, मंदिर के पीछे की तरफ जलभराव खत्म कर जलनिकासी की व्यवस्था की जाए।



निरीक्षण के दौरान फाइल देखते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

### बसंत विहार में भी मिली गंदगी, रोका गया वेतन

- नगर आयुक्त को 15वें वित्त अयोग के अन्तर्गत बसंत विहार में एसके अवस्थी के मकान से लेकर बीबी श्रीवास्तव डब्लू-2-1256 तक आरएमसी प्लांट व सीसी व्हाइट टॉपिंग द्वारा सड़क के निर्माण के दौरान सीएण्डडी वेस्ट काफी मात्रा में सड़क पर मिला। सामने से जा रही पेट्रो लाइन पर भी नाला सफाई के लिए पत्थर भी काफी जगह मिले। सड़क पर गंदगी, जगह-जगह नाली भरी हुई और कही पर भी जल निकासी सुचारू रूप से नहीं मिला। नगर आयुक्त ने नाले की सफाई के लिए निकाले गये पत्थरों को तत्काल नाले की सफाई के बाद लगाने और सफाई कार्य में शिथिलता बरतने वाले सफाई पर्यवेक्षक सुशील कुमार व जुग्गीलाल वेतन रोकने के निर्देश दिए।

# सीएम ग्रीड से सड़क निर्माण पर मार्बल मार्केट की हालत खराब

- सीएम ग्रिड फेज-1 के निर्माण में नगर आयुक्त को मिलीं कमियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबा कुटी मार्बल मार्केट से साइट नंबर एक किदवई नगर, सोटे वाले बाबा मंदिर होते हुए अलंकार गेस्ट हाउस तक सीएम ग्रिड फेज-1 के अन्तर्गत सड़क का निर्माण किया जा रहा है। मार्बल मार्केट के अध्यक्ष विजय गुप्ता व पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय को बताया कि सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। यहां पर दुकानों के सामने मिट्टी डाल दी जाती है और 15 से 20 दिन तक उसको उठाते नहीं है।

कोटक बैंक के बाहर की स्थिति खराब है। यहां पेयजल व सीवर लाइन तो डाली गई, पर कनेक्शन नहीं दिया गया है। कार्यदायी संस्था एसएस इन्फ्राजोन ने पाइप लाइन का कार्य पूर्ण न होने का कारण बताया। नगर आयुक्त ने कहा कि बैठक में तय हुआ था कि जल निगम को पेयजल लाइनों को डालने का कार्य 28 फरवरी तक पूरा करना था, जबकि 15 मार्च तक सीवर लाइन का कार्य पूरा करना है। उन्होंने जल निगम नगरीय के अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से कारण बताओ नोटिस जारी किया और निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने की चेतावनी दी। कार्य में शिथिलता बरतने पर जोन-3 के जोनल अभियंता राजेश कुमार व सहायक अभियन्ता योगराज यादव का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सड़क पर फैली मिट्टी को तत्काल हटाने व बेरीकेट व उपाय करने को कहा। मार्बल मार्केट के पदाधिकारियों ने गृहकर में अनियमितता की भी जानकारी दी। इस पर नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी-3 को निर्देश दिया कि मार्बल मार्केट के पदाधिकारियों से वार्ताकर क्षेत्र में गृहकर वसूली के लिए कैम्प लगाते हुए मौके पर ही समस्या का निराकरण कर वसूली की जाए। वहीं, अलंकार गेस्ट हाउस के पास दोनों ओर नाले से निकली सिल्ट व मिट्टी को हटाकर उसकी जियोटैग फोटो शाम को तक भेजने के निर्देश संबंधित को दिए।

# 14 बीघा जमीन के लिए 31 दिन बच्ची संग बंधक रहे दंपती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में 14 बीघा जमीन के लिए प्रापर्टी डीलर व उसके साथियों ने दंपती व उनकी दुधमुंही बेटी को 31 दिन बंधक बनाए रखा। मोबाइल छीन लिया। प्रताड़ित किया। सामने बैठकर शराब पीते और अभद्रता करते। पति-पत्नी को अलग-अलग होटलों में रखा गया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने किसी तरह वाईफाई से फेसबुक के जरिए मां को मैसेज किया, तब पुलिस ने तीनों को मुक्त कराया। आरोपी पक्ष ने बंधक बनाने से इनकार किया है। जमीन के एग्रीमेंट की बात स्वीकारी। पुलिस जांच कर रही है।

उन्नाव के बांगरमऊ जगतनगर नौबतगंज निवासी दिव्या गुप्ता के अनुसार शाहजहांपुर के रामचंद्र मिशन दलेलगंज निवासी ओम गुप्ता उनके पति हैं। उनकी दो वर्षीय बेटी अवनी है। दिव्या के अनुसार उनके माता की मायके पक्ष में करीब 14 बीघा जमीन है। जिसकी कीमत करीब दो करोड़ है। माता-पिता के निधन के बाद करीब डेढ़ साल पहले परिचित कारोबारी व उसके दोस्तों ने अच्छी कीमत में जमीन बिकवाने की बात कही थीं। इसके बाद कल्याणपुर में एक प्रापर्टी डीलर से मिलवाया।



बंधन मुक्त होने के बाद गोद में बच्ची लिए पीड़ित व उसके परिचित। अमृत विचार

- दंपती का आरोप, अलग-अलग होटलों और अपार्टमेंट में रखा गया, किया प्रताड़ित
- हॉटस्पाट से मोबाइल कनेक्ट कर फेसबुक के जरिए परिजनों को बताई आपबीती

प्रापर्टी डीलर ने एक लाख देकर जमीन का एग्रीमेंट कराया और बाकी रकम जल्द देने को कहा। जमीन की रकम ट्रांसफर करने के लिए एचडीएफसी में उनका खाता खुलवाया। जरूरी कागजात लिए। आरोप है कि प्रापर्टी डीलर ने पांच फरवरी को उन्हें विजयनगर बुलाया, जिससे जमीन की लिखापढ़ी हो सके। प्रापर्टी डीलर पांच कारों से उन्हें लेने आया और आवास विकास-तीन में एक होटल ले गए। जहां दो दिन उनकी बच्ची समेत बंधक बनाकर रखा। आरोप है कि होटल बदलकर और उन्हें अलग-अलग रखा गया। आरोपी उनके सामने शराब पीते व प्रताड़ित करते। कहा कि जमीन का नामांतरण के बाद बैनामा होगा और छोड़ देंगे। पति व बेटी को जान से मारने की धमकी दी। प्रापर्टी डीलर पति व बेटी को होटल में छोड़कर उसे अपने साथ बांगरमऊ ले गया। जहां दबाव बनाकर 14 बीघा में से सात विस्वा जमीन का बैनामा दो लोगों के नाम करवाया। जिसके रुपये खाते में ट्रांसफर कराए। इसके बाद डराकर बांगरमऊ थाने उन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा कराया, जिन्हें जमीन का बैनामा किया था। उसके बाद कल्याणपुर के एक अपार्टमेंट में ले गए। वहां उन्हें, पति व बेटी को बंधक बनाकर मोबाइल छीन लिया। फ्लैट में टीवी न होने की शिकायत की तो शनिवार को आरोपी आए। अपना मोबाइल मांगा तो कहा रिचार्ज खत्म है। इस पर हॉटस्पाट से टीवी चला दी। मोबाइल भी वापस कर दिया। महिला के अनुसार इस पर उसने हॉटस्पाट से मोबाइल चालू करके अपनी सास को फेसबुक पर मैसेज करके घटना की जानकारी दी। बताया कि वह बंधक हैं। उन्हें छुड़ा लो। मां ने पति के मित्र ऋषि को घटना बताई। वह बताए फ्लैट में पहुंचे तो बाहर से ताला लगा मिला। पुलिस की मदद से मुक्त कराया।

### सप्ताह में एक बार कराते थे मां से बात

- कल्याणपुर एसीपी आशुतोष कुमार ने ओम गुप्ता के हवाले से बताया कि उनकी मां से फोन पर सप्ताह में एक बार बात कराते थे। इससे मामला संदिग्ध लग रहा है। प्रापर्टी के विवाद का मामला लग रहा है। हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा जाएगा।


KANISHK HOSPITAL
डायबिटिक फुट क्लीनिक
डायबिटीज के मरीजों में पैर के घाव, पैरों में इन्फेक्शन का विशेषज्ञ डाक्टर्स द्वारा इलाज
पैरों की देखभाल करना सीखें, उन्हें खराब होने से बचायें
सभी तरह की प्लास्टिक सर्जरी एवं कास्मेटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
BURN UNIT AVAILABLE WITH ICU
Dr. Pradeep Tandon
MS, MCh (Cosmetic & Plastic Surgeon)
KANISHK HOSPITAL Tilak Nagar, Kanpur
Clinic : Sai Vatika Apartment in lane besides Medical College Gate, Swaroop Nagar, Kanpur
M: 8573000064, 9839084320, 8299769829


**मिलेगी सहूलियत** | अभी तक फाइल बनवाने के लिए लगानी पड़ती थी कतार, अब अलग काउंटर में भर्ती फाइल बनवाने की होगी सुविधा

# ओपीडी के मरीजों की वार्ड में भर्ती अब होगी काफी आसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में आने वाले मरीजों और ओपीडी में आने वाले मरीजों को अब इलाज में देरी नहीं होगी। इन जगहों पर आने वाले मरीजों की एडमिट फाइल अब एक साथ, एक ही काउंटर पर नहीं, बल्कि अलग-अलग काउंटरों में बनेगी। इसका सबसे अधिक लाभ गंभीर स्थिति में इमरजेंसी आने वाले मरीजों को मिलेगा। वहीं, ओपीडी के मरीजों को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीज भर्ती किए जाते हैं। कई बार तो यह संख्या काफी अधिक भी हो जाती है। ऐसे में कभी बिजली चली जाने या इंटरनेट की समस्या होने पर मरीज की भर्ती फाइल बनने में समय लग जाता है। वहीं, दोपहर दो बजे तक इमरजेंसी में ओपीडी के मरीजों का अतिरिक्त लोड भी रहता है। ऐसे में पर्चा काउंटर पर एडमिट फाइल बनवाने के लिए तीमारदारों की लंबी लाइन लग जाती है। अब हैलट प्रशासन ने मरीजों की सहूलियत के लिए एक योजना तैयार की है, ताकि इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों को इलाज में बिल्कुल भी देरी न हो। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल ने बताया कि हैलट चौकी के सामने पुराने ओपीडी पर्चा काउंटर में अलग से एक काउंटर खोला जाएगा, जिसमें ओपीडी में आने वाले मरीजों की एडमिट फाइल बनाई जाएगी।

नए काउंटर खुलने की वजह से ओपीडी के मरीजों को भर्ती होने में दिक्कत नहीं होगी। उनकी पूरी एंट्री वहीं पर ही की जाएगी। उनको या उनके तीमारदार को लंबी लाइन में भी नहीं लगना पड़ेगा। जल्दी फाइल बनने से वह इमरजेंसी या ऑपरेशन थिएटर में जाकर इलाज या ऑपरेशन करा सकते हैं। वहीं, इस व्यवस्था से इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की भी एडमिट फाइल व पर्चा जल्दी बनेगा, उनको भी समस्या नहीं होगी। नई व्यवस्था के तहत गंभीरता के आधार पर इलाज की व्यवस्था की गई है।

### प्रतिदिन 3000 मरीज हैलट पहुंचते

- हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन तीन हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें से प्रतिदिन करीब 100 मरीज भर्ती किए जाते हैं। इनमें नेत्र रोग, नाक, कान व गला, मेडिसिन, आर्थो विभाग व सर्जरी विभाग के मरीज मुख्य रूप से शामिल होते हैं। ऐसे में इन विभागों में आए मरीजों को भर्ती होने के लिए पहले इमरजेंसी में जाकर फाइल बनवानी पड़ती है और उसके बाद उस फाइल को लेकर दोबारा डॉक्टर के पास जाना होता है। तब डॉक्टर फाइल जमा करने के बाद मरीजों को भर्ती कर वार्ड में इलाज या ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन के लिए ले जाते हैं।


तंबाकू से नाता तोड़ो, सुखी जीवन से नाता जोड़ो।
आप सभी को होली और गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. अतीश कुंडू
(कैंसर सर्जन)
सिर और गर्दन सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, कानपुर
सम्पर्क : 8905165250
विशेष सुविधा उपलब्ध आयुष्मान भारत एवं सीएम फण्ड
सिग्नेचर सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक
आई-238 आवास विकास 1, नियर केशव वाटिका पार्क, केशवपुरम, कल्यानपुर, कानपुर
सेवायें : • मेडिकल ऑन्कोलॉजी • कीमाथेरेपी • कैंसर सर्जरी • कैंसर ट्रीटमेंट • सिर, गर्दन ऑन्कोलॉजी • कैंसर पेन मैनेजमेंट • ऑन्को सर्जन • कैंसर सर्विसेज • सर्जिकल ऑन्कोलॉजी • ओरल कैंसर ट्रीटमेंट • सिर और गर्दन कैंसर सर्जरी • सिर और गर्दन ट्यूमर और कैंसर सर्जरी।

## सिटी ब्रीफ

### लापता तीन नाबालिग गाजियाबाद में बरामद

**कानपुर।** बाबूपुरवा से लापता तीन नाबालिग दोस्तों को पुलिस ने गाजियाबाद से सकुशल बरामद कर लिया है। जांच में सामने आया कि तीनों बच्चे अपनी मर्जी से ट्रेन से गाजियाबाद चले गए थे, जहां एक बच्ची के मामा रहते हैं। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बाबूपुरवा के एक मकान में रहने वाले तीन किराएदारों के बच्चे आपास में दोस्त हैं। गुरुवार को घर से निकल गए थे। बच्चों के लापता होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। जांच में पता चला कि एक बच्ची के मामा गाजियाबाद में रहते हैं। बच्चों ने वहीं जाने की योजना बनाई थी। बच्चों के वहां पहुंचने की जानकारी मामा को हुई तो उन्होंने बच्ची की मां को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत दो टीमें गाजियाबाद भेजीं, जहां से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चों की सुपुर्दगी बाल कल्याण समिति के माध्यम से कराई जाएगी।

### सड़क के किनारे कूड़े के ढेर में भड़की आग

**कानपुर।** श्याम नगर स्थित आजाद नगर में सड़क के किनारे कूड़े के ढेर में आग लगी जिसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अनुमान है कि किसी राहगीर ने बीड़ी या सिगरेट पीकर कूड़े पर फेंक दिया जिससे आग लग गई।

### बेंगलुरु-मुंबई फ्लाइट फुल, दिल्ली की खाली

**कानपुर।** शनिवार को कानपुर से बेंगलुरु के मध्य उड़ान भरने वाली फ्लाइट फुल रही। बेंगलुरु से 222 यात्री कानपुर आए जबकि यहां से 213 यात्री बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। ऐसे ही मुंबई की फ्लाइट में 207 यात्री कानपुर आए और 213 यात्रियों ने मुंबई के लिए उड़ान भरी। हालांकि कानपुर से दिल्ली की उड़ान ज्यादा सफल नहीं रही क्योंकि दिल्ली से 171 यात्री कानपुर आए और यहां से 189 यात्रियों ने दिल्ली के लिए उड़ान भरा।

### सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी भीड़, ट्रेनों में मारा-मारी

**कानपुर।** शनिवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्री की भारी भीड़ रही, सबसे ज्यादा दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्री फुल रहे। कई ट्रेनों के स्लीपर व एसी कोचों में भी यात्रियों ने जबरन कब्जा किया जिन्हें जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने बल पूवर्क नीचे उतार दिया। देर शाम जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की।

गुजैनी में वायरल वीडियो की छानबीन में जुटी पुलिस, चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

# नशेबाजों ने की छेड़खानी लाठी-डंडे के साथ पथराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हंगामा करने वालों को मोहल्ले वालों ने घेरा, होली के दिन की घटना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुजैनी में होली के दिन जमकर लाठी-डंडे चले व पथराव हुआ। वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच में जुटी है। वीडियो बीती चार मार्च का है। आरोप है कि इलाके की कैफे संचालिका से होली पर हुड़दंग कर रहे नशेबाज युवकों ने छेड़खानी की थी। इससे गुस्साए इलाके के लोगों ने आरोपी युवकों को घेरकर लाठी–डंडे चलाए थे। कैफे संचालिका ने भी छेड़खानी का आरोप लगा हंगामा किया था।

गुजैनी निवासी संदीप अग्निहोत्री होली पर साथी मोहित सिंह के साथ इलाके की कैफे संचालिका के घर गए थे। आरोप है कि दोनों नशे की हालत में थे और कई बार कैफे संचालिका का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद संचालिका ने संदीप पर नशे की हालत में छेड़खानी का आरोप लगाया और हंगामा करना शुरू कर दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और पीड़िता की तहरीर पर आरोपी संदीप, मोहित सिंह, जय कृष्णा समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मामले में शनिवार को मारपीट व पथराव वीडियो सामने आया। जिसमें कई युवक लाठी-डंडे से युवकों की पिटाई कर रहे हैं। घर पर पथराव करते दिखाई दिए। आरोपी संदीप ने बताया कि वह सेना में तैनात अपने भाई का टिकट कराने बर्रा आठ कैफे गया था। कैफे बंद होने पर उसने गेट खटखटाया। इस बात पर संचालिका नाराज हो गई थी। इसके बाद मारपीट व पथराव की घटना हुई है। संचालिका के छेड़खानी के आरोप व हंगामा करने पर मोहल्ले के लोगों ने घेर लिया और मारपीट हुई। गुजैनी थाना प्रभारी राजन शर्मा के अनुसार महिला व उसकी बेटी अकेली रहती हैं। महिला ने नशे में छेड़खानी का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है।

### गाली-गलौज के विरोध पर चाकू से हमला

- **कानपुर।** होली के हुड़दंग में गाली–गलौज का विरोध भारी पड़ा। नशे में धुत युवकों ने चाकू व पत्थर से हमला कर दिया। जिसमें विरोध करने वाले युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें आधा दर्जन युवक मारपीट करते दिख रहे हैं। आरोप है कि गोविंदनगर पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की। जवाहरनगर निवासी अर्पित वर्मा ने बताया कि होली पर वह गुजैनी ए–ब्लॉक निवासी अपने दोस्त अजय पांडेय से मिलने गए थे। आरोप है कि तभी नशे में धुत युवक अजय के घर पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे। विरोध पर मारपीट कर दी। बीच–बचाव में अजय को भी पीटा। आरोपियों ने पत्थर व चाकू से उसपर हमला किया। जिससे वह लहुलूहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मोहल्ले वालों के विरोध पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि गोविंदनगर थाने में शिकायत व तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# नेवी कर्मी की पत्नी से 19.20 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने निवेश व मुनाफे का लालच देकर मर्चेंट नेवी कर्मी की पत्नी से 19.20 लाख रुपये ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की और नजीराबाद पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कौशलपुरी निवासी पुष्कर सिंह चौहान मर्चेंट नेवी में कार्यरत है। उनकी पत्नी निष्ठा के अनुसार उनका मोबाइल नंबर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें निवेश कर अधिक मुनाफे के मैसेज आते थे। साइबर ठगों के झांसे में आकर एक से 22 जनवरी 2026 तक उन्होंने 19.20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। 24 जनवरी को उन्हें वाट्सएप ग्रुप से बाहर कर दिया गया, जिसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने मामले की ऑनलाइन शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई। नजीराबाद थाना प्रभारी राजकेसर यादव ने बताया कि साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसकर महिला और भाई को पीटा

- **कानपुर।** कैंट में पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी ने घर में घुसकर पीड़िता व उनके भाई को पीटा। धारदार हथियार से हमला भी किया। झाड़ी बाबा पड़ाव निवासी चांदनी के अनुसार बीती पांच मार्च को इलाके में दो पक्षों में किसी बात को लकेर विवाद चल रहा था। उसी का फायदा उठाकर पड़ोसी धर्मेंद्र, उसकी पत्नी सीता, बेटी सलोनी, साला गुड्डा उर्फ रतन और जग्गन पुराने विवाद की खुन्नस में उनके घर में घुस आए। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता समेत उनके भाई को लाठी–डंडों से मारापीटा। उनपर धारदार हथियार हमला कर दिया। आरोपी धमकाते हुए भाग गए। थाना प्रभारी अरविंद राय ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क के किनारे लहुलूहान हालत में मिले युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने कहा, हादसा नहीं रंजिशन हमला किया गया
- क्लीनिक की रंजिश में डेढ़ साल पहले भी हुआ था हमला


प्रवीण मौर्य।

**अमृत विचार।** नवाबगंज में होली पर दोस्तों से मिलने गया युवक सड़क किनारे लहुलूहान हालत में मिला। सूचना पर परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घरवालों के अनुसार स्कूटी सुरक्षित मिली है। जिससे हादसे की नहीं हमले की आशंका है। क्लीनिक की रंजिश में डेढ़ साल पहले भी युवक पर हमला हुआ था।

बिठूर के हिंदूपुर निवासी 40 वर्षीय प्रवीण मौर्या की नवाबगंज के बनियापुर में क्लीनिक है। माता-पिता हिंदूपुर गांव में ही रहते हैं, जबकि पत्नी मिथिलेश, तीन बच्चे अभिनव, सेजल व आराध्या के साथ प्रवीण क्लीनिक के पीछे आवास में रहते थे। परिजनों ने बताया कि होली पर चार मार्च को वह स्कूटी से दोस्तों से मिलने के लिए रैतापुर गए थे। वहां से लौटते समय मैनावती मार्ग जागेश्वर मंदिर के समीप विद्या विहार के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले। देर शाम होने के कारण परिजन मोबाइल पर कॉल कर रहे थे, लेकिन करीब एक घंटे तक रिसीब नहीं हुई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कॉल रिसीब की तब जाकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

घरवालों ने प्रवीण को समीप के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। घरवालों ने हादसे की नहीं हमले की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि अगर किसी वाहन से हादसा होता तो स्कूटी भी क्षतिग्रस्त होती। घरवालों के अनुसार प्रवीण की क्लीनिक ठीक चलती थी, इसी रंजिश में डेढ़ साल पहले भी उस पर हमला हुआ था। परिजनों ने उसी तरह रंजिशन हमले की आशंका जताई है। पुलिस परिजनों के आरोप के आधार पर भी जांच कर रही है। सिर पर आई गंभीर चोटों से प्रवीण की जान गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े चोरी का 48 घंटे में खुलासा, 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थाने के बगल में बर्तन दुकान में हुई थी चोरी, 10 लाख का माल बरामद
- सीसीटीवी से पकड़ में आए चोर, हाथ में त्रिशूल लेकर दुकान में घुसा था शातिर


पकड़े गए दोनों चोर और माल खरीदने वाला। अमृत विचार


बरामद माल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाने के ठीक बगल में बर्तन और मूर्ति की दुकान में दिनदहाड़े मूर्तियां व नकदी चोरी में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने चोरी की मूर्तियां, बर्तन समेत करीब 10 लाख कीमत का माल व बाइक बरामद की है।

यशोदानगर निवासी राजकुमार साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि चार मार्च की दोपहर उनकी दुकान में शातिर चोर घुस था। उसका साथी दुकान के बाहर बाइक पर बैठकर निगरानी कर रहा था। आरोपी दुकान से करीब 20 किलो वजनी पीतल की सात मूर्तियां व गुल्लक का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये चोरी कर ले गया था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर युवक बिना नंबर की बाइक लिए खड़ा दिखाई दिया, जबकि उसका साथी हाथ में त्रिशूल लिए दुकान में घुसा था। पांच मिनट बाद ही एक बोरी लेकर निकला था।

सीसीटीवी में शातिरों के आने व फरार होने तक पूरी फुटेज कैद मिली। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि फुटेज के जरिए आरोपियों तक पुलिस पहुंचीं। शातिरों की पहचान मूलरूप से रेऊना के दरौली गांव निवासी विवेक दीक्षित, हमीरपुर के उजनेड़ी गांव का शिव प्रसाद के रुप में हुई है, जो मौजूदा में हनुमंत विहार में किराए पर रहकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इसके अलावा पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार कानपुर देहात के गजनेर निवासी अनिल कुमार को भी गिरफ्तार किया है। जिसके पास आरोपियों ने उसी शाम चोरी का माल बेचा था।

### मूर्तियों के साथ यह माल बरामद

- आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की राधा–कृष्ण समेत पांच पीतल की मूर्तियां, चार पीतल के आसन, तांबे का लोटा, 16 दीपक, दो दीपक हैंडल, कटोरी व प्लेट बरामद की गईं है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की निशानदेही पर कुल 35 पीस धातु के सामान की बरामदगी हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है।

# लाइनमैन को बताए सुरक्षा के उपाय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


लाइनमैन दिवस पर शपथ लेते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

- लाइनमैन दिवस पर उपकरणों का प्रयोग करने की सौगंध ली गई

**अमृत विचार।** केस्को में शनिवार को लाइनमैन दिवस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केस्को अधिकारियों ने सभी लाइनमैनों को सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया। कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

गर्मियों के दौरान कम से कम शटडाउन में उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग से अब तक कोई दुर्घटना न होने पर सभी लाइनमैनों की भी प्रशंसा की गई। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि लाइनमैनों को लाइव वायर के साथ काम करते समय दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया।

इसमें खंभे पर चढ़ना, बिजली की वायरिंग, खराबी का पता लगाना और सुरक्षित रखरखाव के तरीके शामिल आदि रहे। इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य जोखिम को कम करना, कार्यक्षमता बढ़ाना और सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान एसई प्रोजेक्ट अंकित कुमार, एसई टेक्निकल पीके सिंह, सहित 11 केवी, 33 केवी, एसटीपीओ व स्टोर के अधिकारी व सभी लाइनमैन मौजूद रहे।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर किस्तों में हड़प ली रकम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर देहात के पीड़ित ने चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** रियल इस्टेट कंपनी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी की। पीड़ित का आरोप है कि रकम चुकाने के बाद भी कंपनी ने प्लॉट नहीं दिया। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर नजीराबाद में कंपनी के डायरेक्टर समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है।

कानपुर देहात जिले के सधुवापुर के विमलेश कुमार के अनुसार लाजपतनगर स्थित रियल इस्टेट कंपनी बियॉन्ड रिसर्च एवं डेवलपमेंट लिमिटेड के डायरेक्टर आशीष कुमार चतुर्वेदी, राजेश सिंह, जितेंद्र कुमार दीक्षित व एजेंट चंद्रभान यादव ने कोयलानगर में 1100 वर्गफुट का प्लॉट दिलाने का झांसा दिया था। 9 मार्च 2018 को प्लॉट के लिए अनुबंध किया। जिसके तहत 16,525 रुपये छमाही किस्त के हिसाब से 66 माह तक भुगतान करना था। योजना के तहत 1,92,687 रुपये जमा किए। किस्त जमा होने के बाद 12 फरवरी को कार्यालय में उनसे सभी दस्तावेज व रसीदें जमा कराई। इसके बावजूद प्लॉट नहीं दिया। नजीराबाद थाना प्रभारी राजकेसर यादव ने बताया कि कंपनी के डायरेक्टर आशीष कुमार चतुर्वेदी, राजेश सिंह, जितेंद्र कुमार दीक्षित, एजेंट चंद्रभान पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# रशिया में नौकरी दिलाने के नाम परिचित ने 3.90 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** रशिया में नौकरी दिलाने के नाम पर परिचित ने 3.90 लाख ठग लिए। नौकरी न लगने पर पीड़ित ने रकम मांगी तो आरोपी ने धमकी दी। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत कर जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

तिवारीपुर निवासी प्रवीण कुमार के अनुसार नवंबर 2024 में उनकी मुलाकात डिफेंस कालोनी निवासी अबरार अहमद से हुई थी। अबरार ने प्रवीण से कहा कि वह विदेश में नौकरी लगवाते हैं। उसकी भी रशिया में नौकरी लगवा सकता है। जहां उन्हें 70 हजार रुपये महीना वेतन व कंपनी की ओर से रहने के लिए घर भी दिया जाएगा। बदले में उसे 50 हजार रुपये देने होंगे। प्रवीण के अनुसार वह आरोपी के झांसे में आ गए। दिसंबर 2024 को चेक के जरिए उन्होंने आरोपी को पचास हजार रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने कागजात और अन्य प्रकार के बहाने बनाकर उससे कई बार में 2.40 लाख रुपये हड़पे। इसके बाद आरोपी चार दिन में कंपनी का ऑफर लेटर आने की बात कही।

अबरार ने बीजा मिलने के बाद जहाज से रशिया भेजने की बात कहकर जून 2025 में उन्हें अपने साथ मुंबई ले गया। प्रवीण के अनुसार उसके साथ अबरार के दो साथी भी थे। मुंबई में उसे रोककर भी एक लाख रुपये खर्च करवाया। आरोप है कि रुपये खत्म होने पर आरोपी उससे नौकर जैसा बर्ताव करने लगा। कई बार मारपीट भी की। धमकी दी कि घर से और रकम मंगवा लो, नहीं तो तुम्हें मुंबई में ही मार देंगे। इसके बाद वह मौका पाकर वहां से भाग निकला। घर आने पर 19 नवंबर 2025 में उसे फोन करके अपनी रकम मांगी तो आरोपी ने गाली-गलौज कर धमकी दी। रकम देने से मुकर गया। इस पर पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता से शिकायत की। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

पीएम के नाम ज्ञापन | पेंशनर फोरम ने ईपीएफ पेंशन 7500 रुपये करने की मांग उठाई

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए पेंशनर्स का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते पेंशनधारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए और ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति माह की जाए। इस बाबत पेंशनर फोरम ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

शनिवार को पेंशनर फोरम के अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला की अगुवाई में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दलजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आठवें वेतन आयोग के निर्णयों में सेवानिवृत्त कर्मियों को भी शामिल किया जाए ताकि उन्हें मिलने वाले लाभ से वंचित न होना पड़े। मांग की गई है कि 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को वेतन और पेंशन में जोड़ा जाए और सभी पेंशनरों को आयकर से मुक्त करें। ईपीएस-95 के सेवानिवृत्त कर्मियों को कोश्यारी कमेटी की सिफारिश के अनुसार 7500 रुपये पेंशन के साथ महंगाई भत्ता देने की मांग उठाई गई।

फोरम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोरोना काल से पहले मिलने वाली रेलवे सहित अन्य रियायतें बहाल करने की मांग की गई। साथ ही 65, 70, 75 व 80 वर्ष की आयु पर अतिरिक्त पेंशन बढ़ोतरी लागू करने की मांग भी रखी गई। पुरानी पेंशन बहाली, आईआईटी के सेवानिवृत्त कर्मियों को सीजीएचएस सुविधा देने तथा पेंशन राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के बजाय 12 वर्ष में समाप्त करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल में रोके गए 18 माह के महंगाई राहत भत्ते के भुगतान पर भी पुनर्विचार करने की अपील की। ज्ञापन देने वालों में आनंद अवस्थी,बीएल. गुलबिया, सत्य नारायण, भानु प्रकाश निगम, आरपी शुक्ल, एचएन तिवारी , विनय, शिव शंकर, उमेश शुक्ल,, रविन्द्र मधुर, आरपी वर्मा, मुमताज हुसैन, पीएस बाजपाई, आनंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरियों पर व्यापारी आक्रोशित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में बढ़ी चोरियों पर व्यापारी आक्रोशित हैं। शहर में बढ़ी घटनाओं पर शनिवार को व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया। उन लोगों ने ज्ञापन देकर क्षेत्रों में रात की गश्त शुरू करने की मांग की। जिससे चोरियों पर अंकुश लग सके।

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से नयागंज में हुई लाखों की चोरी के पीड़ित व्यापारी सज्जन गुप्ता के साथ पुलिस आयुक्त रघुबीरलाल से मिले व ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल को बताया कि पिछले दिनों कानपुर की थोक बाजार नयागंज में दिनांक 2 मार्च को 25 लाख रुपए की चोरी और उसके बाद व्यापारी ने अपनी दुकान में और देखा तो 15 लाख रुपए के सोना चांदी के मंदिर का सामान भी चोरी हो गया था।

यह भी कहा कि होली त्योहार में थोक बाजारों के बंद होने के दौरान बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई जाए और शनिवार व रविवार की रात्रि को होने वाली चोरियों का विशेष निगरानी रखी जाए। प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता ने कहा कि महानगर की बाजारों में शाम व रात्रि के समय पिकेट ड्यूटी बढ़ाई जाए जिससे चोरी की घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने नयागंज में हुई बड़ी चोरी के खुलासे सहित चोरी की अन्य घटनाओं के खुलासा का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला युवा अध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला संयुक्त महामंत्री केके गुप्ता ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शुक्ल व अब्दुल वहीद आदि मौजूद रहे।

# दीनू गैंग का इनामी सदस्य गिरफ्तार

**कानपुर।** सीसामऊ पुलिस ने दीनू उपाध्याय गैंग के सदस्य 25 हजार रुपये के इनामी अतुल अग्निहोत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस आठ आरोपितों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

गांधी नगर के अभिषेक मिश्रा ने दीनू उपाध्याय, रवि पांडेय, अतुल अग्निहोत्री, जनार्दन पांडेय, रामचन्दर पासवान, नीरज दुबे समेत अन्य लोगों पर अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार अक्टूबर 2024 में उन्होंने अपना पुश्तैनी मकान बेचने के लिए एग्रीमेंट किया था। आरोपित उन पर 10 लाख रुपये देने का दबाव डाल रहे थे। आरोपित रुपये नहीं मिलने पर फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। इसके बाद पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## सिटी ब्रीफ

### आज शहर में रहेंगे डिप्टी सीएम पाठक

**कानपुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रविवार को शहर में रहेंगे। वह शाम को चार बजे संघ के होली मिलन समारोह में शामिल होने के बाद आजाद नगर स्थित वीएसएसडी कॉलेज जाएंगे। यहां पर एक घंटा रुकने के बाद वह किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पर उनके नवविवाहित पुत्र व पुत्रवधु को आशीर्वाद देंगे। इसके बाद वह पौने छह बजे लखनऊ रवाना होंगे।

### एक परीक्षार्थी के लिए 30 कर्मचारी लगे

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान शनिवार को इंटर की पाली में पूरे जिले में सिर्फ एक परीक्षार्थी ने पेपर दिया। मानव विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र हल करने आए परीक्षार्थी के लिए केंद्र में 30 कर्मचारियों सहित विभाग के सभी कर्मचारी परीक्षा ड्यूटी में शामिल रहे। सरयू नारायण बाल दिवद्याय इंटर कॉलेज में परीक्षा देने आया परीक्षार्थी शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना रहा। उधर सुबह की पाली में कॉमर्स के1533 में 1457 परीक्षार्थियों ने पेपर दिया। इंटर व्यवसायिक में 723 में 682 ने परीक्षा दी।

### किसानों को दिए वैज्ञानिक टिप्स

**कानपुर।** चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक में शनिवार को किसानों को खेती के वैज्ञानिक टिप्स दिए गए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी ने की। उन्होंने बताया कि अधिकतम पैदावार एवं आय प्राप्त करने के लिए कृषि विविधीकरण अपनाना आवश्यक है। इस बैठक में प्रगतिशील किसान कमल किशोर, राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### तकनीकी खराबी से गुल रही बिजली

**कानपुर।** शहर के हार्समैन बाग उपकेंद से जुड़े 11केवी के सभी फीडरों की बिजली शनिवार को दोपहर दो बजे पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आने की वजह से गुल हो गई। जानकारी पर पहुंची केस्को टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया, जिसके बाद शाम को साढ़े चार बजे के बाद आई तो क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

### आज 11 बजे से 4 बजे तक नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** विजय नगर, नवाबगंज, रैना मार्केट व विष्णुपुरी में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नहीं रहेगी। उद्योग कुंज के औद्योगिक क्षेत्र में दोपहर एक बजे से दोपहर तीन बजे तक, सिविल लाइंस, ग्रीन पार्क व गोपाला विहार में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक और आजाद नगर, नवाबगंज व विष्णुपुरी में बिजली सुबह 10 बजे दोपहर दो बजे तक नहीं रहेगी।

### झांसी रूट पर 4 घंटे का ब्लाक, पुल तैयार

**कानपुर।** झांसी रेल मंडल के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर शनिवार को झांसी–कानपुर रेलखंड के मलासा–लालपुर डाउन लाइन पर स्थित किमी 1302/2 पर बने पुराने स्टोन स्लैब ब्रिज को हटाकर उसकी जगह आधुनिक 1.9×2.29 मीटर के आरसीसी बॉक्स पुल से प्रतिस्थापित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि इस कार्य में इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा किया।

# डीएम के निरीक्षण में तीन शिक्षक गैरहाजिर

- जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तीनों शिक्षकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय कठेरुआ में अचानक छापा मारा तो वहां तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के आदेश दिये और तीनों शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए अनुपस्थित रहने का कारण पूछा है।

शनिवार को जिलाधिकारी के निरीक्षण में आरती, विभा निगम और अनिता कटियार विद्यालय में अनुपस्थित पाई गईं। शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी का कारण बताया तो जिलाधिकारी ने मौके से ही मोबाइल फोन के माध्यम से तीनों शिक्षकों से बात कर विद्यालय न आने की वजह पूछी। बातचीत में सामने आया कि दो शिक्षिका अपने घर पर थीं जबकि एक ने रास्ते में होने की बात कह रही थी। विद्यालय में सविता, अर्चना राठौर, शशि गौतम और अस्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं जबकि दो शिक्षा मित्र भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पाए गए। मौके पर मौजूद दो शिक्षक बीएलओ कार्य देखने के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी करते मिले। जिलाधिकारी ने ऐसे शिक्षकों की सराहना की।

### छुट्टी के बाद बीएलओ का कार्य देखें शिक्षक

- जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का मुख्य कार्य अध्यापन है और किसी भी स्थिति में पठन-पाठन प्रभावित नहीं होना चाहिए। बीएलओ की ड्यूटी विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या विद्यालय की छुट्टी के बाद करने का निर्देश है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अलग से एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को उनका वेतन शिक्षण कार्य के लिए मिलता है, इसलिए बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अपने मूल कार्य से विरत होना उचित नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध का असर, गैस के दाम बढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे भीषण युद्ध की चिंगारी महंगाई के रूप में अपने देश में आ पहुंची है। रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ने से एक तरफ जहां कानपुर नगर के 13.5 लाख उपभोक्ताओं की जेब ढीली होगी, वहीं कामर्शियल सिलेंडर के दामों में 114.53 की बढ़ोत्तरी होने से खाने पीने व फास्ट फूड की वस्तुओं पर भी महंगाई की मार पड़ना तय है।

अपने महानगर में लगभग 13.5 लाख गैस उपभोक्ता हैं इनमें कई उभोक्ताओं ने तीन चार दिन पहले गैस सिलेंडर ऑन लाइन बुक करने की कोशिश की, उन्हें मायूसी हाथ लगी क्योंकि ऑन लाइन सिस्टम पूरी तरह काम नही कर रहा था। गैस एंजेंसियों का तर्क है कि गैस की आपूर्ति इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि होली के मौके पर कर्मचारी छुट्टी पर चले गये थे।

गैस बुक कराने वाले अब सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज आ गया है कि गैस सिलेंडर के दाम 868 रुपये के बजाय 928 रुपये देने होंगे। इसी प्रकार चाय,. होटल, समोसा, पकौड़ी, मिठाई व अन्य कारोबार करने वाले अपने शहर में लगभग 15000 कामर्शियल सिलेंडर उपभोक्ता हैं, कामर्शियल सिलेंडर के दाम भी 114.53 रुपये बढ़ा दिये गये हैं जिससे दुकानों पर खाने पीने की वस्तुओं के रेट भी बढ़ना तय है।

गैस एजेंसी एसोसिएशन के महामंत्री भारतीस का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये एवं कामर्शियल सिलेंडर के दामों में 114.53 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। यह नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।



**60** रुपये महंगी हुई घरेलू रसोई गैस

**1905** रुपये का हुआ कॉमर्शियल गैस सिलेंडर

**13.5** लाख शहर के उपभोक्ताओं पर पड़ी महंगाई की मार

### महानगर में गैस उपभोक्ता

| | |
|---|---|
| कुल उपभोक्ता | 13 .5 लाख |
| भारत पेट्रोलियम | 2 .5 लाख |
| हिंदुस्तान पेट्रोलियम | 2 .5 लाख |
| इंडियन ऑयल | 8 .5 लाख |
| कामर्शियल उपभोक्ता | 15000 |

### गैस सिलेंडर के दाम

| सिलेंडर | पहले | अब |
|---|---|---|
| घरेलू | 8 .68 रुपये | 928 रुपये |
| कामर्शियल | 1790 .47 रुपये | 1905 रुपये |

## अब 21 दिन के बाद ही हो सकेगी गैस बुकिंग

- सीएनजी और पीएनजी सप्लाई प्रभावित होने का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल का ईरान के साथ चल रहा युद्ध का असर अपने देश पर साफ दिखाई देने लगा है। एलएनजी की आपूर्ति कम होने की आशंक बीच देश में सीएनजी और पीएनजी सप्लाई प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। गैस कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग 21 दिन के अंतराल से ही होगी। इस नए नियम से शहर मे कालाबाजी का एक अयाम खुल जाएगा।

शहर के उपभोक्ताओं की चिंता इस फैसले से बढ़ गई है। अपने शहर में दो लाख से अधिक सीएनजी वाहन और करीब एक लाख पीएनजी उपभोक्ता हैं। जैसा कि कई इलाकों में पहले से ही गैस सि की डिलीवरी में देरी की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में बुकिंग के लिए अतिरिक्त इंतजार से घरेलू बजट और रसोई की व्यवस्था दोनों प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में एलपीजी वितरक संगठन के संरक्षक भारतीष मिश्रा का कहना है कि इसका उद्देश्य सीमित आपूर्ति के सभी उपभोक्ताओं तक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना और घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देना है। बताते चलें कि तमाम ऐसे लोग हैं जिनके पास सिलेंडर की संख्या कम है लेकिन परिवार बड़ा है। ऐसे परिवार के सामने कालीबाजारी से सिलेंडर लेने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

# विदेशी कच्चा होगा माल महंगा बढ़ेंगे निर्यात उत्पाद के दाम

## इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के चलते सरचार्ज बढ़ने से पड़ा असर

कार्यालय सवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच रहे युद्ध का दोहरा असर निर्यातकों पर पड़ रहा है। युद्ध के चलते बढ़े कार्गों कंपनियों के सरचार्ज से अब विदेश से आने वाला कच्चा माल महंगा होने की बात कही जा रही है। इसका असर तैयार उत्पाद पर पड़ेगा। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निर्यातकों को भविष्य में अपना उत्पाद अधिक कीमत पर ऑफर करना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि बढ़े हुए सरचार्ज से लगभग 8 से 10 फीसदी उत्पाद पर असर पड़ सकता है।

शहर में मुख्य रूप से लेदर, टेक्सटाइल, मशीनरी सहित अन्य उत्पादों का निर्यात किया जाता है। इनमें चमड़े, टेक्सटाइल और मशीनरी सहित अन्य प्लास्टिक उत्पादों के कंपाउंड विदेश से आयात किए जाते हैं। युद्ध के हालातों के बीच किराया व इंश्योरेंस महंगा होने से इन कच्चे माल की ढुलाई भी महंगी हो गई है। ऐसे में यह कच्चा माल से तैयार उत्पादों पर भी सीधा असर पड़ने वाला है। खासतौर पर लेदर मे इस्तेमाल होने वाले कैमिकल, पैताबे, अपर लेदर से उत्पादों की कीमत बढ़ा सकते हैं। प्लास्टिक के दानों से बनने वाले उत्पाद जैसे टेबल, कुर्सी , फाइबर अलमारी, हल्के फाइबर प्रोडक्ट, खिलौने, टायल्स पर भी असर माना जा रहा है। निर्यात विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थिति के बनने के बाद निर्यातकों को विदेशी बाजार में प्रतियोगिता करना भी मुश्किल होगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाइजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि यह युद्ध निर्यवाकों के लिए विपरीत स्थिति बना हुआ है। टैरिफ के बाद से उबर रहे निर्यात बाजार कारोबार को यह युद्ध काफी हद तक प्रभावित कर रहा है।



"इस युद्ध से न सिर्फ सरचार्ज महंगे हए हैं कच्चे माल की कीमतें भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। खासतौर पर प्लास्टिक के रॉ मिटेरियल पर असर पड़ने से उद्योग बुरी तरह से प्रभावित होगा। इसके लिए जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लिया जाना बेहद जरूरी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो उद्योग के लिए बुरी स्थिति खड़ी हो सकती है।

–अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, पीआईए



"युद्ध से एमएसएमई सेक्टर में असर पड़ना दिखाई देने लगा है। गैस महंगी होने से इसकी शुरुआत हो गई है। अब विदेश से आने वाले प्लास्टिक दाने सहित अन्य कच्चा माल महंगाई की मार दिखाएगा। इससे ऐसे छोटे उद्योग जो निर्यात युनिट से जुड़े हैं वे सबसे अधिक प्रभावित होंगे। सब्सिडी जैसे कदम उठाए जाने जरूरी है।

–अंकुर अंशवानी, महामंत्री, लघु उद्योग भारती

### घरेलू बाजार भी होगा प्रभावित

- ऐसे सेक्टर जहां पर आयातित कच्चे माल से घरेलू उत्पादों को बनाया जाता है, उनमें भी 5 से 7 फीसदी तक उत्पादों के रेट बढ़ना बताया जा रहा है। कारोबार विशेषज्ञ कच्चे माल के महंगे होने का असर दो से तीन महीनों में बाजार में दिखाई देने की बात कर रहे हैं। इनमें चमड़े के उत्पाद, ब्रांडेड कपड़े प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**10** फीसदी तक विदेशी कच्चा माल महंगा

**20** फीसदी एमएसएमई सेक्टर होगा प्रभावित

**10** हजार करोड़ रुपये का निर्यात शहर से होता है

### अमेरिकी बाजार में निर्यात पर असर

- निर्यात कारोबारी विदेश तक पहुंच के लिए कोटेशन पर काम करते हैं। कोटेशन में 2 से 5 फीसदी का उतार-चढ़ाव ऑर्डर में भूमिका निभाता है। ऐसे में निर्यात बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे माल से महंगे हुए उत्पादों के ऑर्डर मिलना निर्यातकों के लिए मुश्किल काम हो सकता है। खासतौर पर अमेरिका जैसे बाजार में जहां पर सबसे अधिक विदेशी विक्रेता होते हैं, उस बाजार में निर्यातक पिछड़ सकते हैं।

## सीआईआई का कॉन्क्लेव 13 को

**कानपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ कानपुर ज़ोन द्वारा सीआईआई लीडरशिप कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव सामूहिक उपलब्धियों, विभिन्न पहलों तथा नए भारत की विकास गाथा में कानपुर की महत्वपूर्ण भूमिका का उत्सव माना जा रहा है। इस कार्यक्रम में सीआईआई के सदस्य, विचारक, नवप्रवर्तक, उद्योग जगत के अग्रणी नेता तथा उभरते उद्यमी एक साथ आएंगे।



सिस्टर शिवानी।

कार्यक्रम में देश के विकास एवं प्रगति के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सीआईआई लीडरशिप कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण में ब्रह्मा कुमारी सिस्टर शिवानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। जो 13 मार्च को कानपुर में है।

वे आंतरिक नेतृत्व को मजबूत बनाने, चुनौतियों का सामना करने तथा आत्मबल, स्पष्टता और सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाए रखने पर अपने विचार साझा करेंगी। कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सीआईआई कार्यालय से 9839228200 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर की जांच की उठाई मांग

- सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व नसीम सोलंकी का सीएम को पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज स्थित नगर निगम की भूमि पर कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करीब 100 करोड़ की लागत से एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया गया है। निर्माण जुलाई 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन संचालन नहीं किया जा रहा है। सपा के दो विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संचालन में हो रही देरी की जांच कराने की मांग की है।

आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य जुलाई 2024 में पूरा हो चुका है। चार अक्टूबर 2024 को जिला प्रशासन के सहयोग से इस परिसर में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा चुका है, जिससे यह स्पष्ट है कि भवन पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार है। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी आज तक कन्वेंशन सेंटर का नियमित संचालन शुरू नहीं किया गया है। अनावश्यक विलंब से व्यापारिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक संगठनों, व्यावसायिक संस्थाओं व सामाजिक संगठनों को कार्यक्रमों के आयोजन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



सरसौल में किसानों को बीज वितरित किया गया। अमृत विचार

### किसानों को वितरित किए निःशुल्क बीज

**कानपुर।** विकास खंड सरसौल में शनिवार को गन्ना किसानों को गन्ने की फसल के साथ अंतः फसली के रूप में मूंग की फसल लगाने के लिए बीज का निशुल्क वितरण किया गया। इसका उद्देश्य राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप गन्ना किसानों की आय में वृद्धि करना रहा। राजकीय बीज भंडार प्रभारी राजेश कुमार के मुताबिक बसंतकालीन गन्ना (फरवरी–मार्च) की खेती में तीन से चार फीट की कतारों के बीच खाली स्थान का उपयोग कर मूंग की फसल लगाई जा सकती है, जिससे लगभग 60 से 65 दिनों में अतिरिक्त आय प्राप्त होने के साथ गन्ने की पैदावार में 30 से 35 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। न्याय पंचायत प्रभारी प्राची यादव ने कहा कि यह दलहनी फसल नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और खरपतवारों को नियंत्रित करने में भी सहायक होती है।



सनातन धर्म मंदिर से निकली कलश यात्रा में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। अमृत विचार

### सनातन धर्म मंदिर से कलश यात्रा निकली

**कानपुर।** शनिवार को सनातन धर्म मंदिर से निकली कलश यात्रा में 111 सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। यात्रा में कथा के यजमान विजय आजमानी पोथी को सिर पर रखकर चल रहे थे। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गुमटी बंबा रोड सब्जी मंडी होते हुए वापस मंदिर में समाप्त हुई। इसके बाद शाम को हुई कथा में मथुरा आए विश्व चेतन महाराज ने भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। आयोजक ध्रुव कुमार ने बताया की कथा प्रतिदिन 2:00 बजे से 6:00 बजे तक होगी। जो नौ मार्च को सृष्टि वर्णन, नरसिंह अवतार,10 मार्च को वामन अवतार, श्रीराम अवतार, श्रीकृष्णजन्मजन्मोत्सव,11 मार्च को बाललीला व गोवर्धन पूजा, 12 मार्च को कंश वध व रुकमनी विवाह,13 मार्च को सुदामा चरित्र व सुखदेव की विदाई,14 मार्च को हवन व भंडारा का आयोजन होगा। इस दौरान कार्यक्रम में ध्रुव कुमार ,रोहिया, कुंज बिहारी, विनय,सुभाष, सुनील,प्रमोद, अशोक,अजय कपूर आदि लोग सम्मिलित रहे।

### वीरेंद्र प्रताप सिंह सोसाइटी के उपाध्यक्ष बने



**कानपुर।** एसएएफ एम्पलाइज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के चुनाव हुए। यह चुनाव एसएएफ मजदूर यूनियन (संबद्धः भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ) के अध्यक्ष सुनील अवस्थी एवं मंत्री मोहन लाल अरोड़ा के नेतृत्व में हुए। चुनाव के परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि वीरेंद्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत के साथ उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया है। उनकी इस जीत पर यूनियन के सदस्यों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान को-ऑपरेटिव चेयरमैन शंभू दुबे, जय प्रकाश बॉथम, वरुण सिंह एवं सुषमा सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी सदस्यों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। विजयी प्रत्याशी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी जीत को कर्मचारियों के विश्वास की जीत बताया और सोसाइटी के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## स्कूलों में प्रवेश के लिए मुहिम छेड़ेगी कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों में आरटीई के तहत आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों के होनहार बच्चों का प्रवेश लेने का नियम है लेकिन निजी स्कूल प्रवेश लेने के बजाय आनाकानी कर रहे हैं जिसके खिलाफ कांग्रेस ने आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है।

कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से भेंट कर संसद में ये मामला उठाने की मांग की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कानपुर के निजी स्कूल आरटीई के तहत बच्चों का एडमीशन नहीं ले रहे हैं। इन स्कूलों की फीस इतनी अधिक है कि मध्यम वर्ग के लोग ऐसे स्कूलों में प्रवेश नहीं दिला पा रहे हैं, जिससे मेधावी बच्चे तनाव में हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण होता जा रहा है। मांग की गई कि इस मामले को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तक इस मामले को पहुंचाएं ताकि संसद में इस अन्याय और लूट के खिलाफ आवाज उठे। प्रतिनिधिमंडल में राकेश साहू, अजय श्रीवास्तव शीलू, विनोद अवस्थी, अमनदीप सिंह लवी, विकास अवस्थी,म जीतेन्द्र गिरी, धवल पांडे एवं विकास सक्सेना आदि थे।

सशक्तिकरण पर जोर

महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

## उद्यमों में महिला की भागेदारी बढ़ाने पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यालय सभागार में हुए इस आयोजन में उन्हें सरकारी विभागों और बैंकों की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर भी दिया गया। उद्यमियों ने कहा कि उद्योग में महिला उद्यमियों की भागेदारी बढ़ना समय की जरूरत है।

समारोह में एमएसएमई विकास कार्यालय के उप निदेशक एसके पांडेय ने मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इसी तरह निदेशक वीके वर्मा ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उद्यमियों को सहायता का आश्वासन दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उद्यमी बलराम नरूला ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उद्यम में महिला भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। कहा कि इस वक्त महिला उद्यमियों को सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में उनके लिए उद्यमिता की राह आसान हुई है।

कार्यक्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त (उद्योग) अंजनीश प्रताप सिंह ने राज्य सरकार की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। यूको बैंक की प्रबंधक स्वाती गुप्ता ने उद्यमियों के लिए बैंकों की ऋण योजनाओं और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया।

सहायक निदेशक अमित बाजपेयी ने एमएसएमई मंत्रालय की पीएमएस योजना के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। सहायक निदेशक नीरज कुमार ने महिला उद्यमियों और प्रतिभागियों को निर्यात संबंधी जानकारी दी। सितारा फाउंडेशन की फाउंडर सरिता वहाब ने अपने संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सहायक निदेशक अविनाश कुमार, केपी शील, निशा तिवारी, निधि रस्तोगी, नंदिता अग्रवाल, सुमन निगम, सोनिया दमेले आदि मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार




कार्यक्रम में अधिकारियों ने भाग लिया। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### रामलला मंदिर में होली मिलन समारोह

**कानपुर।** रावतपुर गांव स्थित रामलला मंदिर परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शामिल कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मौजूद लोगों के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी, अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, राहुल सिंह , मनीष चौधरी समेत आदि लोग शामिल रहे।

### समाजसेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

**कानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम सागर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित 'अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्य योजना का जनपद स्तर पर संचालन किया जाना है। योजना में वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा वृद्धावस्था जनित रोगों की जांच के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विशेष रूप से डिमेंशिया की स्क्रीनिंग तथा गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच के साथ आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया जाएगा जिसके लिए इच्छुक संस्थाएं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध कराएं।

### सीएसजेएमयू के होली मिलन में मची धूम

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय परिसर स्थित रोज गार्डन में आयोजित इस समारोह में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक और वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक ने शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों का गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान हुई सांस्कृतिक संध्या में विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के शिक्षकों, छात्रों ने होली से जुड़े पारंपरिक गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार के बीच आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देते हैं तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।


अबीर-गुलाल से सराबोर छात्राएं। अमृत विचार

## होलिकोत्सव में बच्चों ने खेली होली

**कानपुर।** लिटिल एन्जल स्कूल में शनिवार को होलिकोत्सव का आयोजन हुआ। तिलक नगर स्थित स्कूल में हुए इस आयोजन में बच्चों को होली का महत्व भी बताया गया। महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने अबीर व गुलाल उड़ा कर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में प्रबन्धक तन्मय अरोरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि होली का पर्व रंग व उत्साह का पर्व होता है।

# राधा-माधव संग फूलों की होली में प्रेम रस की फुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इस्कॉन मंदिर में शनिवार को पुष्प होली महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान प्रभु का विदेशी फूलों से श्रृंगार हुआ। प्रभु संग फूलों की होली खेलने के लिए मंदिर की ओर से लगभग दस हजार किलो फूलों की व्यवस्था की गई थी। भक्तों ने भी प्रभु को फूल अर्पित कर होली की बधाई दी।

पुरूप होली खेलने के लिए मैनावती मार्ग स्थित मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचने लगे थे। यहां पर सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत हो गई थी। इनमें मंदिर की ओर से प्रवचन भी शामिल रहा। फूलों की होली भक्तों के लिए विशेष रूप से अद्भुत एवं आकर्षक रही। मंदिर के मुख्य विग्रह श्रीश्री राधा माधव, श्रीश्री गौर निताई व श्रीश्री जानकी-जानकी वल्लभ लक्ष्मण हनुमान जी का पुष्प श्रृंगार किया गया। बताया गया कि यह फूल सिंगापुर, मलेशिया, पुणे एवं बेंगलुरु जैसे विभिन्न स्थानों से मंगवाए गए थे। इन पुष्पों से मंदिर परिसर को अत्यंत सुंदर ढंग से सजाया गया। जिससे वातावरण एक दिव्य पुष्प-वाटिका जैसा प्रतीत हो रहा था।

मंदिर में सुबह इस्कॉन के जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभु ने श्रीमद्भागवत पर प्रवचन दिया, जिसमें उन्होंने भक्तों को भक्ति, साधना और श्रीकृष्ण के पवित्र नाम के महत्व पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही पुष्प होली शुरू हुई, भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की और पूरा परिसर फूलों की सुगंध एवं भक्ति-भाव से सराबोर हो गया। इस दौरान विशेष रूप से वृंदावन से ब्रजवासियों की एक प्रसिद्ध कीर्तन मंडली भी शामिल हुई। जिन्होंने भावपूर्ण संकीर्तन से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हरे कृष्ण महामंत्र का सामूहिक कीर्तन, मृदंग और करताल की गूंजती ध्वनियों के साथ जब मंदिर परिसर में गूंजा तो भक्त भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य एवं कीर्तन में लीन हो गए।


इस्कॉन मंदिर के होली महोत्सव में जुटी अपार भीड़। अमृत विचार


सज-धजकर भक्तों को दर्शन देने आए राधा-माधव। अमृत विचार

### लखनऊ से यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने मेट्रो को हरी झंडी दिखाई

# शहर में नारियों को विशेष 'शक्ति मेट्रो' का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर शनिवार को कानपुर मेट्रो ने नारी शक्ति को समर्पित शक्ति मेट्रो की शुरुआत की। इस विशेष मेट्रो ट्रेन को लखनऊ से यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो के अंदर महिला उपलब्धियों को समर्पित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जो सप्ताह भर तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि कानपुर मेट्रो के हर विभाग में महिलाएं अहम भूमिकाएं निभा रहीं हैं। ट्रेन ऑपरेशंस से लेकर सिविल व इलेक्ट्रिकल विभागों तक महिलाओं की भागीदारी सक्रिय है। गुरुदेव चौराहा मेट्रो स्टेशन पर शनिवार को कानपुर प्लॉगर्स, गंगा सूत्र सहित विभिन्न संस्थाओं व एनजीओ से जुड़ी महिलाएं शक्ति मेट्रो में सवार हुईं और उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महिला उपलब्धियों को समर्पित इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख महिलाओं की प्रेरणादायक यात्राओं को प्रदर्शित किया गया है।


मेट्रो में महिलाओं के लिए विशेष इंतजामों की जानकारी देतीं मेट्रो परिचालन कर्मी।

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कानपुर मेट्रो की ओर से महिलाओं को उपहार
- महिलाएं इमरजेंसी इंटरकॉम या पैनिक बटन से सीधे ऑपरेटर से कर सकती हैं संपर्क

इस विशेष मेट्रो राइड के दौरान कानपुर मेट्रो की महिला मेट्रो परिचालन कर्मियों ने मेट्रो में महिलाओं के लिए किए गए विशेष प्रावधानों की जानकारी दी। बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिला यात्री ट्रेन में लगे पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम या पैनिक बटन के माध्यम से सीधे ट्रेन ऑपरेटर से संपर्क कर सकती हैं। हर ट्रेन में लगभग 12 और प्रत्येक स्टेशन पर लगभग 45 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनकी रियल-टाइम मॉनिटरिंग सेंट्रल सिक्योरिटी रूम से की जाती है।

### सुरक्षा उपायों के साथ हाउस कीपिंग स्टाफ की तैनाती

- स्टेशनों पर पारदर्शी कंट्रोल रूम, टिकट काउंटर और लिफ्ट्स बनाए गए हैं। ताकि पूरे स्टेशन पर निगरानी रखी जा सके। महिला यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षाकर्मी और महिला हाउस कीपिंग स्टाफ भी तैनात हैं।

### मेट्रो में महिलाओं की अहम भूमिका

- यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उप्र मेट्रो के सभी विभागों में ट्रेन परिचालन, रखरखाव जैसे प्रमुख तकनीकी विभागों के कार्यबल में महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा है। हर तीन में से एक ट्रेन का संचालन महिला ट्रेन ऑपरेटर करती हैं। इसी प्रकार मेंटेनेंस, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिकल सिस्टम जैसे मुख्य तकनीकी विभागों में हर चार में से एक कर्मचारी महिला है।


श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के महोत्सव में शोभायात्रा के दौरान भक्ति में डूबीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

# शोभायात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 77वें बाबा दयाराम स्मृति महोत्सव के दूसरे दिन शोभायात्रा निकली

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 77वें बाबा दयाराम स्मृति महोत्सव के दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली गई। फूलों से सजी पालकी पर स्वरूप साहब (ग्रंथ साहिब) विराजमान रहे। करनाल (हरियाणा) से पधारे जगतराज महाराज फूलों से सजी जीप में बैठकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते रहे।

शोभायात्रा में भजन – कीर्तन की मधुर धुनों से माहौल भक्तिमय हो गया। गुलशन मोंगा ने भजन 'श्यामा श्याम हो, धनी धाम हो, तेरे चरणों में मेरा प्रणाम हो' गाकर शोभायात्रा को चलायमान किया। नूतन कालड़ा ने 'पहले प्राणनाथ गुण गा लै, होर काम फिर कर लेंई, मुजफ्फरनगर से पधारे कृष्ण लाल ने 'मेरी लागी पिया संग प्रीत, दुनिया क्या जाने, गोवर्धन (मथुरा) से पधारे साध्वी रूकमणी ने'घर-घर में अब जय श्री राज', जब गाया तो साथ चल रहे सुन्दर साथ (संगत) तालियां बजाकर सहयोग किया। बंटी भईया और वन्दना कालडा ने 'दीवानयां दी महफिल सज़ गयी ऐ. ईश्क दी मस्ती चढ़ गयी ऐ गाकर समां बांधा।

शोभायात्रा बाईपास रोड, सीटीआई, औद्योगिक कालोनी, नटराज सिनेमा से मुख्य मार्ग होती हुई वापस मन्दिर पहुंची। शोभायात्रा मार्ग में सिल्की भगत ने पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद का वितरण किया। जब शोभायात्रा दुर्गा मन्दिर पहुंची तो डा० सुरेन्द्र सर्राफ एवं अशोक गांधी अपनी समस्त कार्यकारिणी के साथ उपस्थिति थे। डा. सुरेन्द्र सर्राफ ने प्रणामी मन्दिर की मुख्य सेविका ममता गिरधर को माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया और गुरू महाराज को पुष्पमाला पहनाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इसके बाद सभी ने राजश्यामा जी की आरती उतारी। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेन्द्र, पंकज, प्रवेश, अनिल, अनिल, गुलशन, राजेश, संजय, कमल, खैराती आदि उपस्थित रहे।

# जैन मंदिर में आज होगा महोत्सव

**कानपुर।** आनंदपुरी स्थित 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का वार्षिक समारोह 8 मार्च को आयोजित होगा। आयोजन के बारे में अनूप जैन ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण स्वर्णमय रथ होगा जो की कानपुर से 1 हजार किलोमीटर दूर राजस्थान के पाली जिला में सुमेरपुर से बनकर आया है। इसमें कई कारीगरों ने काफी समय लगाकर भव्य रूप प्रदान किया है। इस रथ में शुद्ध सागवान की लकड़ी और जर्मन सिल्वर सहित अन्य धातुओं का उपयोग किया गया है। इस रथ को बनवाने में संजीव जैन, पीयूष कल्पना जैन, महेंद्र कटारिया, डॉ अनूप जैन , अनिल जैन कमल टेक्सटाइल , प्रवीण जैन, मनीष अजमेरा व समाज के अन्य लोगों ने सहयोग किया है। महोत्सव के दौरान सुबह 7 बजे श्री आदिनाथ भगवान की शोभायात्रा रथ के माध्यम से पूरी आनंदपुरी में भ्रमण के लिए निकली जाएगी।


राजस्थान से बनकर आया स्वर्णमय रथ। अमृत विचार

# गंगा मेला में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आगामी 10 मार्च को होने वाले हटिया होली मेला (गंगा मेला) के आयोजन को लेकर शनिवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने रज्जन बाबू पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त ने रंगों के ठेले लगाने के स्थान, मंच की व्यवस्था, अधिकारियों के बैठने की जगह और तिरंगा फहराने के स्थान की जानकारी ली। साथ ही पार्क में स्थापित क्रांतिकारियों के शिलालेख का भी अवलोकन किया। इसके अलावा जुलूस के दौरान रंगों से भरी गाड़ियों के खड़े होने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। हटिया होली मेला (गंगा मेला) महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र विश्नोई से जुलूस मार्ग और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत बातचीत की गई। कमेटी ने जुलूस के दौरान भैंसिया वाला हाता, कहारों वाला हाता, बिरहाना रोड स्थित मटकी फोड़ स्थल और नया गंज पूरन पान चौराहे पर विशेष निगरानी की मांग की।

**गम और गुस्सा** ईद-उल-फितर पर न तो नए कपड़े पहनेंगे और न ही सिंवई बनाएंगे

# खामनेई की शहादत पर ईद नहीं मनाएगा शिया समुदाय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दुनिया के सबसे बड़े शिया धर्मगुरु और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनाई की शहादत के बाद शिया समुदाय में गम और गुस्से की लहर है। रमजान में जिस तरह अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करके खामेनाई सहित मासूम स्कूली बच्चों की जान ली है, उसकी पूरी दुनिया के अमन पसंद लोग निंदा कर रहे हैं। कानपुर में भी शिया समुदाय ने ईद नहीं मनाने का फैसला लिया है। अलविदा और ईद की नमाज में भी काली पट्टी बांधेंगे।

शनिवार को इस सिलसिले में ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की चर्च रोड ग्वालटोली में बैठक हुई जिसमें ये फैसला लिया गया। तय हुआ कि इस बार शिया समुदाय ईद नहीं मनाएगा। बैठक में अयातुल्ला खामेनाई को खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने कहा कि पूरी दुनिया में बेकसूर लोग मारे जा रहे हैं और ईरान में जिस प्रकार से दुनिया के सबसे बड़े शिया धर्मगुरु और ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनाई को शहीद किया गया, इस घटना से हमारा दिल गम से भरा हुआ है। यही वजह है कि इस बार शिया समुदाय बेहद सादगी के साथ काली पट्टी बांध कर ईद की नमाज अदा करेगा। इस ईद में न तो नए कपड़े पहने जाएंगे और न ही सेवाइयां बनाई जाएगी। शिया समुदाय कोई ऐसा काम नहीं करेगा जिससे खुशी जाहिर हो। अलविदा जुमे की नमाज़ भी काली पट्टी बांधकर अदा की जाएगी। उन्होंने कहा कि खामेनाई न सिर्फ शियों बल्कि पूरी दुनिया के अमन पसंद लोगों को लीडर थे। उन्होंने अमेरिका के आगे झुकने की जगह शहादत को चुना। उन्होंने दिखा दिया की हक के रास्ते पर चलने वाला इंसान कभी जालिम से समझौता नहीं करता। करबला के मैदान में जिस तरह से हजरत इमाम हुसैन ने यजीद की बैयत (समझौता) नहीं की, उसी तरह खामेनाई ने भी अमेरिका के हाथ में अपना हाथ देने से इंकार कर दिया। उनकी शहादत से पूरी दुनिया के हर धर्म के इंसाफ पसंद लोग दुखी हैं। बैठक में मोहम्मद जकी, दानिश रिजवी, जमील हुसैन, मोहम्मद रजा, शहादत रिजवी, वहदत काजमी, शारिब अब्बास, नजर अब्बास, शाहिद अली, आमिर अब्बास, आफताब हुसैन, शहाब रिजवी आदि मौजूद रहे।


चर्च रोड ग्वालटोली में शिया समुदाय की बैठक में पहुंचे लोग। अमृत विचार

### खामेनेई की शहादत पर कैंडल मार्च

- **कानपुर।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की शहादत को लेकर शनिवार की शाम को चमनगंज मोहम्मद अली पार्क के पास स्थित जॉन्स कान्वेंट स्कूल से कैंडल मार्च निकाला गया। शनिवार को चमनगंज स्थित स्कूल से आसमा जैदी की अगुवाई में ख्वातीन व बच्चियों ने नम आंखों के साथ कैंडल जुलूस निकाला। इस अवसर पर असमा जैदी ने कहा कि गाजा, फिलिस्तीन और ईरान में मासूम बच्चों के स्कूलों पर हमला करके मासूमों और बेगुनाहों की जान लेने वाले इजरायल और अमेरिका का घिनौना कृत्य आतंकवाद की श्रेणी में आता है। कैंडल मार्च में रहबरे मोअज्जम खामनेई साहब जिन्दाबाद, ईरान जिन्दाबाद, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद और अमेरिका, इजरायल, ट्रंप, नेतन्याहू मुर्दाबाद के नारे लगे।

## सिटी डायरी


होली मिलन समारोह में भाग लेते मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### पर्व हमें देते भाईचारे की सीख

**कानपुर।** होली मिलन समारोह का आयोजन श्री रामलला मंदिर परिसर रावतपुर में किया गया। मुख्य अतिथि एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पर्व हमें भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हैं। इस अवसर पर विधायक अभिजीत सिंह सांगा , डीसीपी पश्चिम कासिम , आयोजित समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल , राहुल सिंह चंदेल , मनीष चौधरी,अवध बिहारी मिश्र,गोल्डन बाबा,अनूप पचौरी ,मधुराम, अजय चौहान, पवन अवस्थी, रवि कश्यप, दीपक दिवाकर,विजय दिवाकर उपस्थित रहे।


कठेरुआ के मंदिर पहुंचे डीएम का स्वागत हुआ। अमृत विचार

### डीएम ने कष्टभंजन के किये दर्शन

**कानपुर।** बिधनू के कठेरुआ गांव स्थित कष्टभंजन हनुमत सिद्धाश्रम धाम में शनिवार सुबह डीएम दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने प्रसाद चढ़ाने के साथ खुद मध्याह्न की आरती की। धाम के पीठाधीश्वर चन्द्रेश महाराज ने डीएम को तिलक कर हनुमान जी की आशीर्वाद माला पहनाई। चित्र भेंट किया। करीब 30 मिनट धाम में रुककर जिलाधिकारी ने पूरे आश्रम को देखा और दिव्य शक्ति की अनुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब धाम में कष्टभंजन हनुमान जी महाराज के दर्शन करने आता रहूंगा। साथ हाईवे से धाम के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार बनवाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद प्रासाद प्राप्त कर घाटमपुर तहसील दिवस के लिए निकल गए।


महिलाओं को सम्मानित करतीं राज्यमंत्री कमलावती सिंह।

### गोविंद नगर में 450 बहनों का सम्मान

**कानपुर।** सिख फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त धर्मशाला गोविंद नगर में समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहीं लगभग 450 बहनों को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने शॉल, दुपट्टा, साड़ी भेंट की। उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की चेयरमैन कमलावती सिंह ने कहा कि घर में चौका बर्तन और काम संभालने वाली नारी आज विश्व की आवाज बन गई हैं। यहां भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, महिला आयोग की सदस्य पूनम कपूर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, पूनम द्विवेदी, रीता शास्त्री, राहुल जैन, प्रीती रंजन, शुभांगी द्विवेदी आदि रहीं।

### महिलाओं की मदद करने वाली नारियों का सम्मान

**कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को सखी केंद्र के सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना के संचालन और प्राची के संगठन गीत से हुई। संस्था की प्रमुख नीलम चतुर्वेदी ने युवा लीडर्स के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में 14 फरवरी से 8 मार्च तक 'वन बिलियन राइजिंग'अभियान चलाया गया। सखी केंद्र 43 वर्षों से अब तक करीब 48 हजार मामलों में सहायता प्रदान कर चुका है। पुष्पा ने महिलाओं को साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। माया सिंह ने हिंसा से बचाव और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। यहां सपना, सुषमा, पायल, शशि, प्रिया और साक्षी को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सखी टीम की नीलम, प्राची, अर्चना, पुष्पा, माया सिंह, माया कुरील, अनुपमा, किरण तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# आईजीआरएस मामलों के निस्तारण में लापरवाही कतई सहन नहीं : डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवसः सदर तहसील में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की फरियाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें डीएम गौरांग राठी ने एसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई शुरू करने से पहले डीएम ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके साथ उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी व स्टालों का अवलोकन कर जन-कल्याणकारी नीतियों की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने आईजीआरएस सेल को पूरी तरह सक्रिय करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत चाहे ऑनलाइन हो या ऑफलाइन उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है। शिकायत को उसकी सही श्रेणी में दर्ज किया जाए। जिन मामलों में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है विभागीय अफसर खुद उन पर कार्यवाही करें और शिकायत कर्ता से बात कर सारगर्भित टिप्पणी अपलोड करें। निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

राजस्व मामलों पर चर्चा करते हुए, डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए कि चकरोड की पैमाइश व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता पर लें। कहा कि टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच कराएं और अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाएं। समाधान दिवस में 93 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों में राजस्व की 52, पुलिस की 23, विकास की 8, नगर पालिका की 6 व अन्य 4 शामिल हैं। इस दौरान एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचएन सिंह, तहसीलदार सदर आदि अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा बांगरमऊ, बीघापुर, हसनगंज व पुरवा तहसील में भी संबंधित अफसरों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समयावधि में निस्तारण के निर्देश मातहतों को दिये।

### 33 शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील सभागार में सीडीओ कृतिराज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 33 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण कर शेष को समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड के देवगनमऊ गांव निवासी दुलारे ने अपने को जीवित होने का दावा करते हुए वृद्धावस्था पेंशन चालू करने की मांग की। उसने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उसे मृत दिखा वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 10, विकास की 5, पुलिस व पूर्ति विभाग की 4-4, विद्युत की 3 शिकायतों सहित अन्य विभागों के 7 प्रार्थनापत्र आए। इसमें एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, सीओ सोनम सिंह, तहसीलदार देवेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, एसडीओ विद्युत एजाज अहमद, खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाल कल्याण समिति की बैठक 28 को

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में संचालित श्री बाल कल्याण समिति की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 28 मार्च को आयोजित होगी। संस्था के प्रधान केदारनाथ तिवारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक 28 को सुबह 11 बजे बाल कल्याण समिति कार्यालय व बैठक कक्ष में होगी। इसमें समिति के सभी साधारण सभा सदस्यों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक के एजेंडे में बीती बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, प्रबंधकारिणी समिति के चुनाव पर विचार-विमर्श व अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा शामिल रहेगी।

## इंजन फेल, ढाई घंटे खड़ी रही अमृत भारत ट्रेन

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार सुबह कानपुर से लखनऊ जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस का इंजन अचानक फेल होने से ट्रेन करीब ढाई घंटे कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इस दौरान यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में लखनऊ से दूसरा इंजन मंगवाकर ट्रेन को रवाना किया गया। अमृत भारत एक्सप्रेस शनिवार सुबह कानपुर सेंट्रल स्टेशन से चलकर करीब 9 बजकर 6 मिनट पर कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन की मेन लाइन पर पहुंची। स्टेशन पहुंचने के करीब एक मिनट बाद ट्रेन का इंजन अचानक फेल हो गया। जिससे ट्रेन वहीं रुक गई। लोको पायलट ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी।


इंजन फेल होने से गंगा घाट स्टेशन पर खड़ी अमृत भारत ट्रेन। अमृत विचार

इसके बाद स्टेशन मास्टर ने कंट्रोल रूम को इससे अवगत कराया। ट्रेन के रुकने से रेल महकमे में हड़कंप मच गया। करीब आधे घंटे तक ट्रेन के न चलने पर यात्रियों ने कारण पूछना शुरू किया तब उन्हें इंजन खराब होने की जानकारी दी गई। इस दौरान ट्रेन में बैठे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। इधर रेलवे प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अन्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों को लूप लाइन से आगे भेजा। वहीं खराब इंजन बदलने के लिए लखनऊ से दूसरा इंजन मंगवाया गया। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद नया इंजन लगाकर ट्रेन को सुबह 11 बजकर 37 मिनट पर रवाना किया गया।

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 का शुभारंभ

**उन्नाव, अमृत विचार।** भाजपा द्वारा जिले के विभिन्न मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का आयोजन हुआ। कार्यकर्ता निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आयोजित शिविर का उद्घाटन जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वंदे मातरम गायन व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन की कार्यपद्धति व विचार धारा के प्रति कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। बांगरमऊ, सफीपुर, उन्नाव सदर, सरोसी-मसवासी, भगवंतनगर व पुरवा के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सत्रों में विधायक पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, आशुतोष शुक्ला, बंबालाल दिवाकर, अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, अवधेश कटियार, अरुण सिंह व जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रशिक्षक रहे।

## राष्ट्र के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका



कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** डिवाइन मिशन व डॉन बॉस्को स्कूल कल्याणी देवी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा महिला शक्ति को समर्पित गीत, कविता व भाषण प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से संदेश दिया कि महिलाएं केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि "महिला" शब्द अपने आप में बहुत गहरा अर्थ समेटे हुए है। कहा कि एक महिला के भीतर ममता, साहस व समर्पण का अद्भुत संगम होता है। जो उसे समाज की सशक्त आधारशिला बनाता है। निदेशक शिवानी सहाय ने कहा कि एक सशक्त व शिक्षित महिला पूरे समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति रखती है।

## महिलाओं के अधिकारों को करें जागरूक


महिलाओं को कैलेंडर देते शिक्षक अमित तिवारी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** महिलाओं को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काफी संघर्षों का सामना करना पड़ता है किन्तु कोई भी बाधा उनके हौसलों को परास्त नहीं कर सकती। यह बात कंपोजिट स्कूल रनियामऊ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हुए कार्यक्रम में शिक्षक अमित तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। जो महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक उपलब्धियों को मान्यता देता है। यह लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण व उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। इसमें विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की अभिभावक सननो देवी, ज्योति देवी, शीला, गुड़िया, शिया दुलारी आदि को शिक्षकों ने सम्मानित किया। मुख्य रूप से देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, कृपा शंकर, हेमामालिनी, सुदेवी, सुधीर श्रीवास्तव, दीपक पांडेय आदि रहे।

# सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में प्रदर्शन

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** घरेलू व कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक मिश्रा कॉलोनी में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर नाराजगी जताई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आमजन पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की विदेश नीति कमजोर होने से देश को अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका सीधा असर आमजन पर पड़ रहा है। कहा कि घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये व कामर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी से लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है।


गांधी चौक के निकट प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले समय में पेट्रोल व डीजल के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। जिससे महंगाई और बढ़ेगी। कांग्रेसियों ने सरकार से गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में संजय सिंह, बाबूलाल गुप्ता, मो. हनीफ, पिंटू तिवारी, निर्मल बाजपेयी, विश्वनाथ दास, रामचेतन भास्कर, प्यारेलाल, पंकज सिंह, मीतू गुप्ता, जयराम गुप्ता, अतीस साहू, रंगीलाल शर्मा, सुरेश गुप्ता, अजय जायसवाल, चुन्ना व अलंकृता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## युवक ने दुकान में फंदे से लटककर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा गांव में कबाड़ का काम करने वाले युवक ने दुकान में फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। बता दें कि मूल रूप से सिद्धार्थनगर जिला के त्रिलोकपुर थानाक्षेत्र के जहदा मुस्तहकम निवासी बीरू परिवार के साथ सोहरामऊ थानाक्षेत्र के पंडित खेड़ा बजेहरा में रहकर कबाड़ का काम करता है। उसका छोटा भाई मोहन कश्यप (22) भी इसमें उसका हाथ बंटाता था। बीरू के मुताबिक वह अक्सर बिना बताए घर से चला जाता था। बाद में कुछ दिन बाद वापस लौटता था। बीती 5 मार्च को वह घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उसे खोज रहे थे। शनिवार सुबह दुकान के पीछे बनी दीवार में लगे कीले में उसका शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। बीरू ने मोहन के कुछ दिनों से परेशान रहने की बात कही है। मोहन की मौत से मां गीता देवी, पिता श्रीकिशुन, भाई बीरू, रंजीत, दीपू व दीनदयाल आदि परिजन बेहाल रहे। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है। पोस्टमार्टम कराया गया है।

## गंगा मेला व होली महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नित्य गंगा आरती सेवा समिति द्वारा आगामी मंगलवार को आनंद घाट में सार्वजनिक होली गंगामेला का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा। जिसमें मां गंगा की भव्य महाआरती, विराट कवि सम्मेलन व श्री राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी के साथ फूलों की मनोहारी होली का आयोजन होगा। आयोजन समिति की शिल्पी राकेश दीक्षित ने बताया कि गंगामेला पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द व धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना है। इसमें नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। समिति ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर गंगा तट पर भक्ति, रंग व उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

## पीपरखेड़ा कंपोजिट में नारी चौपाल का आयोजन


महिलाओं को रंग लगातीं शिक्षिका रचना सिंह। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा कंपोजिट में नारी चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें गांव की महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इसमें डॉ. रचना सिंह ने सभी महिलाओं का सम्मान करते हुए बताया कि 8 मार्च का दिन महिलाओं को समर्पित है। यह दिन नारी शक्ति व महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। यह दिन महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष व उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। हम सबको अपनी बच्चियों को अच्छी शिक्षा दिलानी चाहिए।

## पहली खेड़ा में बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पहली खेड़ा मोहल्ला में डेरा डालकर रहने वाले बंजारा जाति के छह माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। चर्चा रही कि डेरे में मारपीट के दौरान बच्चे के चोट आने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने किसी जहरीले के कीड़े काटने की बात बताई है। झांसी जिला के मऊरानीपुर गांव निवासी भोला अपनी पत्नी मैना व 6 माह के बच्चे कार्तिक के साथ बीती 5 मार्च को शहर के पहलीखेड़ा मोहल्ला में डेरा डालकर रह रहे साढ़ू राघवेंद्र के घर आया था। चर्चा रही कि 6 मार्च की रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में कुछ लोग डेरे में घुस आए थे। जिसमें मारपीट हुई थी। मां ने मौखिक आरोप लगाया कि इसमें बेटे को चोट आई और उसकी मौत हो गई। हालांकि कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि बेटे की संदिग्ध मौत हुई है। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने परिजनों कि बच्चे को किसी जहरीले कीड़े के काटने की बात बताई थी।

## यूपी बोर्डः दोनों पालियों में 37 परिक्षार्थियों ने छोड़ा इम्तिहान

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हुईं। प्रथम पाली में जिले के 36 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई। जबकि द्वितीय पाली में एक परीक्षार्थी रहा। जिसकी एक दर्जन से ज्यादा शिक्षकों व पर्यवेक्षकों ने निगरानी की। प्रथम पाली में हाईस्कूल वाणिज्य में 336 छात्रों में 311 उपस्थित व 25 अनुपस्थित रहे। जबकि इंटर फल एवं खाद्य संरक्षण में 36 में 35 उपस्थित व एक अनुपस्थित, परिधान रचना एवं साज सज्जा में 81 में 79 उपस्थित व दो अनुपस्थित, रंगीन फोटोग्राफी में 37 में 34 उपस्थित व 3 अनुपस्थित, बैंकिंग में 55 में 54 उपस्थित व एक अनुपस्थित, आशुलिपि टंकण हिंदी में 119 में 118 उपस्थित व एक अनुपस्थित, टंकण हिंदी एवं अंग्रेजी में 200 में 196 उपस्थित व 4 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 864 छात्रों में 827 उपस्थित व 37 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर मानव विज्ञान में श्याम लाल इंटर कॉलेज नवाबगंज परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी पंजीकृत था। जिसकी निगरानी के लिए दो कक्ष निरीक्षक, एक रिलीवर, परीक्षा समिति के सदस्य, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि तैनात किये गये थे।

# विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सिकन्दरपुर सरोसी के गांव पिण्डोखा में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने नवनिर्मित गौ संरक्षण सेवा संस्थान द्वारा संचालित गौशाला का लोकार्पण किया। इसमें उन्होंने क्षेत्र की जनता को कई अन्य विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी।

गौशाला का फीता काटने के बाद सदर विधायक ने गौमाता का पूजन किया और उन्हें फल व चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान सर्वोपरि है। गौसेवा व संरक्षण न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। गौशाला के लोकार्पण के साथ विधायक ने गांव में करोड़ों की लागत से हुए अन्य कार्यों का भी लोकार्पण किया। जिनमें सामुदायिक जन सुविधा केन्द्र ग्रामीणों की सहूलियत के लिए नवनिर्मित केंद्र का उद्घाटन, प्राथमिक पाठशाला में नवनिर्मित बाउंड्रीवाल, आरसीसी सेन्टर से मेन रोड तक नवनिर्मित मार्ग का लोकार्पण, शनिदेव मन्दिर प्रांगण में नवनिर्मित बाउंड्रीवाल शामिल थे।



लोकार्पण करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

इस अवसर पर राष्ट्रीय गौरक्षा दल के अध्यक्ष श्याम महराज, संस्थापक नीरज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय, प्रधान संतोष सिंह, जिला महासचिव लालेश अस्थाना, सचिव कुलदीप दीक्षित, छोटू तिवारी, सचिन व राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सविता समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सविता समाज शुक्लागंज द्वारा शनिवार को सीताराम धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व एकता का संदेश दिया। समारोह में डॉ. अरुण सविता, शिवकंध सविता, अनिल सविता, दिलीप सविता, राहुल सविता, अजय शंकर सविता, अशोक बाबा, अन्नू सविता, सौरभ सविता, पप्पू सविता, दीपू सविता, अनुज सविता, शिवम सविता, शिव शंकर सविता, दिनेश सविता, सभासद अशोक सविता, राणा सविता, योगी सविता, विनोद सविता, राजू सविता, श्याम बाबू सविता व डॉ. दीपक सविता आदि मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में गीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार

## गायत्री महिला मंडल ने विश्व शांति के लिए किया यज्ञ

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के कालेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री महिला मंडल द्वारा विश्व कल्याण व मानवता की सुख-समृद्धि के लिए गायत्री यज्ञ व होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ सामूहिक गायत्री मंत्र जप के साथ हुआ। गायत्री माता की उपासना के बाद महिला मंडल की सदस्यों ने वेदी पर आहुतियां देकर विश्व शांति की प्रार्थना की। इस दौरान परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय हो उठा। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सिद्धनाथ ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता : अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर का वास होता है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि विश्व के कई हिस्सों में अशांति का माहौल है। ऐसे में हम सभी को रोज गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए ताकि हमारी बुद्धि में शुभ व सकारात्मक चिंतन का उदय हो सके। अंत में गायत्री आरती के साथ प्रसाद बांटा गया। इस दौरान दीनू शुक्ला, मालती मिश्रा, नीरू शुक्ला, रामरती, रानी त्रिपाठी, नीलम श्रीवास्तव, शकुन्तला श्रीवास्तव, साधना सिंह, अनु अग्निहोत्री, मीरा सिंह, कशिश, संतोषी, अर्चना, राम कुमारी यादव, राज कुमारी पांडेय, खुशी दीक्षित, सरस्वती पाल, विमला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से टूटा हाइटगेज, घंटों लगा जाम

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर का यातायात सुव्यवस्थित करने को हुए सुरक्षा इंतजामों को लापरवाही भारी पड़ रही है। शनिवार सुबह उन्नाव-हरदोई पुल पर लगे हाइटगेज से एक डंपर टकरा गया। इससे गेज टूटकर डंपर पर गिर गया। इस कारण मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6 बजे बाईपास की ओर से एक डंपर तेजी से हरदोई पुल की ओर आ रहा था। भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए वहां हाइटगेज लगाया गया है लेकिन डंपर चालक ने उसे नजर अंदाज कर दिया और उससे टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि लोहे का भारी-भरकम हाइटगेज उखड़कर डंपर के ऊपर ही फंस गया। हादसे के तुरंत बाद पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर प्रशासनिक टीम पहुंची और यातायात सुचारू कराने के प्रयास शुरू किए गए। डंपर फंसा होने से जेसीबी बुलानी पड़ी।



प्रचार वाहन को रवाना करते जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम। अमृत विचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार वाहन किया रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान शुरू किया गया। जनपद न्यायालय परिसर में जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रत्नेश दीप कमल आनन्द ने बताया कि यह वाहन न्यायालय परिसर से निकलकर बड़ा चौराहा समेत शहर के सभी प्रमुख मार्गों व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करेगा। अभियान का लक्ष्य आमजन को सुलभ न्याय की प्रक्रिया से जोड़ना है। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## गंगाघाट क्रॉसिंग का गेटबूम टूटा, यातायात बाधित

**शुक्लागंज, उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर रेल रूट स्थित गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग का अपलाइन की ओर लगा गेटबूम शुक्रवार देररात 2 बजे अचानक टूटकर दो हिस्सों में बंट गया। इसकी जानकारी पर ड्यूटी पर तैनात गेटमैन ने तुरंत स्लाइडिंग गेट लगाकर यातायात को नियंत्रित किया और संबंधित विभाग को सूचना दी। गेटबूम टूटने से क्रॉसिंग से गुजरने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गेटमैन द्वारा स्लाइडिंग गेट के सहारे रात भर व शनिवार सुबह तक यातायात संचालित किया गया। इस दौरान छोटे-बड़े वाहनों को रुक-रुककर निकाला गया। सूचना पर एसएनटी कर्मचारी शनिवार दोपहर पहुंचे और मरम्मत शुरू की। करीब 12 बजे गेटबूम ठीक किया गया। इसके बाद क्रॉसिंग पर यातायात सामान्य हो सका।

## हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**हसनगंज, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मेहदी खेड़ा निवाशी मुन्नू जायसवाल (60) पुत्र बाल गोविंद शुक्रवार को बाइक से लखनऊ के मेडिकल कॉलेज दवा लेने गए थे। दवा लेकर लौटते समय लखनऊ के काकोरी थानांतर्गत मोहान-लखनऊ मार्ग पर द्विवेदी पैलेश के पास सामने से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरते ही वह मोहान से आ रहे तेज रफ्तार डंफर की चपेट में आ गए। गंभीर अवस्था में उन्हें लखनऊ के लोक बन्धु हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां देरशाम उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।



जडभूतविकारेषु चैतन्यं
यत्तु दृश्यते।
ताम्बूलपूगचूर्णानां योगाद्
राग इवोत्थितम्।।

चार्वाक कहते हैं, जिस प्रकार पान के पत्ते और सुपाड़ी के चूर्ण के संयोग से लाल रंग होठों पर छा जाता है, उसी प्रकार इन चेतना शून्य घटक तत्वों के परस्पर संयोग से चेतना की उत्पत्ति होती है। यानी चेतना आत्मा या तत्तुल्य किसी अन्य अभौतिक सत्ता की विद्यमानता से नहीं आती है। विभिन्न पदार्थों के सेवन से चेतना की तीव्रता कम-ज्यादा हो जाती है, जिससे स्पष्ट है कि ये ही पदार्थ चेतना के कारण हैं।



# युद्ध को ईश्वर की योजना बताने का प्रयास घातक

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है, लेकिन वर्तमान अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

> लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती हैं। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्रवाई है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

बाइबल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है, तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है।

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं, इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि 'यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है, लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि 'इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है, इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपालः तमाम देशों को सबक है चुनाव नतीजे

नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशीपूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं, जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुईं, तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं, जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी।

> नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझकर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है।

बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम-काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं, जबकि रवि लामी छाने की शिनाख्त एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दल मेयर का चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए।

एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे, बालेन शाह का जन्म एक साधरण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वे दो चार लाख रुपये महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल के जीवन शैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पूरी नहीं हुई सबके लिए आवास योजना

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं, जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।



काजल कुमारी
एक्टिविस्ट

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है। लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला। केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नीतीश का नया अध्याय व विपक्ष की बेचैनी

बिहार की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आया है और इस बार भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बीते गुरुवार जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन-पत्र दाखिल किया, तो सत्ता पक्ष ने भले ही इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दी, किंतु विपक्ष में मचे कोहराम ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है। यह बिहार की सत्ता के समीकरणों का आमूल बदलाव है और इसीलिए विपक्ष की बेचैनी की तहें बहुत गहरी हैं।

> बिहार की सियासत में फिर भूचाल आया है। भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा नामांकन। सत्ता पक्ष भले इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दे, किंतु विपक्ष के कोहराम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है।

यह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने मिलकर '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा दिया था। इस नारे का निहितार्थ स्पष्ट था— नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन जनता के पास जा रहा है और उन्हीं के नाम पर मत मांगे जा रहे हैं। जनता ने भी इस चेहरे पर भरोसा किया और एनडीए को बहुमत मिला, परंतु अब जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की राह पकड़ रहे हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनादेश जिस चेहरे के नाम पर लिया गया था, उस चेहरे को सत्ता की बागडोर से अलग क्यों किया जा रहा है?



जयदेव राठी
अधिवक्ता

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि उनकी सेहत के कारण मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा था। विधानसभा सहित सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार उनकी स्थिति पर प्रश्नचिह्न उठे। इस पृष्ठभूमि में राज्यसभा, जो अपेक्षाकृत कम श्रम-साध्य भूमिका है, एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में सामने आई। साथ ही नीतीश कुमार ने स्वयं कई अवसरों पर संकेत दिए थे कि वे संसद के दोनों सदनों का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनके समकालीन नेता लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी और रामविलास पासवान सभी राज्यसभा में रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जा सकता है, जो कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव के अनुरूप सम्मानजनक पद होगा।

विपक्ष की प्रतिक्रिया देखने से स्पष्ट होता है कि उसकी बेचैनी केवल एक बिंदु पर नहीं, बल्कि कई स्तरों पर है। पहला आयाम- 'भविष्यवाणी सच हुई' का राजनीतिक लाभ। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम पर तुरंत कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी का यह भी कहना है, 'भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है।' यानी विपक्ष इस घटनाक्रम को अपनी 'दूरदर्शिता' के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है और इसके जरिए जनता के बीच यह संदेश देना चाहता है कि उन्होंने सही कहा था।

दूसरा आयाम- जनादेश की नैतिकता का प्रश्न। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि जनता ने नीतीश कुमार के चेहरे पर वोट दिया था। बिहार में '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा था। ऐसे में जब वही चेहरा सत्ता की बागडोर से हट रहा है, तो विपक्ष इसे जनादेश का अपमान बता रहा है। यह नैतिक तर्क जनमानस में प्रभाव डाल सकता है। तीसरा आयाम- भाजपा का बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे है। यह विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, उनकी 'धर्मनिरपेक्ष' छवि और 'विकास पुरुष' की पहचान के कारण भाजपा की सीधी सत्ता पर रोक थी। अब भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और इससे बिहार का राजनीतिक ध्रुवीकरण नए ढंग से होगा, जो विपक्ष के लिए नई चुनौती है।

चौथा आयाम- जदयू में नाराजगी का अवसर। नामांकन के बाद पटना में जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी सड़कों पर उतर आई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर कार्यकर्ता जुटे। कुछ जदयू नेताओं की आंखें भर आईं। विपक्ष इस दरार को और चौड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता। राजद पार्टी ने तो दावा किया कि यह फैसला नीतीश का अपना नहीं था, बल्कि भाजपा के दबाव में लिया गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रूखी-सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी

प्रायः लोग आपस में मिलते हैं तो 'विश्वास का समय नहीं रह गया है' या 'विश्वास के बदले धोखा मिलता है' विषय पर बात करते देखे जाते हैं। इसका कारण यही निकलता है कि किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रही हो, वह पूरी नहीं पाई हो या कोई वायदे से मुकर गया हो अथवा किसी ने कोई वस्तु ले ली हो और लौटाने से इनकार कर रहा हो। लगभग ऐसे ही कोई और कारण हो सकते हों, जिससे विश्वास को ठेस पहुंची हो।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वास्तव में विश्वास कोई घनिष्ठ संबंधों वाला व्यक्ति देता है। जो पराया है या जिससे कोई परिचय नहीं, वह विश्वासघात नहीं कर सकता। विश्वासघात करने के लिए घनिष्ठता जरूरी है। जब किसी को विश्वासघात करना होता है, तो वह पहले अनेक प्रकार की लालच देता है। यह ठीक उसी प्रकार का काम है, जैसे- बहेलिया जाल बिछाकर उस पर खाने की कोई वस्तु डाल देता है और लालच में उसमें पशु और पंछी आकर फंस जाते हैं, जिसमें साधारण परिंदे ही नहीं ताकतवर शेर तक फंसते हैं। नदियों में जाल डालकर मछलियां फंसाई जाती हैं। कभी-कभी जाल में खूंखार मगरमच्छ तक फंस जाते हैं।


ऐसी ही स्थिति समाज में भी है। बहेलिया-प्रवृत्ति के लोग अपने वाक-जाल से लोगों पर पहले विश्वास जमाते हैं और जब देखते हैं कि व्यक्ति उसके जाल में आ गया है, तब अपना स्वार्थ साधते हैं। जब कभी जाल में फंसे व्यक्ति से आमना-सामना होता है, तब भी वे फंसे व्यक्ति को कुछ और समय इंतजार करने का बहाना बनाते हैं। जाल में प्रायः अपने से कमजोर को ही फंसाया जाता है। यदा-कदा मजबूत व्यक्ति जाल में फंस गया और उसके साथ वायदा खिलाफी की जाने लगती है तब मारपीट, झगड़ा-फसाद, थाना-अदालत तक की नौबत आ जाती है।

जीवन में कोई लालच दे तो उसे ठुकरा देना चाहिए। बहुत जल्द धन दोगुना करने की संस्थाएं भी होती हैं। लालच में लोग उसमें पैसा जमा कर देते हैं। जब काफी पैसा इकट्ठा हो जाता है तब संस्था भाग जाती है और लोगों की गाढ़ी कमाई सब व्यर्थ चली जाती है, इसलिए 'रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी' पंक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए।


(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मिट्टी, बीज और उम्मीदः महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य् में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियां लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं, जैसे मां अपने शिशु को और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियां पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं।



इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया 'इकोफेमिनिज़्म' कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहां धरती को मां और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता। वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है।

ग्रामीण जीवन में महिलाएं पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को 'संसाधन' मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहां नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यउम से सैकड़ों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है।

राजस्थान की मरुभूमि में सदियों पहले एक ऐसी घटना घटित हुई, जिसने प्रकृति-प्रेम को आस्था का स्वर दे दिया। 1730 में जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जब शाही सैनिक खेजड़ी वृक्ष काटने पहुंचे, तो उन्होंने पेड़ से लिपटते हुए कहा 'सिर साटे रूख रहे तो भी सस्तो जाण' याने यदि पेड़ बचाने में सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। उनके साथ 363 विश्नोई स्त्री-पुरुषों ने बलिदान दिया। विश्नोई समाज की जीवन पद्धति प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की मिसाल है। वे पेड़ों को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, वन्यजीवों को अपना साथी समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण को धर्म मानते हैं। यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जिसमें स्त्री, प्रकृति और जीवन एक ही सूत्र में जुड़े हैं। अमृता देवी का बलिदान मानो समय की रेत पर लिखा वह संदेश है जो आज भी हर हरित पहल को प्रेरित करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

## छिबरामऊ में 134 शिकायतों में 20 का मौके पर निस्तारण

**छिबरामऊ।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 134 शिकायतें प्राप्त हुईं। 20 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एडीएम देवेंद्र सिंह और एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में राजस्व विभाग की 75, पुलिस की 31, विकास की 11, पूर्ति विभाग की 4 सहित 13 अन्य शिकायत प्राप्त हुईं। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया। अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए।

# 100 बीघा सरकारी जमीन हड़पने का आरोप

### डीएम से शिकायत के बाद जांच के निर्देश, मामला दौलतपुर गांव का, कूटरचित अभिलेखों से आवंटन होने की शिकायत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जे का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने चकबंदी का फर्जी आदेश तैयार कर करीब 100 बीघा सरकारी जमीन अपने परिजनों के नाम दर्ज करा ली।

ठठिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी विजय, अनुराग, रामविलास, रामऔतार और जगजीवन सहित कई ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम से शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पलटेपुर्वा गांव का एक युवक फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 गाटा संख्या की जमीन को वर्ष 1985 में हुई चकबंदी के आदेश का हवाला देकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए और उसे आरोपित के परिजनों के नाम दर्ज करा दिया गया। इससे करीब 100 बीघा सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से मालिकाना हक दर्ज हो गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जमीन अपने नाम दर्ज कराने के बाद अब आरोपित उसे करोड़ों रुपये में बेचने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपित के खिलाफ पहले से ही जालसाजी के कई मामले दर्ज हैं और ठठिया व तिर्वा थानों में जमीन हड़पने से जुड़े मुकदमे विचाराधीन हैं। मामले को गंभीर मानते हुए डीएम ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही साफ किया है कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू करा दी गई है। तथ्यों की पुष्टि होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर समाधान दिवस में कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। भूमि विवाद, पट्टा एवं खतौनी प्रविष्टि से जुड़े मामलों की व्यक्तिगत निगरानी तहसीलदार से करने को कहा। निर्देश दिए कि संबंधित लेखपाल पूर्ण तथ्यों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इस दौरान एसपी विनोद कुमार व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता उपस्थित रहे।



तिर्वा में शिकायतें सुनते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य अधिकारी।

# सपा के होली मिलन समारोह में उड़े गुलाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा जिला कार्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी पदाधिकारी सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर बधाई दी। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष कलीन खान एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज पी पी सिंह वघेल ने किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे मोहब्बत का प्रतीक है, जिसमें हर एक व्यक्ति मोहब्बत से एक दूसरे को रंग लगाकर प्यार मोहब्बत भाईचारे का इजहार करता है। होली का पर्व यह दर्शाता है कि हमारे भारत में एकता अखंडता को कभी भी नफरती लोग नहीं खत्म कर सकते। इस दौरान पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस हसीब हसन, राष्ट्रीय सचिव राम शंकर लोधी, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, राजेश यादव, बबली दोहरे, विवेक पाल, मुकुट सिंह, अजय कश्यप, शकील अहमद, हुकुम सिंह, आशीष यादव, सोनम सिंह, राजेश पाल, विशाखा यादव, कौशर खान, मुस्ते हसन, अंगूरी दहाड़िया, कुसुम यादव, वीरेंद्र कटियार, कमलेश कटियार, समेत कई सपाई मौजूद रहे।

## कार्यालय–समुचित सरकार/जिलाधिकारी, कन्नौज

पत्रांकः–2595/आठ–अ0जि0 (भू0अ0) कानपुर नगर/ दिनांक– 06.03.2026

### सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारम्भिक अधिसूचना

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–4 तथा भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016 नियम–3(1) के अधीन राज्यपाल सर्वसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित करते है कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि लोक प्रयोजन अर्थात जनपद कन्नौज में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के सन्निकट विकसित किये जा रहे औद्योगिक गलियारा परियोजना हेतु स्थायी रूप से आवश्यकता है।

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 के प्रावधान के अर्न्तगत भूमि अर्जन कार्यवाही से पूर्व चयनित एजेन्सी द्वारा लोक हित में सामाजिक समाघात आकलन व सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना तैयार किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षक निकाय का नाम | उ0 प्र0 एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) |
| 2 | प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य | औद्योगिक गलियारा विकसित किये जाने हेतु। |
| 3 | संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा | एग्रीमा, डी–152 थर्ड फ्लोर<br>स्ट्रीट नम्बर–15 वेस्ट<br>विनोद नगर, नई दिल्ली–110092 |
| 4 | संगठन का सम्पर्क विवरण | एग्रीमा, डी–152 थर्ड फ्लोर<br>स्ट्रीट नम्बर–15 वेस्ट<br>विनोद नगर, नई दिल्ली–110092<br>दूरभाषः–8826978266, 9811940598,<br>ई–मेलः– akankshaa.agrimaa@gmail.com |

भूमि का विवरण/अनुसूची

| जिला | तहसील | ग्राम | गाटा सं0 | अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षे0(हे0में) |
|---|---|---|---|---|
| कन्नौज | तिर्वा | अलीपुर अहाना | 292 | 0.0110 |
| | | | 294 | 0.1250 |
| | | | 295अ | 0.1890 |
| | | | 295व | 0.0200 |
| | | | 296 | 0.2060 |
| | | | 321 | 0.0240 |
| | | | 322 | 0.0044 |
| | | | 323मि | 0.0044 |
| | | | 324 | 0.0160 |
| | | | 325 | 0.9270 |
| | | | 337मि | 0.1480 |
| | | | 339अ | 0.2000 |
| | | | 339व | 0.2050 |
| | | | 340 | 0.2048 |
| | | | 341मि | 0.0030 |
| | | | 347 | 0.1455 |
| | | | 349 | 0.3480 |
| | | | 351 | 0.1250 |
| | | | 352 | 0.1250 |
| | | | 353 | 0.0490 |
| | | | 354 | 0.0530 |
| | | | 355 | 0.0530 |
| | | | 356 | 0.1170 |
| | | | 358 | 0.0677 |
| | | | 359 | 0.0530 |
| | | | 360 | 0.0530 |
| | | | 361 | 0.0570 |
| | | | 362 | 0.0530 |
| | | | 363 | 0.2230 |
| | | | 365 | 0.0266 |
| | | | 367 | 0.2670 |
| | | | 369 | 0.3098 |
| | | | 370 | 0.0597 |
| | | | 371 | 0.0505 |
| | | | 398 | 0.0755 |
| | | | 387अ | 0.0690 |
| | | | 387व | 0.0890 |
| | | | 390 | 0.3785 |
| | | | 391 | 0.1060 |
| | | | 392 | 0.0318 |
| | | | 394 | 0.0320 |
| | | | 396 | 0.0246 |
| | | | 398मि | 0.4050 |
| | | | 400 | 0.0066 |
| | | | 411 | 0.2380 |
| | | | 413मि | 0.4523 |
| | | | 413मि | 0.3640 |
| | | | 414 | 0.0240 |
| | | | 416 | 0.2033 |
| | | | 417 | 0.2310 |
| | | | 418 | 0.0698 |
| | | | 419 | 0.0968 |
| | | | 420 | 0.1673 |
| | | | 426 | 0.0101 |
| | | | 427 | 0.0139 |
| | | | 428 | 0.0108 |
| | | | 429 | 0.0416 |
| | | | 430 | 0.0560 |
| | | | 431 | 0.0143 |
| | | | 432मि0 | 0.0135 |
| | | | 432मि0 | 0.0023 |
| | | | 433 | 0.0450 |
| | | | 434 | 0.0210 |
| | | | 435 | 0.0073 |
| | | | 436 | 0.0058 |
| | | | 437मि | 0.0110 |
| | | | 440मि | 0.0061 |
| | | | 443 | 0.0182 |
| | | | 445 | 0.0017 |
| | | | 446 | 0.0015 |
| | | | 449 | 0.0066 |
| | | | 461मि | 0.0015 |
| | | | 474मि | 0.0020 |
| | | | 475मि | 0.0490 |
| | | | 476मि | 0.1620 |
| | | | 480मि | 0.1215 |
| | | | 481 | 0.0509 |
| | | | 482 | 0.3116 |
| | | | 504 | 1.1050 |
| | | | 506 | 0.1383 |
| | | | 507 | 0.0056 |
| | | | 509मि | 0.0135 |
| | | | 524 | 0.8410 |
| | | | 525 | 0.4500 |
| | | | 536 | 0.3640 |
| | | | 538 | 0.2270 |
| | | | 540 | 0.1700 |
| | | | 541 | 0.1175 |
| | | | 543अ | 0.1900 |
| | | | 543व | 0.4010 |
| | | | 603मि | 0.4050 |
| | | | 603मि | 0.0162 |
| | | | 603मि | 0.2230 |
| | | | 603मि/4 | 0.0450 |
| | | | 603मि | 0.4050 |
| | | | 603मि/1 | 0.1250 |
| | | | 603मि | 0.0116 |
| | | | 603मि | 0.8259 |
| | | | 603मि | 0.4050 |
| | | | 604 | 0.1044 |
| | | | 605 | 0.1458 |
| | | | 608मि | 0.0450 |
| | | | 609मि | 0.0570 |
| | | | 610मि | 0.0160 |
| | | | 613 | 0.0225 |
| | | | 614 | 0.1420 |
| | | | 622 | 0.1475 |
| | | | 624 | 0.3120 |
| | | | 626 | 0.0625 |
| | | | 629 | 0.4500 |
| | | | 629/945मि | 0.0233 |
| | | | 629/945व | 0.0133 |
| | | | 637 | 0.3560 |
| | | | 639 | 0.2180 |
| | | | 640 | 0.0770 |
| | | | 643 | 0.1340 |
| | | | 644 | 0.3720 |
| | | | 645 | 0.0770 |
| | | | 646 | 0.0110 |
| | | | 647 | 0.1620 |
| | | | 649 | 0.0530 |
| | | | 651 | 0.0817 |
| | | | 653 | 0.0040 |
| | | | 657 | 0.0044 |
| | | | 661 | 0.0810 |
| | | | 662 | 0.2910 |
| | | | 665मि | 0.0121 |
| | | | 665मि | 0.3640 |
| | | | 665मि | 0.3640 |
| | | | 665मि | 0.3640 |
| | | | 665मि | 0.0121 |
| | | | 666 | 0.0053 |
| | | | 667 | 0.0060 |
| | | | 668 | 0.0035 |
| | | | 669मि | 0.3640 |
| | | | 740 | 0.0618 |
| | | | 741 | 0.0098 |
| | | | 749 | 1.4320 |
| | | | 753 | 0.7160 |
| | | | 757 | 0.1420 |
| | | | 758 | 0.4692 |
| | | | 759 | 0.1666 |
| | | | 761 | 0.1133 |
| | | | 763 | 0.6270 |
| | | | 765 | 0.5725 |
| | | | 768मि | 0.0653 |
| | | | 769 | 0.2250 |
| | | | 770 | 0.2066 |
| | | | 772 | 0.7000 |
| | | | 774 | 0.0177 |
| | | | 775 | 0.7610 |
| | | | 776 | 0.0107 |
| | | | 777 | 0.1780 |
| | | | 778 | 0.1940 |
| | | | 779 | 0.2390 |
| | | | 780 | 0.2060 |
| | | | 781 | 0.2124 |
| | | | 782 | 0.1860 |
| | | | 784 | 0.5348 |
| | | | 785 | 0.4700 |
| | | | 789 | 0.0199 |
| | | | 790 | 0.0283 |
| | | | 792मि | 0.0160 |
| | | | 792मि | 0.0952 |
| | | | 792मि | 0.0116 |
| | | | 793 | 0.0400 |
| | | | 794 | 0.0340 |
| | | | 796 | 0.0330 |
| | | | 797 | 0.0383 |
| | | | 801 | 0.0305 |
| | | | 801 | 0.0107 |
| | | | 803 | 0.0071 |
| | | | 804मि | 0.0120 |
| | | | 806 | 0.0720 |
| | | | 808 | 0.0200 |
| | | | 809मि | 0.0200 |
| | | | 810मि | 0.0770 |
| | | | 813 | 0.1517 |
| | | | 816मि | 0.7290 |
| | | | 816मि | 0.2025 |
| | | | 816 | 0.3240 |
| | | | 816मि | 0.4050 |
| | | | 816मि | 0.0222 |
| | | | 817मि | 0.0352 |
| | | | 817मि | 0.0200 |
| | | | 818मि | 0.1646 |
| | | | 819मि | 0.1646 |
| | | | 821मि | 0.2342 |
| | | | 821मि | 0.0138 |
| | | | 823 | 0.0608 |
| | | | 824मि | 0.6390 |
| | | | 824मि | 0.1323 |
| | | | 824मि | 0.2430 |
| | | | 825 | 0.0646 |
| | | | 826 | 0.0100 |
| | | | 827 | 0.0143 |
| | | | 828मि | 0.0200 |
| | | | 829मि | 0.4440 |
| | | | 837मि | 0.0998 |
| | | | 837मि | 0.0675 |
| | | | 837मि | 0.2025 |
| | | | 838मि | 0.0696 |
| | | | 839मि | 0.0794 |
| | | | 841मि | 0.0772 |
| | | | 842 | 0.1090 |
| | | | 843मि | 0.0490 |
| | | | 843मि | 0.0245 |
| | | | 844 | 0.2809 |
| | | | 845मि | 0.1010 |
| | | | 845मि | 0.0485 |
| | | | 847 | 0.0327 |
| | | | 848 | 0.1509 |
| | | | 850 | 0.01430 |
| | | | 853 | 0.0418 |
| | | | 854 | 0.0431 |
| | | | 855 | 0.0401 |
| | | | 856 | 0.0349 |
| | | | 859 | 0.0088 |
| | | | 860मि | 0.2430 |
| | | | 860मि | 0.2587 |
| | | | 860मि | 0.4050 |
| | | | 860मि | 0.1940 |
| | | | 860मि | 0.1643 |
| | | | 860मि | 0.0540 |
| | | | 860मि | 0.4050 |
| | | | 860मि | 0.4050 |
| | | | | 36.8977 |

1. जनपद कन्नौज में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के सन्निकट विकसित किये जा रहे औद्योगिक गलियारा परियोजना विकसित किया जाना आवश्यक है।
2. प्रश्नगत परियोजना हेतु ग्राम–अलीपुर अहाना तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज की भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है। प्रस्तावित रकबा बढ़–घट सकता है।
3. सामाजिक समाघात निर्धारण अधिकतम साठ दिनों के अन्दर पूर्ण किया जाना है।

**टिप्पणीः–**उक्त परियोजना से सम्बन्धित विस्तृत विवरण तहसील तिर्वा कन्नौज व अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति), 37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग, माल रोड़ कानपुर नगर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

कलेक्टर, कन्नौज

## एयरबस ने शुरू किया दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल सेंटर

**बेंगलुरु।** यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक तकनीकी केंद्र का उद्घाटन किया है। यह इंजीनियरिंग, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवाओं और खरीद के लिए एक प्रमुख हब के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उद्योग एवं अवसंरचना मंत्री एम.बी. पाटिल ने शुक्रवार को 'एयरबस इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया।


# अमृत विचार

कानपुर, रविवार, 8 मार्च 2026

www.amritvichar.com




### बिजनेस ब्रीफ

## आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर का टोल राजस्व 746 करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने शनिवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसका टोल राजस्व सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक फरवरी 2025 में कंपनी का टोल राजस्व 614 करोड़ रुपये था। इस राजस्व में आईआरबी इनविट फंड और आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की कमाई शामिल है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में शामिल किए गए आईआरबी हरिहरा टोलवेज ने फरवरी 2026 में टोल राजस्व में 52.8 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

## मनीबाक्स फाइनेंस ने शेयरधारकों से जुटाये 33.4 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मनीबाक्स फाइनेंस लि. ने अपने वर्तमान शेयरधारकों और प्रवर्तकों को इक्विटी शेयर आवंटित कर के 33.4 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। कंपनी की 150 से अधिक शाखाएं राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश से लेकर तेलंगाना तक 12 राज्यों में फैली हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने इस पूंजी के लिए अपने 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 44 लाख शेयर आवंटित किये हैं। यह आवंटन 76 रुपये प्रति शेयर के आधार पर किया गया है।

## समूह में महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत करेगा वेदांत

**नई दिल्ली।** वेदांत समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। इसके माध्यम से महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, बिजली और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेदांत लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के प्रतिभावान कार्यबल की पूर्ण भागीदारी की आवश्यकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



शनिवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एस्ट्रोनॉट के वेश में महिलाओं ने कार रैली में हिस्सा लिया।

## एक अप्रैल पूर्ण आरओडीटीईपी लाभ का भरोसा: फियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातकों के निकाय फियो ने शनिवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत पूर्ण लाभ इस साल एक अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पश्चिम एशिया संकट के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को छोड़कर, सरकार ने 23 फरवरी को निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत शुल्क लाभ की दर को आधा कर दिया था। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है। वर्तमान 50 प्रतिशत आरओडीटीईपी दरें केवल 31 मार्च 2026 तक लागू हैं।

# रसोई गैस 60, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के



अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे।

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक 1,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है। तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है।

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है।

# ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश

### ऊर्जा के नए विकल्पः होर्मुज जलडमरूमध्य एकमात्र रास्ता नहीं, इससे केवल 40% आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय



उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है।

भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने अपने आपूर्तिकर्ता आधार को छह महाद्वीपों के 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक पहुंचा दिया है।

सूत्रों ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा एक ही समुद्री मार्ग की स्थितियों के साथ घटती-बढ़ती थी।

## पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतरा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है।

संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है। भौगोलिक निकटता और वहां रहने वाले भारतीयों की बड़ी आबादी के कारण खाड़ी देश भारतीय खाद्य उत्पादों के लिए एक स्वाभाविक बाजार रहे हैं। जीटीआईआर ने कहा- हालांकि, क्षेत्र में जारी संघर्ष से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 7.48 अरब डॉलर के अनाज, फल, सब्जियां और मसाले भेजे, जो भारत के इस श्रेणी के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल के निर्यात पर सबसे बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

## गर्मी में बिजली की मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने शनिवार को कहा कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान है और पश्चिम एशिया संकट के कारण नियमित बिजली आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल (अप्रैल 2025 के बाद) गर्मियों के दौरान 277 गीगावाट की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था, जबकि जून 2025 में वास्तविक अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने (फरवरी 2026) बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 243.15 गीगावाट हो गई, जो फरवरी 2025 में 243.06 गीगावाट थी। मंत्री ने यहां ''लाइनमैन दिवस'' के अवसर पर संवाददाताओं से एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि यह एक आपातकालीन स्थिति है। कहीं-कहीं थोड़ा असर (एलपीजी पर) दिख रहा है, लेकिन बिजली क्षेत्र में हम इस तरह आगे बढ़ रहे हैं कि आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट होगी और यह इससे आगे नहीं जाएगी।

# भारत-ब्रिटेन करेंगे ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा



- **टैक्नोलॉजी के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने को दोनों देश प्रतिबद्ध**

मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

# अमेरिका में पिछले महीने 92,000 नौकरियां घटीं बेरोजगारी दर 4.4 हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है। श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है।

नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा कि नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है।

## न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारी तथा निजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को औसतन 1,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत ने किया सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता: गोयल

### अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के साथ अत्यंत शक्तिशाली संबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण



हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों में वाहन क्षेत्र को खोलने से उपभोक्ताओं को विकल्प मिलेंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी वाहन कंपनियां शुरुआत में बाजार का परीक्षण करने के लिए कारों का निर्यात कर सकती हैं, लेकिन अंततः उन्हें भारत में ही उत्पादन करना होगा क्योंकि महंगे यूरोपीय मॉडल के लिए भारतीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होगा।

## मंत्रालय ने बंदरगाहों से कहा-शुल्क माफी पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। नोडल अधिकारी मामले को सक्षम प्राधिकारी के पास ले जाने और 24 से 72 घंटों के भीतर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा।

### महिला दिवस

नौकरी डॉट कॉम ने जारी की 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली रिपोर्ट

# 67 फीसदी महिलाओं ने मानी वेतन समानता की बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 67 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का मानना है कि उनके कार्यस्थलों में वेतन समानता मौजूद है, जबकि 33 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वेतन में अंतर है। नौकरी डॉट कॉम की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट देश के 50 से अधिक उद्योगों की 50,000 महिलाओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके कार्यस्थलों पर वेतन समानता है, जबकि 33 प्रतिशत ने माना कि वहां समानता नहीं है। वेतन में अंतर होने की बात रियल एस्टेट (42 प्रतिशत) के पेशेवरों ने सबसे दृढ़ता से कही, जिसके



बाद एफएमसीजी (38 प्रतिशत), दवा और जीवन विज्ञान (38 प्रतिशत) और वाहन (37 प्रतिशत) क्षेत्र का स्थान रहा।

रिटेल (35 प्रतिशत), होटल एवं रेस्तरां (35 प्रतिशत), आईटी सेवाएं (34 प्रतिशत), टेलीकॉम (34 प्रतिशत),

- **33 प्रतिशत को लगता है वेतन में अंतर**
- **50 से अधिक उद्योगों की 50 हजार कामकाजी महिलाओं के बीच किया सर्वे**

चिकित्सा सेवा (33 प्रतिशत) और तेल एवं गैस क्षेत्र (33 प्रतिशत) की महिलाओं ने भी माना कि वेतन में असमानता या अंतर मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी इस रिपोर्ट में समान वेतन ऑडिट और मासिक धर्म अवकाश की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है। उच्च वेतन श्रेणी वाली प्रोफेशनल महिलाओं में यह मांग सबसे अधिक देखी गई।

करीब 42 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि भर्ती और पदोन्नति में होने वाला भेदभाव कार्यस्थल पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस धारणा में सात आधार अंकों की वृद्धि हुई है। चेन्नई (44 प्रतिशत) और दिल्ली/एनसीआर (43 प्रतिशत) जैसे महानगरों में भी यही रुझान देखा गया है। इन चुनौतियों के बीच 83 प्रतिशत महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने के लिए खुद को प्रोत्साहित महसूस किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 66 प्रतिशत था। दक्षिण भारतीय शहरों की महिलाओं में नेतृत्व की इच्छा विशेष रूप से प्रबल देखी गई।

इन्फो एज इंडिया की समूह सीएमओ सुमीत सिंह ने कहा कि यह तथ्य कि 83 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित महसूस करती हैं, उत्साहजनक है। हालांकि, यह चिंता का विषय है कि हर दो में से एक महिला को साक्षात्कार में अब भी अपनी व्यक्तिगत योजनाएं छिपानी पड़ती हैं। यह बताता है कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। इन्फो एज इंडिया 'नौकरी डॉट कॉम', 'जीवनसाथी डॉट कॉम' और '99एकड़ डॉट कॉम' की मूल कंपनी है।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए चार साल में 85,000 इंजीनियर तैयार

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है।

# नेपाल में बालेन लहर ने ढहाया ओली का किला, झापा से दर्ज की एतिहासिक जीत

- ओली को 49 हजार से अधिक मतों से हराया, आरएसपी के पीएम उम्मीदवार बने बालेन शाह



अपनी जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेंद्र शाह।

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के संसदीय चुनावों में शनिवार को एक ऐसा राजनीतिक भूकंप आया, जिसने देश के पुराने स्थापित दिग्गजों की जड़ें हिला दीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख और काठमांडू के पूर्व महापौर बालेंद्र शाह (बालेन) ने झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-5 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में बालेन ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को धूल चटा दी।

निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह ने इस सीट पर एकतरफा कब्जा किया। उन्हें कुल 68,348 वोट मिले, जबकि पूर्व पीएम ओली को मात्र 18,734 वोटों से संतोष करना पड़ा। बालेन ने यह मुकाबला 49,614 मतों के विशाल अंतर से जीता, जो नेपाल के चुनावी इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा रहा है।

वर्ष 2079 के पिछले चुनावों में केपी ओली ने इसी सीट से 28,576 वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार बालेन शाह की युवा शक्ति और बदलाव के नारे ने पुराने समीकरणों को ध्वस्त कर दिया।

## भारत में कानूनी सुरक्षा मजबूत, पर सामाजिक बेड़ियां अब भी चुनौती

# महिला अधिकारों की वैश्विक दौड़

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी नवीनतम वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति एक दोहरे मोड़ पर खड़ी है। एक ओर जहाँ भारत ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं के माध्यम से कानूनी और नीतिगत ढांचा मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सूचकांकों में भारत की रैंकिंग अब भी कई पड़ोसी देशों से पीछे है।



### उप्र : तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) में पिछले तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जो अब लगभग 32% के करीब पहुंच गई है। हालांकि, यह अभी भी महाराष्ट्र (40%) और तमिलनाडु (45%) जैसे औद्योगिक राज्यों से पीछे है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में महिलाओं की भागीदारी मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म उद्योगों (MSME) में बढ़ी है।

### ग्लोबल इंडेक्स में भारत की स्थिति

विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर खिसक गया है। भारत का कुल जेंडर पैरिटी स्कोर 64.1% दर्ज किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश (24वीं रैंक), नेपाल (125वीं) और श्रीलंका (130वीं) जैसे देश भारत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान (148वीं) इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है।

### आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी की चुनौती

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शिक्षा नामांकन में तो अच्छा सुधार किया है, लेकिन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अब भी चिंता का विषय है। भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) 2025 में बढ़कर 35.3% हुई है, लेकिन पुरुषों (70%+) की तुलना में यह अब भी काफी कम है। राजनीतिक क्षेत्र में भी, संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वर्तमान में लगभग 14% के करीब है, जिसे सुधारने के लिए 33% आरक्षण कानून के क्रियान्वयन का इंतजार है।

### कानूनी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत

विश्व बैंक की 'विमेन, बिजनेस एंड द लॉ' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों को प्राप्त आर्थिक अधिकारों का लगभग 74.4% हिस्सा है। भारत में संपत्ति के अधिकार और मातृत्व लाभ जैसे कानून कई विकसित देशों से भी बेहतर हैं, लेकिन सामाजिक मानदंड और जागरूकता की कमी के कारण ये अधिकार पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पा रहे हैं।

### भविष्य की राह: 'डिजिटल और आर्थिक सुरक्षा'

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत महिला श्रम शक्ति भागीदारी को 50% तक ले जाता है, तो जीडीपी विकास दर में 1% की वृद्धि हो सकती है। 2026 के लिए 'राइट्स, जस्टिस एंड एक्शन' की थीम के साथ भारत अब 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान के युद्ध क्षेत्र से 1800 लोग सुरक्षित अजरबैजान पहुंचे

**बाकू।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच अजरबैजान ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए अब तक 1,800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। अजरबैजान की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन शरणार्थियों में 282 रूसी नागरिक भी शामिल हैं। यह निकासी अभियान 'अस्त्रा' बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुआ यह सिलसिला शनिवार दोपहर तक जारी रहा। युद्ध की विभीषिका को देखते हुए सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अजरबैजान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मानवीय आधार पर अन्य विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीला सागर विवाद: चीन ने ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को नकारा

**बीजिंग।** चीन ने पीला सागर के ऊपर सैन्य विमानों के बीच हुई कथित मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजिंग ने ऑस्ट्रेलियाई पक्ष पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनके पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही कार्रवाई की थी। यह विवाद तब बढ़ा जब ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके हेलीकॉप्टर के मार्ग में असुरक्षित तरीके से बाधा डाली थी।

# मुर्मू ने ममता बनर्जी को बताया छोटी बहन, अनुपस्थिति पर जताई हैरानी

## शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया

नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं ... राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। चूंकि तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते। मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया शर्मनाक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का सीधा आरोप लगाते हुए इसे "शर्मनाक और अभूतपूर्व" करार दिया। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल सरकार ने "सचमुच सभी हदें पार कर दी हैं" और राष्ट्रपति जैसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी उदासीनता लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल सरकार ने संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से लिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वह स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और देश के वंचित समाज का गौरव हैं।

### मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं : ममता

कोलकाता के एस्प्लेनेड में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह बंगाल को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति पद का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव के समय मेरे लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं।

## अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में शीर्ष राजनीतिक नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट (47) को दोषी ठहराया गया है। मर्चेंट पर आरोप था कि उसने 2024 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने के लिए सुपारी किलर नियुक्त करने की कोशिश की थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों के अनुसार, मर्चेंट के संबंध ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से भी रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि मर्चेंट ने अमेरिका में हिटमैन की तलाश की थी, जो वास्तव में एफबीआई के गुप्त एजेंट थे। इस गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी फैला दी थी, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर विदेशी संपर्कों और राजनीतिक हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।

- मर्चेंट ने डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी

# यूपीएससी की 301वीं रैंक पर 'दो आकांक्षा, एक रोल नंबर से उलझा मामला

- ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और गाजीपुर की उम्मीदवार के बीच ठनी; सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड वायरल

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के साथ ही एक अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया है। मामला 301वीं रैंक को लेकर है, जिस पर दो अलग-अलग राज्यों की महिला उम्मीदवारों ने अपना दावा ठोक दिया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों का नाम आकांक्षा सिंह है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दस्तावेजों में उनके अनुक्रमांक भी एक ही दिखाई दे रहे हैं।

**दादाजी का सपना पूरा किया :** विवाद की एक धुरी बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह हैं। वह प्रतिबंधित 'रणवीर सेना' के संस्थापक ब्रह्मेश्वर सिंह 'मुखिया' की पोती हैं। शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे दादाजी का सपना था। तैयारी के दौरान मैंने रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। बिहार के गलियारों में उनकी सफलता की खबरें तेजी से फैलीं, लेकिन जल्द ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे।

**मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल हुआ :** दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने फेसबुक पर अपना असली पहचान पत्र और इंटरव्यू का ई-समन साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनकी रैंक और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजीपुर की आकांक्षा के दस्तावेजों में नाम और अनुक्रमांक तो वही है जो बिहार की आकांक्षा के बताए जा रहे हैं, लेकिन दोनों के पिता के नाम अलग-अलग हैं।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार बढ़ाने की फिराक में : रूस

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने अमेरिका की परमाणु नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और भविष्य में अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है। रयाबकोव ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन की मंशा अब किसी भी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहने की नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहा है जिससे वह अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता का विस्तार कर सके। रूस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों महाशक्तियों के बीच 'न्यू स्टार्ट' जैसी महत्वपूर्ण परमाणु संधियां पहले ही खतरे में हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश के साथ विश्वासघात : राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देश के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के परिणाम भारत के मध्यम और निम्न वर्ग के लिए विनाशकारी होंगे।

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में निकाली गई राज्यव्यापी 'पुथुयुग यात्रा' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह समझौता सीधे तौर पर भारत के कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। इस व्यापार समझौते से हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जबकि इसका लाभ केवल चुनिंदा बड़े कॉरपोरेट्स को मिलेगा। केरल में कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही इस यात्रा के समापन पर राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों और समझौतों के जरिए देश के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। इससे यहां की जनता को बड़ा नुकसान होने जा रहा है।

- समझौता सीधे तौर पर कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा

# ईरान में नए 'सुप्रीम लीडर' की तलाश तेज, दिग्गज धर्मगुरुओं ने की जल्द चयन की मांग

- खामेनेई की मौत के बाद बढ़ी हलचल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से प्रक्रिया तेज करने की अपील

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन के ठीक एक सप्ताह बाद, देश की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था में नए उत्तराधिकारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। शनिवार को ईरान के कई शीर्ष धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर मांग की है कि देश की स्थिरता के लिए जल्द से जल्द नए 'सुप्रीम लीडर का चुनाव किया जाए।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आयतुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने शनिवार को एक विशेष बयान जारी कर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स (विशेषज्ञों की परिषद) से इस मामले में तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है। शिराजी के अनुसार, नए नेता का चयन जल्द होने से न केवल देश की शासन व्यवस्था बेहतर ढंग से चलेगी, बल्कि ईरान की राष्ट्रीय एकता भी और अधिक मजबूत होगी। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। इसमें 88 धार्मिक विद्वान शामिल होते हैं, जिनका काम सर्वोच्च नेता का चयन करना, उनकी निगरानी करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें पद से हटाना होता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह चयन? :** ईरान इस समय क्षेत्र में भारी तनाव और आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सर्वोच्च नेता का पद खाली रहना देश के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

### कौन होगा ईरान का अगला सुप्रीम लीडर

ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सामने नए सर्वोच्च नेता का चयन एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक गलियारों में इन तीन नामों की सबसे अधिक चर्चा है:

**मोजतबा खामेनेई :** आयतुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे। इनका प्रभाव सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर बहुत मजबूत माना जाता है। हालांकि, वंशवाद के आरोपों से बचने के लिए परिषद हिचकिचा सकती है।

**अलीरेजा अराफी :** एक बेहद प्रभावशाली धर्मगुरु और ईरान के मदरसा केंद्रों के प्रमुख। इन्हें रूढ़िवादी गुटों का समर्थन प्राप्त है और वे शासन व्यवस्था में गहरे पैठ रखते हैं।

**हसन रूहानी :** पूर्व राष्ट्रपति। हालांकि वे उदारवादी माने जाते हैं, लेकिन परिषद के भीतर उनकी वरिष्ठता उन्हें एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।

## तेलंगाना में 130 माओवादियों ने मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नक्सली आंदोलन को एक बड़ी चोट पहुँचाते हुए शनिवार को 100 से अधिक नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कुल 130 माओवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे। जब्त किए गए हथियारों में एक इनसास एलएमजी, 31 एके-47 राइफल, 21 इनसास राइफल, 20 एसएलआर, 18 .303 राइफल और 33 अन्य घातक हथियार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हथियार डालने वालों का स्वागत किया और उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा से जोड़ने का भरोसा दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें तीन राज्य समिति सदस्य, 10 संभागीय समिति सदस्य, 46 क्षेत्रीय समिति सदस्य और 70 सक्रिय पार्टी सदस्य शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष कैडर का आत्मसमर्पण संगठन की टूटती कमर को दर्शाता है।

- नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए अनुबंधों हो सकते हैं।

**तुला** — आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृष** — आज का दिन रिटेल व्यवसायियों के लिए शुभ है। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। राजनीति से जुड़े मामलों में रुचि ले सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज चुनौतियों का सामना डटकर करें। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। देवी की उपासना करने से मन शांत होगा।

**मिथुन** — आज दोपहर के बाद आपके काम बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन प्राप्त होने वाला है। पैतृक कारोबार में उन्नति होगी।

**धनु** — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा।

**कर्क** — आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**मकर** — आज आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

**सिंह** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर में बिन बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।


**कुंभ** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

**कन्या** — आज निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। घरेलू सामान खरीद सकते हैं।

**मीन** — आज व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वियों से परेशान रहेंगे। कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 21.10 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 13.31 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### सुडोकू -82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

## अमेरिका को दो टूक

## जयशंकर का वर्ल्ड ऑर्डर : 'भारत का उदय किसी की खैरात नहीं, इसे रोकना अब नामुमकिन

# न किसी की गलती, न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक कूटनीति के मंच 'रायसीना डायलॉग' से दुनिया को वह आइना दिखाया, जिसकी कल्पना शायद महाशक्तियों ने नहीं की थी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ द्वारा भारत को आर्थिक लाभ न देने की धमकी भरे बयान पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने दो टूक कहा कि भारत का उत्थान अब रोका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 21वीं सदी का भारत अपनी प्रगति की दिशा खुद निर्धारित करेगा और वह किसी दूसरे देश के एजेंडे पर नहीं चलेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि देशों का उत्थान उनके अपने संकल्पों और राष्ट्रीय शक्ति से होता है।



उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। हम अपनी शक्तियों के आधार पर अपने विकास की दिशा तय करेंगे, न कि दूसरों की 'गलतियों' या संकीर्ण सोच के आधार पर। यह प्रहार सीधा उन देशों पर था जो भारत की तुलना चीन से करके उसे नियंत्रित करने का सपना देख रहे हैं।

जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा जैसे विदेशी सैन्य अड्डों का सीधा नाम लेते हुए कहा कि भारत इन गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर भारत कोई समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही आर्थिक गलतियां नहीं दोहराएगा जो उसने 20 साल पहले चीन के साथ की थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को इतना बड़ा बाजार नहीं बनने देगा कि वह भविष्य में उसे टक्कर दे।

### ईरान को पनाह, अमेरिका को कड़ा संदेश

केवल शब्दों से ही नहीं, भारत ने अपने साहसी फैसलों से भी दुनिया को चौंका दिया। हिंद महासागर में बढ़ते तनाव के बीच, जहाँ अमेरिकी पनडुब्बियों और ईरानी युद्धपोतों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, भारत ने ईरानी नौसैन्य पोत 'आइरिस लावन' को कोच्चि में डॉकिंग की मंजूरी देकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि 1 मार्च को मिली ईरानी अपील पर भारत ने तुरंत कार्रवाई की और 4 मार्च को पोत कोच्चि पहुँचा। वर्तमान में पोत के 183 चालक दल के सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के सुरक्षित परिसरों में ठहराया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबो दिया था।

### जो साथ चलेंगे, फायदा उन्हीं का होगा

विदेश मंत्री ने अंत में वैश्विक समुदाय को वास्तविकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के उदय में चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ा ऑफर भी दिया। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ मिलकर काम करेंगे, उन्हें इस उदय का सबसे अधिक लाभ मिलेगा।" यानी भारत अब केवल बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा पावरहाउस है जो अपने साथ चलने वालों की तकदीर बदल सकता है।



“रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। मुझे लगता है उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है।

-पीयूष चावला

स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 8 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### लक्ष्य सेन ने लाई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पैर में दर्दनाक छाले और मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते हुए शनिवार को यहां कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। अब वह इस बड़े खिताब के लिए भारत का 25 साल का इंतजार खत्म करने से महज एक जीत दूर हैं। यह मैच लक्ष्य के करियर के सबसे अच्छे मुकाबलों में से एक साबित हुआ। उन्होंने एक घंटे 37 मिनट तक चले संघर्ष में 21 साल के लाई पर 21-16, 18-21, 21-15 से जीत हासिल की जिन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। लक्ष्य 2022 चरण में उप विजेता रहे थे जिससे यह उनका दूसरा ऑल इंग्लैंड फाइनल होगा। भारत अल्मोड़ा के 24 साल के खिलाड़ी का सामना अब रविवार को फाइनल में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा।

### रोनाल्डो की चोट गंभीर, खेलना संदिग्ध

**रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे।

# भारत के पास इतिहास रचने का तिहरा मौका

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर आज : न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पाना होगा पार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का ख़िताब अपने नाम करने का मौक़ा है। अगर भारत यह कारनामा करने में सफल हो जाता है तो भारत टी20 विश्व कप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम होगा। भारत के पास यह सुनहरा मौका घर पर है जहां दो वर्ष पहले ही भारत एक अन्य विश्व कप ख़िताब अपने नाम करने से चूक गया था।

न्यूज़ीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी।

अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूज़ीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम 'परफेक्ट' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूज़ीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है।

सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूज़ीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूज़ीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा अहमदाबाद का सरदार होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### अभिषेक-वरुण की जगह रिंकू-कुलदीप के खुल सकते दरवाजे



भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट फाइनल से पहले कुछ बड़े तकनीकी बदलाव कर सकते हैं। एक विकल्प अभिषेक शर्मा की जगह रिंकू सिंह को शामिल करना हो सकता है। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट में एक जबरदस्त ओपनर के तौर पर नाम कमाया है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका फॉर्म खराब रहा है। उनके हालिया प्रदर्शन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 गेंदों में 10 और ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 गेंदों में 30 रन शामिल हैं, जिससे उनके सात मैचों में 12.71 की औसत से सिर्फ 89 रन बने हैं। इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं। रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39.12 के एवरेज और 155.74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के भी शामिल है।



न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है। एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है। वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था। इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6.95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने और टर्निंग कंडीशन का फायदा उठाने की कुलदीप की काबिलियत अहमदाबाद की पिच पर एलन जैसे न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ फायदेमंद साबित हो सकती है। अगर भारत ये बदलाव करने का फैसला करता है, तो इस कदम से टीम में ज्यादा बैलेंस आ सकता है, जिसमें पावर-हिटिंग के साथ टाइट बॉलिंग कंट्रोल का मेल होगा।





### खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी : सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, पर अपने तरीके से। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो उनका व्यक्तित्व अलग नजर आता है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी।
- न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड 2019 के वनडे विश्व कप, 2021 के टी20 विश्व कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा लेकिन तीनों मौकों पर उसे हार का सामना करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड ने 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक आठ आईसीसी फाइनल खेले हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ एक (2021 में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) ही जीत सका है।
- न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे। फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

### अगरकर के तीन साल : आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी।



अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजी करते जसप्रीत बुमराह। एजेंसी

# करोड़ों भारतीयों के तोड़ देंगे दिल : सैंटनर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। सैंटनर ने कहा हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए। सैंटनर ने कहा विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है।

**माइंडगेम**



### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' थे। लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा हमें पता था कि बुमराह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह स्पष्ट रूप से एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन सिर्फ वह ही नहीं, टीम के हर सदस्य ने अलग समय पर योगदान दिया है। जहां तक वरुण चक्रवर्ती का सवाल है तो उनके लिए यह टूर्नामेंट उनके मानकों के अनुसार खराब रहा है पर फिर भी सैंटनर मानते हैं कि फाइनल में यह गेंदबाज फिर कमाल कर सकता है।

# हार की कगार पर भारतीय महिला टीम

**पर्थ, एजेंसी**

- **टेस्ट मैच में सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में**

अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड ने शतकीय पारी खेलने के बाद दो विकेट भी चटकाए जिससे एकमात्र महिला दिन रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर मजबूत पकड़ बना ली। सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। सदरलैंड का यह पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।

इसके बाद मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत को दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट चटका दिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है और दिन का खेल खत्म होते समय प्रतिका रावल (43) के साथ स्नेह राणा (14) क्रीज पर मौजद है। बल्ले से कमाल करने के बाद सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के अहम विकेट चटकाये। सदरलैंड ने पहले बल्ले से भारत पर दबदबा कायम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की शॉर्ट-पिच गेंद को विकेटकीपर ऋचा घोष के ऊपर से बाउंड्री लगाकर 133 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। आठ टेस्ट में लगभग 90 की औसत रखने वाली इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा की स्पिन के खिलाफ उन्होंने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार ड्राइव लगाए जबकि क्रांति गौड़ की फुल लेंथ गेंद पर बेहतरीन चौका जड़ा।

## आईसीसी चार्टर विमानों से रवाना होंगी रुकी हुई टीमें

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

**बदलाव** | रग्बी और फुटबॉल के मिश्रण से गेंद के खेल को कहा जाता है डॉनी बॉल

# न्यूजीलैंड ने 'डॉनी बॉल' खेलकर कम किया तनाव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारंपरिक 'वार्म-अप एक्सरसाइज' अब लगभग बीते जमाने की बात हो गई है और खिलाड़ी अपने कौशल से जुड़े अभ्यास से पहले फुटबॉल या 'फुट वॉली' जैसे खेल खेलकर खुद को तैयार करते हैं। मेजबान और प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल से पहले न्यूजीलैंड की टीम ने भी नेट सत्र से पहले एक अनोखे और मजेदार खेल के साथ 'वर्म-अप' किया जिसमें राष्ट्रीय खेल रग्बी के साथ फुटबॉल का भी मिश्रण था।

इस खेल का नाम 'डॉनी बॉल' रखा गया है, जो काफी दिलचस्प है। यह नाम टीम के 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसे टीम के खिलाड़ियों के साथ ही शुरू किया था। इस खेल में तीन टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में पांच-पांच खिलाड़ी रहते हैं। खिलाड़ियों को एक चौकोर क्षेत्र के भीतर रहना होता है। हर टीम के पास एक रग्बी बॉल और एक फुटबॉल होती है। तीनों टीमों से एक-एक खिलाड़ी बारी-बारी से रग्बी बॉल और फुटबॉल को किसी भी दूसरी टीम की ओर किक करता है। अगर कोई खिलाड़ी रग्बी बॉल या फुटबॉल को पकड़ते समय लड़खड़ा जाता है या गेंद गिरा देता है तो उसे मैदान से बाहर जाना पड़ता है। अंत में जिस टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ी मैदान पर बचे रहते हैं, वही विजेता घोषित होती है। न्यूजीलैंड के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य ने पीटीआई को बताया हां, इसमें रग्बी और फुटबॉल दोनों को बिना लड़खड़ाए सीधे कैच करना होता है। इसे डॉनी बॉल कहा जाता है जो हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है।



### न्यूजीलैंड हारा तो उसे 'चोकर' का तमगा दिया जाना चाहिए : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि अगर न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में मेजबान भारत को नहीं हरा पाता, तो उसे 'चोकर्स' (अहम मुकाबलों में दबाव की चुनौती से निपटने में नाकाम रहने वाली टीम) का अवांछित तमगा मिलना चाहिए। स्टेन के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को हराना न्यजीलैंड के लिए लगभग नामुमकिन होगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार और अक्सर चोकर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत ने बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई में खेले गए बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को सात रन से हराया। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की तुलना में ज्यादा बार विश्व कप फाइनल खेले हैं और अगर वह रविवार को भी खिताब जीतने से चूक जाता है, तो चोकर्स का तमगा उसे दे देना चाहिए। स्टेन ने पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर उनसे बातचीत में कहा सच कहूं तो हर कोई दक्षिण अफ्रीका को चोकर्सकहता है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि न्यूजीलैंड ने भी ज्यादा विश्व कप नहीं जीते हैं और वे हमसे ज्यादा फाइनल खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड के लोग मेरी बातों का बुरा ना माने लेकिन इस बार जीत जाओ। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा नहीं तो मैं आधिकारिक तौर पर यह कार्ड (चोकर्स का तमगा) तुम्हें सौंप दूंगा, अब यह तुम्हारा है। मुझे न्यूजीलैंड पसंद है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे भारत को हरा पाएंगे।